सुप्रभात
रांची, गुरुवार
नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं!
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
HAPPY NEW YEAR
01.01.2026 | khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 169 | * * नगर संस्करण। पेज : 12

## न्यूज डायरी

### बोकारो में एक ही परिवार के तीन की संदिग्ध मौत

**बोकारो।** झारखंड में बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 ए में स्थित एक झुग्गी-झोपड़ी से बुधवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में पति-पत्नी कुंदन कुमार तिवारी (बिहार के बांका निवासी), उनकी पत्नी रेखा कुमारी और दो वर्षीय पुत्र श्रेयांश कुमार शामिल हैं। पति-पत्नी फंदे पर लटके मिले, जबकि बच्चा का शव कमरे के अंदर था।

### त्वरित दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने त्वरित दर्द से मुक्ति दिलाने वाली दवा निमेसुलाइड के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है और साथ ही इसके किसी भी 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा वाले मौखिक फॉर्मूलेशन की बिक्री पर भी रोक लगा दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। कहा गया है कि निमेसुलाइड के मानव शरीर पर विपरीत प्रभाव हो सकते हैं।

### विदेश जाते ही राहुल देश को करते हैं बदनाम : अन्नपूर्णा

**गिरिडीह।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो केंद्र की योजना या नीति का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि विरोध देश के अंदर होना चाहिए या फिर विदेश में? उन्होंने कहा कि देश के प्रति ऐसी आलोचना निश्चित तौर पर देश को कमजोर करने की कोशिश है।

### अस्तित्व के लिए मानवीय संवेदना जरूरी : भागवत

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि मानवीय संवेदनाओं के बिना अस्तित्व को बचाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि समाज की दिशा तय करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होती है। डॉ. भागवत ने यहां एम्स ऑडिटोरियम में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका, करियर के साथ सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक चेतना और 'पंच परिवर्तन' (सामाजिक समरसता, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन आदि) जैसे विषयों पर चर्चा की।

### तारिक रहमान को सौंपा पीएम मोदी का निजी पत्र

**ढाका।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्री रहमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक व्यक्तिगत पत्र भी सौंपा। श्री जयशंकर वहां पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार (सुपुर्द-ए-खाक) में शामिल होने पहुंचे थे। विदेश मंत्री ने बेगम खालिदा जिया के निधन पर भारत सरकार और भारतीय नागरिकों की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

## कार्टून कोना




## 2026 का गर्मजोशी के साथ स्वागत

झारखंड समेत पूरे देशभर में आतिशबाजी के साथ नये साल का स्वागत उत्साह और गर्मजोशी के साथ किया गया। 31 दिसंबर की रात प्रमुख क्लबों, होटलों, रिसॉर्ट्स में भीड़ उमड़ी। हर जगह न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं में नए साल को लेकर जबरदस्त जोश देखा गया। आज सुबह मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की जायेगी।



## छह अधिकारी आइपीएस रैंक में पदोन्नत, सीएम ने पहनाया बैज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नत छह पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पदोन्नत आईपीएस को विशेष बैज पहनाकर सम्मानित किया।



### 2026 के पहले दिन आज से कुछ बदलाव संभव, नये नियम होंगे जारी

# बढ़ सकती है सैलरी-पेंशन ब्याज दर में कमी के संकेत

**₹12 लाख तक की आय टैक्स फ्री होने का अनुमान, जनवरी से दिन में रेलवे रिजर्वेशन के लिए आधार जरूरी**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नये साल 2026 की शुरूआत से ही देशभर में कुछ नए नियम लागू हो रहे हैं, जिनका असर सीधे तौर पर आम आदमी की जिंदगी पर पड़ेगा। नए साल में केंद्रीय कर्मचारियां की सैलरी और रिटायर्ड लोगों की पेंशन बढ़ सकती है। यह बढ़ोत्तरी आठवां वेतन आयोग के लागू होने पर होगी। सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में कमी आयेगी। नये साल में कई बचत योजनाओं पर ब्याज घटने की संभावना है। वहीं 12 लाख की आमदनी टैक्स फ्री होने का अनुमान है।

### आठवां वेतन आयोग हो सकता है लागू



केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग लागू करने का ऐलान किया है। अभी टाइमलाइन नहीं बतायी गयी है लेकिन उम्मीद है कि यह पहली जनवरी 2026 से लागू हो सकता है। सरकार का कहना है कि इसका मकसद केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी, पेंशन और अलाउंस को रिवाइज करना है। इससे प्रत्यक्ष तौर पर करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और लगभग 69 लाख केंद्रीय पेंशनर्स को फायदा होगा। नए वेतन आयोग से केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन में 20 से 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

**क्रेडिट स्कोर में भी बड़ा बदलाव** : नए साल पर क्रेडिट स्कोर में भी बड़ा बदलाव होने जा रहा है। फिलहाल क्रेडिट स्कोर महीने में एक बाद अपडेट होता है, लेकिन 2026 से यह हर हफ्ते यानी हर 7 दिनों में अपडेट होगा। इससे ईएमआई समय से भरने का फायदा जल्द ही मिलेगा।

**आयकर रिर्टन के नए स्लैब से पैसा बचेगा** : वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फाइल करने पर अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। पहले ये लिमिट 7 लाख रुपए थी।

**आधार से लिंक नहीं तो पैन होगा निष्क्रिय** : पैन को आधार से लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2025 थी। अगर अभी तक पैन को आधार लिंक नहीं किया है तो पैन कार्ड एक जनवरी से निष्क्रिय हो जाएगा।

**नया सिस्टम किसान आईडी** : डिजिटल आईडी में किसानों की भूमि, फसल, आधार और बैंक आदि की जानकारी होगी। अगर यह आईडी नहीं है तो पीएम किसान योजना की 6,000 रुपए की सालाना मदद रुक सकती है।

**सीएनजी-पीएनजी की कीमत में कमी** : नए साल में वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और घरों में खाना बनाने के लिए उपयोग होने वाली पीएनजी की कीमतों में 2-3 रुपए प्रति यूनिट की कमी आ सकती है।

**स्मॉल सेविंग स्कीम्स के ब्याज में कटौती** : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया है। ऐसे में सरकारी बचत योजनाओं की दरें भी कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## हेमंत सरकार में इंफ्रा से लेकर मैनपावर तक बढ़ा

**उपलब्धि का वर्ष**

- केंद्र की हामी के बाद राजधानी में मेट्रो चलने की उम्मीद भी जगी



**सुधीर**

**रांची।** झारखंड के लिए वर्ष 2025 कई मायनों में पूर्व के सालों से बेहतर रहा है। वर्ष 2025 में राज्य की हेमंत सरकार ने न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया, बल्कि मैनपावर को भी बढ़ाने पर जोर दिया। इसके अलावा 2025 नियुक्तियों को वर्ष समर्पित रहा। इस साल जेपीएससी ने डिप्टी कलक्टर दिये तो जेएसएससी ने भी प्रखंडों में अधिकारी दिये। राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की गयी। आदिवासी बच्चों के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग शुरू की गयी। वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हेमंत सरकार ने वर्ष 2025 के मध्य में झारखंड के केबल सस्पेंशन ब्रिज बनाकर झारखंड के देश के मानचित्र पर खड़ा कर दिया।

355 करोड़ रुपये की लागत से बना यह ब्रिज राजधानी की शान बन गया है। इस ब्रिज के कारण सुजाता चौक को जाम से मुक्ति मिली तो कोकर, कांटाटोली और बूटी मोड़ जानेवाले लोगों को काफी राहत मिली। इसी तरह रातू रोड में बना फ्लाईओवर भी न सिर्फ रातू रोड बल्कि पलामू और गुमला की ओर से आनेवाले लोगों के लिए लाइफलाइन बन गया है।

(पेज 2 पर भी)


## दस जिलों में आज रहेगा घना कोहरा

**रांची।** राज्य के 10 जिलों में नये साल की पहली तारीख यानी एक जनवरी राज्य के 10 जिलों में घना कुहासे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के जिन जिलों में घना कुहासा छाने का अलर्ट जारी किया गया है उनमें दक्षिण-पूर्वी और उत्तरी जिले (देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, पलामू, गढवा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां) शामिल हैं। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद पुनः इसमें धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की बात कही है। इधर पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड का सबसे अधिक ठंडा पाकुड और सबसे सर्द रात गुमला की रही। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी।

### विस चुनाव से पहले कोलकाता में अहम बैठक

## विधानसभा चुनाव बंगाल के लिए निर्णायक : अमित शाह

**एजेंसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोलकाता के साइंस सिटी में पार्टी संगठन की एक अहम बैठक की। इस बैठक को चुनावी तैयारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमित शाह ने नेताओं से साफ कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बंगाल के लिए निर्णायक है और पार्टी को हर स्तर पर पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरना होगा। उन्होंने जमीनी हालात की समीक्षा करते हुए संगठन में तालमेल और अनुशासन पर विशेष जोर दिया। साइंस सिटी में हुई इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, संगठन पदाधिकारी और चुनावी रणनीति से जुड़े प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। माना जा रहा है कि इस बैठक के जरिए अमित शाह ने संगठन को चुनावी मोड में लाने का स्पष्ट संकेत दे दिया है।

### डीआरडीओ ने एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइल का किया परीक्षण

## पाकिस्तान के 10 बड़े शहर निशाने पर हजार किलो बारूद ले जाने में सक्षम!

**एजेंसी**

**मिसाइल की रफ्तार 7500 किमी प्रति घंटा**



**बालासोर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओड़िशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टू बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गयीं। मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान मानक पूरे किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण सुबह करीब 10:30 बजे किया गया। बता दें कि 7500 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर और भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद और सुक्कुर को अपना निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है।

**पहले भी हो चुका है सफल परीक्षण**

इससे पहले डीआरडीओ ने 28-29 जुलाई को ओडिशा तट पर ही प्रलय मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए थे। ये परीक्षण सेना और वायुसेना के उपयोग की जांच के तहत हुए थे। स्वदेशी तकनीक से विकसित इस आधुनिक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइलों को जल्द भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया जायेगा।



# अबुआ सरकार दे रही है राज्य की बेटियों को नयी उड़ान

- झारखंड में बेटियों की पढ़ाई को मजबूती, सावित्रीबाई फुले योजना बनी सहारा
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लाखों बालिकाएं हो रहीं सशक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की अबुआ सरकार राज्य की बेटियों को नयी उड़ान दे रही है। अबुआ सरकार किशोरियों और महिलाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, ताकि झारखण्ड एक स्वस्थ, सशक्त और समावेशी प्रदेश के रूप में आगे बढ़ सके। इसी सोच को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में झारखण्ड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की गयी।

इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत स्कूल में अध्ययनरत पात्र किशोरियों को कक्षा आठवीं से बारहवीं तक चरणबद्ध रूप से कुल 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे और आर्थिक बाधाओं के कारण कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न हो। इस योजना का उद्देश्य न केवल शैक्षिक भागीदारी बढ़ाना है, बल्कि बाल विवाह, बाल श्रम और लैंगिक असमानता जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए किशोरियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करना भी है।




**करोड़ों की सहायता, लाखों लाभार्थी :** समाज कल्याण निदेशालय, महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,28,332 बालिकाओं को कुल 344 करोड़ 80 लाख रुपये दिये गये। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,18,272 बालिकाओं को 365 करोड़ 98 लाख रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,38,687 बालिकाओं को 368 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।

**ऑनलाइन पोर्टल से पारदर्शी प्रक्रिया :** वर्तमान वित्तीय वर्ष से आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाने के लिए आवेदन सीधे विद्यालयों के माध्यम से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के आधिकारिक पोर्टल पर कराया जा रहा है। इससे लाभार्थियों के चयन, दस्तावेजों के सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। भुगतान की पूरी जानकारी, अस्वीकृत आवेदनों के कारण एवं आवश्यक सुधार संबंधी सूचनाएं संबंधित विद्यालयों के साथ साझा की जा रही हैं, ताकि किसी भी बालिका को योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े।

**योजना की वर्तमान स्थिति :** इस वित्तीय वर्ष में अब तक 5,92,308 बालिकाओं के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,97,006 बालिकाओं को 71 करोड़ 76 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष लाभार्थियों के भुगतान की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस वर्ष कुल 270 करोड़ रुपये व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अबुआ सरकार की यह योजना झारखण्ड की बेटियों के लिए न केवल आर्थिक सहयोग है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम भी है। आठवीं से बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत सभी पात्र बालिकाओं से अपील है कि वे अपने विद्यालय के माध्यम से शीघ्र आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं और शिक्षा व सशक्तिकरण की नई उड़ान भरें।

**ऐसे करें संपर्क :** अधिक जानकारी या आवेदन संबंधी सहायता के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक/बीईईओ अथवा प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# झारखंड के प्रखंडों में नये साल के पहले हफ्ते में लगेगा स्वास्थ्य मेला

## 6-10 जनवरी तक 264 प्रखंडों में मुफ्त जांच और इलाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नये साल में 6 से 10 जनवरी 2026 तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राज्य के 264 प्रखंडों में सीएचसी और पीएचसी स्तर पर लगाया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।



### मेले में टीबी, मलेरिया और परिवार नियोजन की मिलेगी जानकारी

अभियान निदेशक ने बताया कि मेले के दौरान टीबी, मलेरिया, परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों की मुफ्त जांच और दवा का वितरण किया जाएगा। मेले में आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बनाए जाएंगे और पात्र लाभुकों को वितरित किए जाएंगे। आयुष पद्धति से जुड़ी जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

### बीपी-शुगर के साथ बंटेगा चश्मा

उन्होंने कहा कि मेले में बीपी और शुगर की जांच, आंखों की जांच और जरूरतमंदों को चश्मा वितरण की व्यवस्था रहेगी। सभी कैंप में सिकल सेल स्क्रीनिंग और ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य केंद्रों की उचित ब्रांडिंग करने और विभिन्न सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री को प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया गया।

### प्रखंड स्वास्थ्य मेला की पूरी रूपरेखा तय

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के सभागार से आयोजित की गई। इस दौरान राज्य टीबी पदाधिकारी डॉ कमलेश ने जिलों के साथ टीबी कार्यक्रम की समीक्षा की। वहीं, नोडल आईसी ऑफिसर डॉ लाल माझी ने प्रखंड स्वास्थ्य मेला की पूरी रूपरेखा की जानकारी दी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के सिविल सर्जन, एसीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी, ब्लॉक स्तर के मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य पदाधिकारियों के अलावा राज्य स्तर से आईसी और डाटा सेल के परामर्शी भी मौजूद थे।

# खेल उत्कृष्टता को नयी गति : झारखंड में उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 53 पदों पर भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर और वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में झारखंड सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। झारखंड खेल प्राधिकरण की ओर से राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों के संचालन और सुदृढ़ीकरण के लिए 53 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। यह पहल कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में की जा रही है। सरकार का उद्देश्य राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। उत्कृष्टता केंद्रों में आधुनिक प्रशिक्षण, पेशेवर कोचिंग और समग्र सहयोग प्रणाली विकसित की जा रही है, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

भर्ती प्रक्रिया के तहत खेल प्रशिक्षण और सहयोग से जुड़े विभिन्न तकनीकी व सहायक पदों को शामिल किया गया है। इनमें हेड कोच के 8 पद, कोच के 9 पद, सहायक कोच के 5 पद, फिजियोथेरेपिस्ट के 7 पद, न्यूट्रिशनिस्ट के 4 पद, मसाजर के 9 पद तथा वार्डन के 11 पद शामिल हैं। इन पदों की योजना इस प्रकार की गई है कि प्रत्येक उत्कृष्टता केंद्र में योग्य और प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। सरकार का मानना है कि इन नियुक्तियों से खिलाड़ियों के विकास, चोट की रोकथाम, रिकवरी, पोषण प्रबंधन और अनुशासित आवासीय देखरेख के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार आएगा और खिलाड़ियों को समग्र सहायता मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में झारखंड सरकार ने खेल अवसंरचना के विकास, प्रतिभा पहचान और खिलाड़ी कल्याण के क्षेत्र में लगातार निवेश किया है। राज्य भर में उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना और उन्हें सुदृढ़ करने की यह पहल झारखंड को देश के अग्रणी खेल केंद्रों में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

यह भर्ती न केवल उत्कृष्टता केंद्रों की संचालन क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि खेल से जुड़े पेशेवरों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। सरकार का लक्ष्य युवाओं को सशक्त बनाना और खेल आधारित विकास को बढ़ावा देना है। झारखंड सरकार ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी। खिलाड़ियों और खेल प्रतिभाओं को निरंतर सहयोग देकर राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक खेल मंच पर नई पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# आकांक्षा में कोचिंग करनी है तो 16 जनवरी तक करें अप्लाई

- झारखंड आकांक्षा परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड अकादमिक काउंसिल (जेक) ने वर्ष 2026 में होने वाली आकांक्षा परीक्षा के लिए परीक्षा पैटर्न और अंक वितरण स्पष्ट कर दिया है। दाखिले के लिए ऑनलाइन भी आवेदन शुरू हो गया है। अभ्यर्थी जैक की वेबसाइट पर जाकर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। यह परीक्षा इंजीनियरिंग, मेडिकल और क्लैट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए आयोजित की जाएगी। इस आकांक्षा परीक्षा का आवेदन प्रपत्र परिषद के वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा किया जा रहा है। ऑनलाइन जमा करने की तिथि 30 दिसंबर से शुरू हो चुकी है और 16 जनवरी तक 2026 तक भरा जाएगा। जारी विवरण के अनुसार, आकांक्षा परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी और सभी उत्तर डटफशीट पर दिए जाएंगे। प्रत्येक विषय में 40 प्रश्न पूछे जाएंगे और हर विषय के लिए कुल 40 अंक निर्धारित किए गए हैं।

इंजीनियरिंग आकांक्षा परीक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और मानसिक योग्यता परीक्षा (एमएटी) शामिल होगी। चारों विषयों में समान रूप से 40-40 अंक निर्धारित हैं।मेडिकल आकांक्षा परीक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और एमएटी से प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी विषयों का पूर्णांक 40-40 अंक होगा। वहीं, क्लैट आकांक्षा परीक्षा में अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन और मानसिक योग्यता परीक्षा शामिल रहेगी। इन सभी विषयों में भी 40 प्रश्न और 40 अंक निर्धारित किए गए हैं।यह परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी एवं ओएमआर उत्तर पत्रक पर ली जाएगी। प्रवेश पत्र निर्गत करने की तिथि एवं परीक्षा की तिथि बाद में प्रकाशित की जायेगी।

## रामकृपाल सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : चैंबर



**रांची।** झारखंड चैंबर ने बिल्डर रामकृपाल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन केवल उनके परिवार या संस्था के लिए नहीं, बल्कि झारखंड व देश के निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कठिन परिश्रम, दूरदृष्टि व मजबूत नेतृत्व के बल पर प्रतिष्ठित कंपनी बनायी। इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके द्वारा सृजित रोजगार और स्थापित मूल्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi – 834001, Jharkhand
Phone: +91 651 2225878 | Email: juidcolimited@gmail.com

**Name of Work:** Resurfacing / Refurbishing work of Road from Airport to Hinoo Chowk in Ranchi, Jharkhand
**NIT No.:** JUIDCO/NIT/A to H/Road/RNC/672
**Tender ID:** 2025_UDD_105976_1
**PR No.:** 364298

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

It is hereby informed that the minimum required number of technically responsive bids could not be received against the above-mentioned tender. Accordingly, the present call of tender is hereby cancelled.

The bidders are requested to await further communication, if any, regarding the tender for the said work.

Sd/-
**Project Director (Technical)**
PR 369796 Urban Development (25-26)_D **JUIDCO Ltd.**

# राज्य सरकार के लिये नियम-कानून नहीं रखता कोई मायने : बाबूलाल

- नये डीजीपी की नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को दिखाया आईना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नये डीजीपी की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुये कहा कि बधाई इस बात के लिये कि आपने बता दिया है कि नियम, कानून, संविधान, न्यायालय आपके लिये कोई मायने नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में जंगल राज चलाने वालों में अपना नाम सबसे उपर लिखाने के लिये मुख्यमंत्री चाहें तो सुप्रियो भट्टाचार्य को भी डीजीपी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानून, संविधान, न्यायपालिका की परवाह भले ही मुख्यमंत्री नहीं करें। लेकिन, भगवान से जरूर डरें। उन्होंने कहा ईश्वर के घर देर है, अंधेर नहीं। वो सब देख रहा है। उसकी लाठी चलती है तो आवाज नहीं होती है, पर चोट बहुत लगता है। उन्होंने कहा कि नये साल में नये संघर्ष की शुरूआत होगी।

# कांग्रेस पार्टी गांव, गरीब, किसान विरोधी : आदित्य साहू

- भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि जीरामजी योजना के पक्ष में अभियान चलायेगी भाजपा
- आगामी 8 से 10 जनवरी तक सभी मंडलों में करेंगे सभा, गोष्ठी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पाटी गांव, गरीब व किसान विरोधी है। श्री साहू बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब मनरेगा में फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजी राम जी योजना का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में मनरेगा भ्रष्टाचार, लूट का केंद्र बन गया था। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में 24 करोड़ के गबन उजागर होने पर कैसे एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को जेल जाना पड़ा। झारखंड के लगभग सभी जिलों में मनरेगा में घोटाले उजागर हुये हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना में 193.67 करोड़ रुपये का गबन दर्ज किया गया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में पश्चिम बंगाल के 19 जिलों सहित 23 राज्यों की निगरानी में कागजों पर ऐसे कार्य दिखाये गये।

उन्होंने कहा कि भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, यह अधिनियम 20 वर्ष पुराने मनरेगा का विकसित और बड़ा मॉडल है। यह विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिये ग्रामीण श्रमिकों को पहले 100 दिन के बदले अब 125 दिन के कार्य दिवस की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता नये अधिनियम की खूबियों को जनता के बीच लेकर जायेंगे। और कांग्रेस के दुष्प्रचार का पर्दाफाश करेंगे। आगामी 8 से 10 जनवरी तक भाजपा कार्यकर्ता सभी मंडलों में जीरामजी योजना की विशेषताओं को बतायेंगे। जनता को कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार के खिलाफ जागरूक करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, रमाकांत महतो उपस्थित थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/A to H/Road/RNC/682 Date- 31.12.2025
**(2nd call)e-Procurement (Short Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Resurfacing/ Refurbishing work of Road from Airport to Hinoo Chowk in Ranchi Jharkhand. |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 9,65,17,858.00/- (Rupees Nine Crore Sixty-Five Lakhs, Seventeen Thousand, Eight Hundred Fifty-Eight) only. |
| 4 | Time of Completion | 06 Months |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only. **Non-Refundable.** Bid Security: Rs 9,66,000.00/- (Rupees Nine Lakhs Sixty-Six Thousand) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.01.2026 at 15:00 Hrs. |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 08.01.2026 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 09.01.2026 at 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd, Ranchi**
PR 369802 (Urban Development)25-26*D

# झारखंड को डिप्टी कलेक्टर से लेकर शिक्षक और सीआई तक मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के लिए वर्ष 2025 काफी बेहतर रहा। 2025 को विकास का वर्ष कहा जा सकता है। इस साल न सिर्फ विकास बल्कि नियुक्ति समेत अन्य क्षेत्रों में भी झारखंड के युवाओं ने अपने राज्य का मान बढ़ाया है। यह साल नियुक्तियों पर फोकस रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में 1927 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें 847 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, 191 प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, 249 प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, 170 श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, 178 अंचल निरीक्षक, 288 कनीय सचिवालय सहायक और 4 प्लानिंग अस्सिटेंट शामिल हैं।

29 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 10,000 सहायक आचार्यों और अन्य पदों के लिए नियुक्ति पत्र बांटे, जो उनके दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के अवसर पर था।

16 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री ने 301 सहायक आचार्यों (गणित-विज्ञान और इंटरमीडिएट प्रशिक्षित) को जेएसएससी के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे।

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) 11वीं से 13वीं सिविल सेवा नियुक्ति परीक्षा में अनुशंसित 342 में से 197 अभ्यर्थियों को 28 नवंबर को नियुक्ति पत्र दिया गया। उन्हें राज्य सरकार द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र दिये गये। इनमें 10 अभ्यर्थियों को छोड़ कर फिलहाल नियुक्ति पत्र बांट दिया गया है।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में कीर्तिमान :** रांची सदर अस्पताल को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 5 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।

वर्ष 2025 पर सिल्वर जुबली जश्न झारखंडवासियों के लिए गर्व से भरा हुआ था। आने वाले सालों में ये उपलब्धियां प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। राज्य सरकार और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से झारखंड विकास की नई कहानी लिख रहा है।

नवंबर में झारखंड ने अपनी स्थापना के 25 साल पूरे किए।

## हर क्षेत्र में झारखंड को सफलता, रजत जयंती वर्ष मनाकर किया झारखंड को गौरवान्वित

रांची में आयोजित प्रदर्शनी और मैराथन ने राज्य की उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने पेश किया। यह उत्सव राज्यवासियों की एकजुटता का प्रतीक बना।

झारखंड क्रिकेट टीम ने 18 सीजन में पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। कप्तान ईशान किशन के नेतृत्व में टीम ने छह लगातार मैच जीतकर नॉकआउट में जगह बनाई और खिताब अपने नाम किया। यह राज्य के क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा पल था।

रांची की 14 वर्षीय अनुष्का कुमारी भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम में चुनी गईं। रअत्रक्क व 17 चैंपियनशिप में 7 मैचों में 10 गोल दागकर उन्होंने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार जीता। एक दिहाड़ी मजदूर की बेटी की यह उपलब्धि प्रेरणादायक है।

साल 2025 को झारखंड के इतिहास में आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर सबसे सफल वर्ष के रूप में दर्ज किया गया है। राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों (उफ्छत्रक्र) के साझा प्रयासों से कई ऐसे क्षेत्रों को 'नक्सल मुक्त' घोषित किया गया है, जो दशकों से अभेद्य माने जाते थे। बूढ़ा पहाड़, लुगू हिल्स, पारसनाथ और बुलबुल जैसे इलाकों को माफिया और नक्सलियों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त करा लिया गया है। अक्टूबर में झारखंड ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल इवेंट्स होस्ट किए, जिसमें रणजी ट्रॉफी में नागालैंड पर बड़ी जीत शामिल है। इससे राज्य खेल हब के रूप में उभरा।

दिसंबर में झारखंड ने ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट 2025 का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक आदिवासी उद्यमी शामिल हुए। यह राज्य की आर्थिक प्रगति और आदिवासी सशक्तिकरण का प्रतीक बना। दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज में रानी लक्ष्मीबाई जयंती 2025 का आयोजन हुआ, जो राज्य का सबसे बड़ा लड़की-केंद्रित सांस्कृतिक इवेंट था। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। गिरिडीह के युवा एथलीटों ने रअअत्रगेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। खासकर 'आरंभ' पहल के तहत तीन एथलीटों ने राज्य को गौरवान्वित किया।

विवेक विद्यालय की टीम ने 25वीं सब जूनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। यह स्कूल स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रमाण है।

झारखंड आर्म्ड पुलिस की कांस्टेबल सरोज छेत्री ने एथलेटिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह सुरक्षा बलों की खेल क्षमता को दशार्ता है। अबुआ आवास योजना में दिसंबर 2025 तक 3.50 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाकर सौंपे गए। कैबिनेट ने पेसा कानून को मंजूरी दी, जिससे ग्राम सभाओं को जल, जंगल और जमीन पर कानूनी अधिकार मिला।

नया बुनियादी ढांचा के तहत रांची में 'रवींद्र भवन' (सांस्कृतिक केंद्र) और दो बड़े नए फ्लाईओवर्स का उद्घाटन हुआ। इससे शहर की सूरत बदल गई।

Government of Jharkhand
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Renovation work for Academic & Admin Block at ASTVS Zila School Campus, Ranchi. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 15.01.2026 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only.

Ref. No.: **JEPC/CIV/03/2099/2025/6611** Ranchi, Date: -30.12.2025
Sd/-
**State Project Director**
PR 369732 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D **Jharkhand Education Project Council**

सुप्रभात
गुरुवार 01.01.2026
धनबाद, वर्ष 02, अंक 286
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

# आय से अधिक संपत्ति मामले में दूसरे दिन भी एसीबी की दबिश जारी, मोटोजेन शोरूम में दस्तावेज खंगाला

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के काशीटांड़ स्थित मोटोजेन शोरूम और पंडुकी स्थित एचएन मोटर्स में बुधवार को लगातार दूसरे दिन छापेमारी जारी रही। रांची और धनबाद एसीबी की संयुक्त टीम शोरूम के भीतर वित्तीय दस्तावेजों और निवेश से जुड़े कागजातों की सघन जांच कर रही है।

**जांच के मुख्य बिंदु, दस्तावेजों की स्क्रूटनी :** टीम शोरूम के पिछले कुछ वर्षों के टर्नओवर, निवेश और बैंक खातों से संबंधित कागजातों की जांच कर रही है। कर्मचारियों से पूछताछः शोरूम में मौजूद स्टाफ और मैनेजरों से वित्तीय लेन-देन और मालिकाना हक के संबंध में पूछताछ की गई है। सुरक्षा घेराः छापेमारी के दौरान शोरूम परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

## राज्यभर में 7 ठिकानों पर रेड

यह पूरी कार्रवाई केवल धनबाद तक सीमित नहीं है। आय से अधिक संपत्ति के इस बड़े मामले में मंगलवार शाम को धनबाद सहित राज्य के सात अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की गई थी। सूत्रों का कहना है कि जब्त किए गए दस्तावेजों से बड़े पैमाने पर बेनामी संपत्ति और अवैध निवेश के खुलासे होने की उम्मीद है।

## स्निग्धा सिंह के ठिकानों पर दबिश

जांच के केंद्र में स्निग्धा सिंह हैं, जो इन शोरूम की निदेशक बताई जा रही हैं। स्निग्धा सिंह, चर्चित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के कथित सहयोगी विनय सिंह की पत्नी हैं। एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में उन्हें आरोपी बनाया है, हालांकि वह फिलहाल फरार चल रही हैं। मंगलवार देर शाम से शुरू हुई यह कार्रवाई बुधवार को भी पूरे जोर-शोर से जारी रही। टीम ने टाटा मोटर्स और महिंद्रा से जुड़े कुल छह शोरूमों में दबिश दी है, जिसका नियंत्रण स्निग्धा सिंह के पास होने की सूचना है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में कार्यकारिणी और कार्यसमिति सदस्य का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता







**धनबाद।** देश के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांतीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। इस नई कार्यसमिति में संगठन के सक्रिय और समर्पित कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। इसी क्रम में अंशु तिवारी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का नवनिर्वाचित प्रांत कार्यसमिति सदस्य चुना गया है। जबकि विक्की ठाकुर एवं प्रियंका गोराई को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया है।

यह घोषणा हाल ही में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन एवं संगठनात्मक बैठक के दौरान की गई। जिसमें छात्रहित के लिए किए गए कार्य, संगठन के प्रति निष्ठा और राष्ट्रनिर्माण में योगदान को आधार बनाकर दायित्वों का वितरण किया गया। अंशु तिवारी, विक्की ठाकुर एवं प्रियंका गोराई लंबे समय से अभाविप के मंच के माध्यम से शैक्षणिक, सामाजिक एवं राष्ट्रवादी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर अभाविप के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन से जुड़े नेताओं ने तीनों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और सक्रियता से छात्रहित के मुद्दों को और मजबूती मिलेगी तथा शिक्षा सुधार, छात्र अधिकार और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को नई दिशा प्राप्त होगी।

स्पीड न्यूज

## एमजीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह सम्पन्न



**महुदा।** एमजीएम पब्लिक स्कूल चरकीटांड में बुधवार को वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महुदा थाना प्रभारी ललित रंजन भगत, पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो एवं मुखिया सूर्यकांत महतो ने संयुक्त रूप से किया। खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, थ्री लेग रेस, रिले रेस, 100 मीटर दौड़ (लड़का-लड़की), रस्साकशी, जलेबी रेस, मेढ़क रेस, बैडमिंटन, स्लो साइकिल और बोरा रेस जैसे विविध खेलों में भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र कुमार महतो ने किया।विद्यालय के सचिव अजय कुमार महतो, प्रधानाचार्य प्रेम कुमार महतो सहित उत्तम कुमार महतो, गौतम कुमार महतो, सचिन कुमार महतो, गुलाम जाफर, अनुज कुमार महतो, शमीम अंसारी, गोविन्द महतो, ठाकुर प्रसाद महतो, विष्णु रजक, मुकेश महतो, संतोष महतो, बहादुर महतो, भारती कुमारी, गायत्री देवी, विभा कुमारी, गीता कुमारी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ईशा, दीपिका व माही का अंडर-15 टीम में चयन



मैथन। बरवा की ईशा नाज एवं मुगमा की दीपिका कुमारी व माही कुमारी का झारखण्ड की अंडर--15 टीम में चयन हुआ है। फिलहाल तीनों लड़कियां राम नारायण सिंह मेमोरियल क्रिकेट एकेडमी मुगमा से खेलती हैं। इस एकेडमी से ही तीनों क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण लिया है। एकेडमी के संचालक पूर्व क्रिकेटर धर्मेन्द्र सिंह के सानिध्य में तीनों ने इस खेल की बारिकियां सीखीं हैं। झारखण्ड अंडर-15 टीम में तीनों का चयन होने से श्री सिंह काफी गौरवान्वित हैं। चयन होने की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने कहा कि ईशा ने आठ माह पूर्व ही एकेडमी ज्वाइन किया है। बाकी दोनों तीन चार साल से एकेडमी में है। तीनों काफी होनहार युवा खिलाड़ी हैं। तीनों का चयन इस क्षेत्र में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देगा। तीनों भारतीय महिला क्रिकेट का भविष्य हैं। सिंह ने बताया कि 02-10 जनवरी तक विशाखापत्तनम में आयोजित बीसीसीआई डोमेस्टिक अंडर-15 एकदिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट में झारखण्ड टीम से खेलेंगी। मौका मिला तो तीनों बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभायेगी। मेरी शुभकामना तीनों के साथ है।

# झरिया के बस्तकोला में सड़क किनारे मिला जिंदा सुतली बम, इलाके में अफरा-तफरी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता





**झरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धनबाद मुख्य मार्ग स्थित बस्ताकोला के पास बुधवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राहगीरों की नजर सड़क किनारे पड़े एक संदिग्ध हरे रंग के प्लास्टिक के पैकेट पर पड़ी। पैकेट को खोलकर देखने पर उसमें जिंदा सुतली बम बरामद हुआ, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।

पुलिस प्रशासन ने कहा कि हमने बम को सुरक्षित कब्जे में ले लिया है और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है कि यह बम यहाँ कैसे पहुँचा। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस अधीक्षक के अनुसार, संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बम निरोधक दस्ते को दी गई सूचना

प्रशासन ने मानक संचालन प्रक्रिया के तहत बम निरोधक दस्ते को सूचित कर दिया है। विशेषज्ञों की निगरानी में बम को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर डिफ्यूज किया जाएगा। पुलिस ने स्थानीय निवासियों को सचेत रहने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है।

## पुलिस की मुस्तैदी तुरंत किया सुरक्षित निष्कासन

घटना की जानकारी मिलते ही झरिया पुलिस बिना देरी किए दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बम को तुरंत पानी से भरी बाल्टी में डाल दिया ताकि किसी भी तरह के विस्फोट के खतरे को टाला जा सके। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने बस्ताकोला मुख्य मार्ग के आसपास के हिस्से को पूरी तरह सील कर दिया है।

## बीबीएमकेयू के उर्दू विभाग ने वर्ष 2025 में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ




**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का उर्दू विभाग, वर्ष 2025 में शैक्षणिक, शोध एवं साहित्यिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ा। विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मौसूफ अहमद के कुशल नेतृत्व और अकादमिक मार्गदर्शन में विभाग ने निरंतर प्रगति करते हुए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। वर्ष 2025 के दौरान उर्दू विभाग के तीन स्नातकोत्तर विद्यार्थियों फौजिया परवीन, गुलाम मोहिउद्दीन एवं संजीदा परवीन को द्वितीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि विभाग की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित अध्ययन वातावरण को दर्शाती है। इसी क्रम में विभाग की छात्रा वाहिदा बशीर ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कनिष्ठ शोध अध्येता पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विभाग और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उर्दू विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के अवसर पर शैक्षणिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शोध लेखन प्रतियोगिता तथा पुस्तक लोकार्पण शामिल रहा। इसके अलावा सर सैयद अहमद खान की दो सौ आठवीं जयंती पर सर सैयद का शिक्षा दर्शन और वर्तमान परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। शिक्षा सशक्तिकरण की दिशा में विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जावेद हयात ने उर्दू भाषा के विकास और उसकी वैश्विक प्रकृति पर विस्तार से विचार रखे। शिक्षकों और शोधार्थियों का मानना है कि प्रोफेसर डॉ मौसूफ अहमद की अकादमिक दृष्टि और निरंतर मार्गदर्शन ने उर्दू विभाग को एक सशक्त शैक्षणिक इकाई के रूप में स्थापित किया है।

## धनबाद में डहरे टुसु की धूमः लोक गीत व पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज से जीवंत हुई कुड़मि संस्कृति

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल की सड़कों पर बुधवार को कुड़मि संस्कृति, कृषि परंपरा और लोक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के तत्वावधान में आयोजित 'डहरे टुसु' शोभायात्रा का। शहरीकरण के शोर के बीच अपनी जड़ों को सहेजने के संकल्प के साथ हजारों की संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा में सड़कों पर उतरे।

### धान और बेटी का अनूठा रिश्ता

छोटा नागपुर पठार की प्रथम कृषक जनजाति मानी जाने वाली कुड़मि समुदाय के लिए टुसु केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन चक्र का हिस्सा है। परंपरा के अनुसार, धान जब खेतों में होता है तो उसे धानी, खलिहान में ड़िनि और घर आने पर टुसु कहा जाता है। समाज में टुसु को बेटी का दर्जा प्राप्त है, जिसकी स्थापना अगहन संक्रांति को होती है और विदाई पूस संक्रांति के दिन भावनात्मक तरीके से की जाती है।

### शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण

विगत तीन वर्षों से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम ने इस बार भी भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। टुसु की विदाई के लिए प्रयुक्त पालकी नुमा 'चौड़ल' आकर्षण का केंद्र रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप और टुसु गीतों पर नृत्य मंडलियों ने समां बांध दिया। गाँव-गाँव से आए हजारों लोगों ने यह साबित किया कि आधुनिकता के दौर में भी लोक-संस्कृति की जड़ें बेहद गहरी हैं।

### सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक

आयोजकों के अनुसार, इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपनी विलुप्त होती ग्रामीण संस्कृति के प्रति जागरूक करना और सामूहिक एकता का प्रदर्शन करना है। यह पर्व अब केवल कुड़मि समाज तक सीमित न रहकर सर्व-समाज के उल्लास का प्रतीक बन चुका है।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस विशाल शोभायात्रा को सफल बनाने में प्रदेश संयोजक गणपत महतो, राजेश महतो, हीरालाल महतो, संजय महतो और तारा देवी सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं का योगदान रहा। मौके पर दायमय महतो, निरीश महतो, रिंकू महतो, गिरधारी महतो, आशा देवी (उप प्रमुख), लाली महतो, अश्विनी महतो और जगरनाथ महतो सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और युवा उपस्थित थे।

## एक नजर में

### धनबाद : फूड फेस्ट में परोसा जा रहा जहर, फूड सेफ्टी विभाग की जांच में खुलासा



**धनबाद।** नए साल के आगमन को लेकर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बुधवार को गोल्फ ग्राउंड स्थित धनबाद फूड फेस्ट में औचक जांच करने पहुँचे। जहां जांच के दौरान फूड सेफ्टी विभाग को कई खामियां मिली। जिसके बाद त्वरित कारवाई करते हुए दर्जनों दुकानों पर विभाग ने जुमार्ना लगाया। जानकारी देते हुए फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी राजा कुमार ने बताया कि फूड फेस्ट में खाना की शिकायत मिलने पर औचक जांच करने पहुँचे थे। जांच के दौरान कई खामियां पाई गई। जिसके बाद फूड फेस्ट के संचालक को नोटिश जारी किया गया है। वही उन्होंने कहा कि नए साल को लेकर धनबाद के लोगो को शुद्ध खाना देने की बात कही है।

### लोयाबाद प्रीमियर लीग में स्टीलगेट स्ट्राइकर ने फाइनल मैच जीता, कुस्तौरी बने मैन ऑफ द सीरीज




**लोयाबाद।** लोयाबाद प्रीमियर लीग क्रिकेट सीजन-2 के फाइनल मुकाबले में ए एस ब्लास्टर कनकनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टीलगेट स्ट्राइकर लोयाबाद 20 नंबर को 7 गेंद शेष रहते 5 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए फाइनल मैच में स्टीलगेट स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 143 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए एस ब्लास्टर कनकनी की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 8 .3 ओवर में 5 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टीलगेट स्ट्राइकर के राजा कुस्तौरी को 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब दिया गया। यह पुरस्कार आबादानी फाइनेंशियल के डायरेक्टर नवाज हसन ने प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला महासचिव राम रहीम राजकुमार महतो व असलम मंसुरी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे टूनार्मेंट युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच देते हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग हमेशा दिया जाएगा। टूनार्मेंट के विजेता और उपविजेता टीम को संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि राम रहीम द्वारा ट्रॉफी के साथ विजेता टीम को एक लाख 25 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 75 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिए गए।इस टूनार्मेंट का प्रायोजन आबादानी फाइनेंशियल और पीआर स्पोर्ट्स द्वारा किया गया था। आयोजन को सफल बनाने में पंकज चौहान, नवाज हसन, संजीत चौहान, रिंकू, शादाब, सलीम अंसारी, सरफराज, विकास, शहबाज, अरुण सहित पुरी एलपीएल की कमिटि अहम भूमिका रही।

### कच्छी बलिहारी में जद (यू) ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**पुटकी।** बुधवार की सुबह कच्छी बलिहारी में जनता दल (यू) के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे के नेतृत्व में लगभग 40 कंबल जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच वितरित किए गए। श्री दुबे ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब, वृद्ध और असहाय लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। वहीं कंबल प्राप्त कर एक वृद्ध महिला भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि इस ठंड में कंबल मिलना किसी वरदान से कम नहीं है, जिससे रातें अब कुछ सुकून भरी गुजरेंगी। कंबल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### ब्लॉक-2 क्षेत्र में सेवा-निवृत्त कर्मियों का सम्मानित किया गया



**कतरास।** ब्लॉक-2 क्षेत्र से सेवा-निवृत्त ग्यारह कर्मियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन महाप्रबंधक कुमार रंजीव की अध्यक्षता में हुआ। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा-निवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कंपनी की सेवा की है। उनका अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर सभी सेवा-निवृत्त कर्मियों को शॉल, स्मृति-चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र, सेवानिवृत्ति चिकित्सा पुस्तिका और ट्रॉली बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एमपीएल समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध : सीईओ

## नववर्ष में एमपीएल नये उत्साह के साथ ऊर्जा दक्षता, ग्राहक सेवा में सुधार के लिए रहेगा प्रयासरत

खबर मन्त्र संवाददाता




**मैथन।** मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) के सीईओ बासुदेव हांसदा ने कहा है कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बने रहकर ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है।

श्री हांसदा ने कहा कि जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में टाटा समूह की भूमिका सदैव अतुलनीय रही है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मैथन पावर लिमिटेड भी जनकल्याण के कार्यों में अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। चाहे देश को रोशन करने के लिए बिजली उत्पादन की बात हो या स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने की। एमपीएल ने हर क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है। एमपीएल के आगमन से पूर्व और वर्तमान स्थिति की तुलना से इस बदलाव का आकलन सहज रूप से किया जा सकता है। श्री हांसदा ने कहा कि एमपीएल के आने से क्षेत्र के युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ी है और वे नौकरी तथा व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहयोग और साझेदारी की भावना से कार्य करना आज की आवश्यकता है, जिससे सतत विकास संभव हो सके।

*नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए* श्री हांसदा ने कहा कि एमपीएल नये उत्साह के साथ ऊर्जा दक्षता, ग्राहक सेवा में सुधार, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा तथा जनकल्याण के क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है।श्री हांसदा ने कहा कि एमपीएल अपने आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सामाजिक दायित्व, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में एमपीएल निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आने वाले वर्षों में विकास की नई गाथाएं लिखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्पीड न्यूज

## नगरकियारी में ग्राम शिक्षा संगम का आयोजन



**गोविंदपुर।** प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी के मैदान में बुधवार को ग्राम शिक्षा संगम का आयोजन प्राचार्य डॉ मीरा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें एसएमसी अध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप कुमार मोदी ने संगम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि शीतकालीन अवकाश में बच्चों की नियमित पढ़ाई एवं सीखने की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए संगम का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों को छुट्टी के दौरान सुबह, दोपहर व शाम नियमित रूप से अध्ययन जारी रखने की अपील की। उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए नियमित अध्ययन पर जोर दिया। बच्चों को कहानी कविता भी सुनाई गई। इस अवसर पर मुखिया रेणु देवी, जिप सदस्य प्रतिनिधि एजाज अहमद, सुधीर महतो, विपिन मंडल, अभिषेक कुमार, विकास महतो, मिंटू रविदास, गौरव मल्लिक, विजय पाल, तैयब नूर, अशोक मालाकार, मोहन कुंभकार, सुभाष दास, तपन कर्मकार समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## जरूरतमंदो के बीच किया गया कंबल वितरण



**कुमारधुबी।** भीषण ठंड को देखते हुए बुधवार की शाम एक नंबर वार्ड में वृद्धा, बुजुर्ग व जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। आपको बताते चले कि बीते कुछ दिन पूर्व सीओ कृष्ण कुमार मरांडी के द्वारा 40 पीस कंबल का वितरण 1 नंबर वार्ड में किया गया था और कुछ महिलाओं को नहीं मिल पाया था जिसे आज बुधवार कोचिरकुंडा के टाउन हॉल में बाकी बची महिलाओं को कंबल दिया गया।

## सिद्ध हनुमान का वार्षिकोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

**गोविंदपुर।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मार्च में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को स्वामी आत्म प्रकाश रामायण भवन ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में हुई। इसमें 21 मार्च से 24 मार्च तक श्री सिद्ध हनुमान का वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए तैयारी समिति गठित की गई। बैठक में सुरेश सरिया, पवन लोधा, ओमप्रकाश बजाज, राजकुमार तायल, कमल अग्रवाल, विनोद पोद्दार, सुनील अग्रवाल, सुनील सरिया, बजरंग अग्रवाल, हरीश अग्रवाल आदि शामिल थे। चार दिवसीय आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। वार्षिकोत्सव का समापन भंडारा के साथ होगा।

## सेवानिवृत्त बीपीआरओ को दी गई विदाई



**गोविंदपुर।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रमुख निर्मला सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त बीपीआरओ सुदन चंद्र राणा की विदाई दी गई। बीडीओ जहीर आलम ने कहा कि राणा जी कुशल व्यावहारिक और मिलनसार अधिकारी रहे और सभी से मिलजुल कर काम किया। श्री राणा ने कहा कि टीम भावना और सभी के सहयोग से ही उन्हें सफलता मिली। मौके पर नए बीपीआरओ राम नरेश प्रसाद का स्वागत भी किया गया। पूर्व उप प्रमुख डीएन सिंह, प्रधान सहायक अब्दुल मजीद, एजाज अहमद, जसीम अख्तर, एई अरुण कुमार, प्रकाश कुमार, पप्पू मंडल महादेव गोराई, संदीप दा, अब्दुल कयूम काजी, विजय कुमार, विश्वजीत चौधरी, विनोद मिश्रा दुर्योधन महतो, परमेश्वर बास्की, ओपन टुडू, मुकेश कुमार, संजय मरांडी, लक्ष्मीकांत महतो, मंटू साव, अनिल चौधरी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# 18 जनवरी को सिंदरी के आवास के मुद्दे पर नेहरू मैदान में होगी आमसभा : कौशल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** झारखंड बचाओ संग्राम समिति कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल सिंह ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि सांसद शेर नहीं सियार है और लोग उन्हें पहचान गए हैं। वह अपने प्रकृति के अनुसार काम कर रहे हैं।

उन्होंने सिंदरी की जनता से एकजुटता दिखाने की अपील करते हुए आव्हान किया कि आगामी 18 जनवरी को सिंदरी के नेहरू मैदान में एकत्र हों। झारखंड बचाओ संग्राम समिति सिंदरी के आवास के मुद्दे पर सिंदरी को एकजुट कर लड़ाई लड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष



कौशल सिंह से सिंदरी बचाओ संयुक्त मोर्चा के साथ पर सवाल पर उन्होंने कहा कि केवल झारखंड बचाओ संग्राम समिति सिंदरी के आवास के मुद्दे पर लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि किसी को भी सिंदरी से हटने की जरुरत नहीं है और कोई भी घर खाली नहीं किया जाएगा। उन्होंने डोमगढ़ के आवास के मुद्दे पर कहा कि डोमगढ़ किसी भी कीमत पर खाली नहीं होगा। अब लड़ाई आर पार की होगी। 18 जनवरी को आयोजित आमसभा डोमगढ़ के भविष्य का फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि यदि दमन और जबरन बेदखली की कोशिश की गई तो डोमगढ़ की जनता सड़कों पर उतरकर संघर्ष को धारदार करेगी। प्रेसवार्ता में मौजूद सोनू सिंह ने कहा कि सिंदरी के आवास में रहनेवाले लोग जबतक घर से बाहर नहीं निकलेंगे, तबतक सिंदरी को बचा पाना मुश्किल है।

प्रेसवार्ता में मो हाकिम, अरुण कुमार शर्मा, विनय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, रमेश कुमार ओझा, श्रवन कुमार, सुरेंद्र कुमार पांडे, निमाई रवानी, सुभाष बेहरा, आलोक श्रीवास्तव, रामबालक सिंह, कमलेश, दिनेश यादव, राहुल सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# डीआरएम ने किया धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस का रात्रिकालीन फुटप्लेट निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने घाट सेक्शन का रात्रिकालीन फुट निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 13329 धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस द्वारा रात्रिकालीन फुटप्लेट निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोलमैन सिग्नल एक्सचेंज करते हुए सतर्क अवस्था में पाए गए। निर्धारित स्थलों पर आपातकालीन जॉगल फिशप्लेट सफेद रंग में चिन्हित, बोल्ट ग्रीसिंग सहित उपलब्ध पाई गई तथा बोल्ट ओपनिंग भी नियमानुसार सही पाई गई। पेट्रोलमैन द्वारा सेफ्टी शूज,



रेट्रोझरिफ्लेक्टिव जैकेट आदि सुरक्षात्मक सामग्री मैनुअल के अनुरूप धारण की गई थी तथा पेट्रोलमैन डायरी भी व्यवस्थित पाई गई। इस दौरान गैंग बीट संख्या 10, 11 एवं 12 की जांच की गई, जो क्रम में पाया गया। पेट्रोलमैन की सेफ्टी काउंसलिंग भी की गई। बीट संख्या 11 में 410 कि.मी. से 412 कि.मी. तक पेट्रोलमैन के साथ फुट निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त टनल संख्या-3 का भी निरीक्षण किया गया, जहां तैनात वॉचमैन ड्यूटी पर सतर्क पाया गया। धनबाद मंडल में संरक्षा मानकों की प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निरीक्षण किया गया।

## गोविंदपुर-बलियापुर मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

# ट्रक और पिकअप की टक्कर में तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर-बलियापुर मुख्य मार्ग पर बुधवार को जंगलपुर के समीप एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब कोलकाता से खाद्य सामग्री लेकर गोविंदपुर जा रही एक पिकअप वैन की विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वैन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

घायलों के परिजन निसार अहमद ने बताया कि ट्रक गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से तेज गति में आ रहा था। ट्रक को सामने देख



पिकअप वैन का संतुलन बिगड़ गया और दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। पिकअप वैन में केक, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री लदी थी, जिसे गोविंदपुर के बैरियो मोड़ स्थित एक प्रतिष्ठान में डिलीवरी के लिए ले जाया जा रहा था।

**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल:** दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### हादसे में घायलों की स्थिति नाजुक

सदमन अंसारी (18 वर्ष): निवासी अंसार महाल, निरसा। सदमन के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। एस.के. मैहर अली: निवासी कोलकाता। रकीबुल: निवासी कोलकाता। बताया जा रहा है कि मैहर अली और रकीबुल कोलकाता से माल लेकर निरसा पहुंचे थे, जहां से सदमन अंसारी वैन में सवार होकर गोविंदपुर के लिए रवाना हुआ था। कोलकाता निवासी दोनों युवकों की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

## पहाड़ी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव मानने का लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** धनबाद रोड नारायणी धाम स्थित श्री पहाड़ी माता मंदिर का चतुर्दशी वार्षिकोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं की बैठक बुधवार को आनंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी चार जनवरी को वार्षिकोत्सव समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। श्री केजरीवाल ने बताया कि कन्या पूजन, श्रृंगार, मंगल पाठ, अखंड ज्योति, 56 भोग, भजन कीर्तन एवं धनबाद गोविंदपुर मुख्य सड़क पर भंडारा लगाया जाएगा। कविता



अग्रवाल मंगल पाठ कराएगी, जबकि लता सिंह राजपूत एवं अभिषेक शर्मा भजन करेंगे। श्री पहाड़ी माता भक्त परिवार कार्यक्रम की तैयारी में जुटा हुआ है। बैठक में विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।

## सुरक्षित जश्न, खुशहाल धनबाद एसएसपी की अपील 'जिम्मेदार नागरिक बनें, हर्षोल्लास से मनाएं नव वर्ष'

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए कोयलांचल पूरी तरह तैयार है। जिलेवासियों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण देने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की घोषणा की है। उन्होंने जनता को शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि जश्न के दौरान अनुशासन और कानून का पालन करें, ताकि खुशियों में कोई खलल न पड़े।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। पर्यटन स्थलों, पिकनिक स्पॉट और पार्कों में अतिरिक्त पुलिस बल के



साथ-साथ ड्रोन कैमरों और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों द्वारा निगरानी रखी जा रही है। हुड़दंगियों, स्टंटबाजों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाएगी। ब्रेथ एनालाइजर से सघन जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों का नया साल हवालात में गुजर सकता है।

विशेष रूप से जलाशयों और डैम के पास पर्यटकों को पानी में न उतरने और बच्चों का ख्याल रखने की सलाह दी गई है। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी देते हुए नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 पर दें। पुलिस का उद्देश्य दमन नहीं, बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि हर परिवार सुरक्षित तरीके से नए साल का अभिनंदन कर सके।

## बीबीएमकेयू के कुलपति ने सिंदरी कॉलेज का किया निरीक्षण

# कॉलेज के विकास के लिए योजना बनाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीबीएमकेयू धनबाद के कुलपति प्रो राम कुमार सिंह ने बुधवार की शाम सिंदरी कॉलेज का निरीक्षण किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ आर के तिवारी एवं डॉ मंतोष पांडेय भी उपस्थित थे।

कॉलेज निरीक्षण के बाद उन्होंने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाएं तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए विभागवार शैक्षणिक आवश्यकताओं, प्रयोगशालाओं,

पुस्तकालय संसाधनों एवं शिक्षकों की उपलब्धता का



मूल्यांकन कर व्यवहारिक और क्रियान्वित होने योग्य सुझाव तैयार किए जाएँ। इसके साथ ही कॉलेज परिसर की सफाई को सुनिश्चित करने के लिए नियमित मानिटरिंग करने और स्वच्छ परिसर अभियान चलाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा कमलाकांत पाठक ने बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ कराने का अनुरोध कुलपति से किया। इस पर कुलपति ने औपचारिक प्रस्ताव तैयार कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का निर्देश प्राचार्य को दिया। उन्होंने महाविद्यालय विकास में हर पहल छात्र हित में और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखकर करने की सलाह दी।

## आगामी कार्यक्रम को लेकर भाकपा माले कार्यालय में बैठक

**कुमारधुबी।** आप के दुआर कार्यक्रम को लेकर तालडंला स्थित भाकपा माले कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। 01नम्बर वार्ड से 21 नम्बर वार्ड में होने वाले भावी कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया। मीटिंग शुरू करने के पहले अध्यक्ष का चुनाव किया गया। माले राज्य कमिटी सदस्य सह निरसा विधानसभा संयोजक आगम राम ने किया। संचालन श्रीकांत सिंह एवं संतू चटर्जी ने किया। बैठक में 19 माले कामरेड साथी अपना_अपना सुझाव दिया। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 तारीख को चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन एवं धरना दिया जायेगा। इसके साथ_साथ और महत्वपूर्ण



सुझाव को रजिस्टर में लिखकर उस पर अमल करने की योजना बनाई गई। बैठक में बृजेंद्र सिंह,प्रदीप सुमन, माले राज्य कमिटी सदस्य सह निरसा प्रखंड सचिव टुटुन मुखर्जी, अमरेश चक्रवर्ती, वरुण डे, कल्याण राय, नागेंद्र सिंह, मनोरंजन मलिक, दुर्गा देवी, जियाउद्दीन, अभय सिंह, रविरंजन सिंह, हरेंद्र सिंह, रामजी शर्मा, मनु सिंह, मोइज खान, कौशिक अश्क बंसी, संतू चटर्जी ने अपना अपना वक्तव्य रखा।

# कतरास में 3 जनवरी को होगा चतुर्थ श्री श्याम सुमिरन महोत्सवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री श्याम सेवा संघ कतरासगढ़ द्वारा आयोजित चतुर्थ वार्षिक श्री श्याम सुमिरन महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजस्थानी धर्मशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघ के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। संघ के संरक्षक डॉ. विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि महोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर आकर्षक तोरण द्वार बनाए गए हैं। 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे सूर्य मंदिर से भव्य बाल निशान यात्रा निकाली जाएगी,



जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए राजस्थानी समाज भवन धर्मशाला पहुंचेगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे अपने हाथों में निशान लिए ₹जय श्री श्याम₹ का उद्घोष करते हुए शामिल होंगे।

शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें आदर्श दीधीच (कटिहार), किशोरी कनिष्का (दिल्ली), शिवम म्यूजिकल (आसनसोल) और पंकज शर्मा (धनबाद) शामिल हैं। भजन संध्या में श्याम भक्ति की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। प्रेस वार्ता में सुरेश केडिया, हरिप्रसाद अग्रवाल, अधिवक्ता डी.एन. चौधरी, संतोष जलान, दीपक अग्रवाल, संघ के अध्यक्ष प्रकाश सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष अनिल केडिया, संजय केसरी, मनीष गोयल, नरेश अग्रवाल, नरेश शर्मा, मनोज केसरी, राजेश चोखानी, विवेक चौधरी, पवन अग्रवाल और विनोद जलान, रवि खेतान सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इस आयोजन को लेकर कतरास में उत्साह का माहौल है।

## एक नजर में

### तीन घंटे बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**धनबाद।** बुधवार को भुली पावर सब स्टेशन में रंगाई कार्य के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इस दौरान बीसीसीएल टाउनशिप, आजाद नगर, पांडरपाला एवं बाइपास रोड क्षेत्र प्रभावित रहे। साल के अंतिम दिन तीन घंटे तक बिजली नहीं रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ठंड के मौसम में बिजली कटौती से घरेलू कार्य, मोबाइल चार्जिंग और इंटरनेट सेवाएं बाधित रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष के अंतिम दिनों में इस तरह की लंबी बिजली कटौती से आम जनता की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। उपभोक्ताओं ने विभाग से भविष्य में वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

### डीसी, डोमगढ़ की स्थिति की करेंगे समीक्षा : धीरज



**सिंदरी।** डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त आदित्य रंजन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को बताया कि सेल के टासरा प्रोजेक्ट के ओबी के लिए वैकल्पिक जगह होने के वाबजूद एफसीआई प्रबंधन डोमगढ़ की बसी बसाई नागरिक आबादी को विरान करना चाहती है। इससे डोमगढ़ के लगभग 10 हजार की आवादी बेघर हो जाएगी। मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह ने डोमगढ़ स्थित खाली स्थान का निरीक्षण करने का अनुरोध उपायुक्त धनबाद से किया। जिससे डोमगढ़ में यथा स्थिति बनी रहे। श्री सिंह ने बताया कि उपायुक्त ने प्रतिनिधि मंडल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए बताया कि वे शीघ्र ही डोमगढ़ आकर जमीनी स्थिति का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया है कि डोमगढ़ की जनता के साथ अन्याय नही होगा और मैं जनता के लिए खडा हूं। इस बीच साल 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को भी डोमगढ़ बचाओ मोर्चा का बेमियादी धरना 11 वें दिन भी जारी रहा। बताते चलें कि बुधवार को ही एफसीआई प्रबंधन सेल प्रबंधन को 110 एकड़ जमीन का हस्तांतरण करना है और स्थानीय प्रबंधन के अनुसार इसकी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। इस 110 एकड़ भूमि में डोमगढ़ का रिहायशी इलाके भी शामिल हैं। सेल को अतिरिक्त 134 एकड़ भूमि एफसीआई प्रबंधन जून 2026 तक हस्तांतरित करेगी। प्रतिनिधि मंडल में विदेशी सिंह, दिलीप मिश्रा, अनिल सिंह और शशि शेखर पांडेय शामिल थे।

### प्रेम एलेवन क्लब ने जीता फाइनल



**महुदा।** महुदा ग्राम पंचायत के खेल मैदान में बुधवार को दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसका शुभारंभ जिप अध्यक्ष शारदा सिंह एवं मुखिया बदरूद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रेम एलेवन क्लब काशी झरिया एवं यंग इंडिया क्लब महुदा बस्ती के बीच फाइनल खेला गया। प्रेम एलेवन क्लब ने 6 ओवर में 38 रन बनाया वहीं यंग इंडिया क्लब महुदा बस्ती ने 6 ओवर में मात्र 34 रन ही बना पाया। इस तरह प्रेम एलेवन क्लब 4 रन से जीत दर्ज किया। विजेता एवं उप विजेता टीम को जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, विधायक शत्रुघ्न महतो एवं मुखिया बदरूद्दीन अंसारी के द्वारा नगद पुरूस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पंसस दिलखुश अंसारी, बिराज गोप, विनोद गोप, काली राय, राजीव सिंह, उमेश तुरी, मेहन्दी हसन, गुडडु बाबा, मो कैफ अंसारी, गौतम कुमार, लकी अली, इरफान अंसारी, समीर राजा, सरताज अंसारी, सादिक अमान आदि थे।

### महेशपुर में ट्रांसफार्मर रूम का ताला टूटा, केबल चोरी से सैकड़ों घरों में अंधेरा



**कतरास।** मधुबन थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खरखरी और नवागढ़ के बाद अब महेशपुर में चोरों ने ट्रांसफार्मर रूम को निशाना बनाया। मंगलवार की रात महेशपुर कॉलोनी के पास स्थित ट्रांसफार्मर रूम का ताला तोड़कर चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों के बीच की लगभग बीस फीट सर्विस केबल काट ली। इस घटना से सैकड़ों घरों में अंधेरा छा गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले चोरी की घटनाएं दूर-दराज और एकांत स्थानों पर होती थीं, लेकिन अब चोर बेखौफ होकर आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। चोरी हुई केबल की कीमत बीस से पच्चीस हजार रुपये आंकी जा रही है। महेशपुर पंचायत के राजधानी क्वार्टर में रहने वाले लोग भी लगातार हो रही घटनाओं से भयभीत हैं। अपनी संपत्ति और जान-माल की सुरक्षा के लिए कई लोग रातभर जागकर पहरेदारी कर रहे हैं। लगातार बढ़ती घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से खबर थाने में शिकायत नहीं दी गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक मधुबन क्षेत्र में चोरों का यह आतंक जारी रहेगा और क्या प्रशासन इन घटनाओं पर लगाम लगाने में सक्षम साबित होगा।

### आउटसोर्सिंग पैच में चोरों ने जमकर मचाया उत्पात, विरोध पर साइड इंचार्ज का फोड़ा सर

**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर परियोजना आउटसोर्सिंग पैच में बुधवार को चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। लोहा चोरी कर रहे चोरों को रोकने के लिए गए आउटसोर्सिंग कर्मियो के ऊपर चोरों ने पथराव कर दिया। जिसमें आउटसोर्सिंग साइड इंचार्ज सुखदेव रवानी का सर फट गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लोहा चोर दिन दहाड़े आउटसोर्सिंग में घुसकर लोहा निकलने लगे। जब कर्मियों ने साइड इंचार्ज को घटना की सूचना दी तो साइड इंचार्ज घटना स्थल पर पहुंचे। उन्हें रोकने प्रयास किया। जिस पर चोरों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में सुखदेव रवानी सहित अन्य कई आउटसोर्सिंग कर्मियों को चोटे आई है। इसके बाद आउटसोर्सिंग कमी गोल बंद होकर चोरों को खदेडने लगे। चोरों के चले जाने बाद कर्मियों ने चोरों द्वारा छोड़े गए लोहे के कीमती पाट्र्स एवं स्क्रेप लोहा को उठाकर वापस कंपनी वर्कशॉप में लाया। वही कंपनी प्रबंधन द्वारा घटना की सूचना सीआईएसएफ को दी गई है।

## स्पीड न्यूज

### सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाने का आदेश

**धुरकी।** थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने सभी ग्राहक सेवा केंद्रों, प्रज्ञा केंद्रों, प्रतिष्ठित दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों को अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि अब यह केवल सलाह नहीं, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कदम है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही व्यावसायिक गतिविधियों, वित्तीय लेन-देन और आम लोगों की आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी हो गया है। विशेषकर ग्राहक सेवा केंद्रों और प्रज्ञा केंद्रों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग लेन-देन के लिए पहुंचते हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों के अंदर और बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि प्रत्येक गतिविधि रिकॉर्ड हो सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि कैमरे हमेशा चालू हालत में रहें और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संग्रहित की जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस द्वारा फुटेज की जांच की जा सके। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी संचालक द्वारा निर्देशों की अवहेलना की जाती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कई व्यवसायियों और संस्थान संचालकों ने पुलिस प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### थाना प्रभारी और सीओ का नववर्ष संदेश, शांति और सद्भाव का आह्वान

**धुरकी।** नववर्ष के अवसर पर धुरकी अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विमल कुमार सिंह एवं धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने संयुक्त रूप से धुरकी थाना क्षेत्र सहित संपूर्ण प्रखंड वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। दोनों अधिकारियों ने नववर्ष को शांति, सौहार्द और विकास का प्रतीक बताते हुए आम जनता के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। अंचल अधिकारी ने कहा कि नया वर्ष नई उम्मीदों, नए लक्ष्यों और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रखंडवासियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि अंचल प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने, नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि धुरकी थाना पुलिस जनता के साथ मिलकर अपराधमुक्त, सुरक्षित और शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन और जनता के आपसी सहयोग से ही क्षेत्र का समुचित विकास संभव है। जब लोग प्रशासन पर भरोसा करते हैं और नियमों का पालन करते हैं, तभी विकास की गति तेज होती है। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि आने वाला वर्ष धुरकी प्रखंड के लिए नई उपलब्धियां, विकास कार्य और खुशहाली लेकर आएगा।

### सुखलदरी जलप्रपात और पनघटवा डैम पर तैनात किए गए दंडाधिकारी

**धुरकी।** प्रखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल सुखलदरी जलप्रपात और पनघटवा डैम में पर्यटकों की लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर दिया है। इसी कड़ी में धुरकी सीओ विमल कुमार सिंह ने पत्र जारी कर इन दोनों स्थलों पर दंडाधिकारी एवं स्थानीय गोताखोरों की तैनाती का आदेश दिया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। जारी आदेश के अनुसार सुखलदरी जलप्रपात में विधि-व्यवस्था एवं पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अधिकारियों और कर्मियों को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इनमें अंचल निरीक्षक विकास कुमार, राजस्व उप निरीक्षक मुजीब खान, राहुल कुमार, शशिकांत विश्वकर्मा, पंचायत सेवक जगदीश राम, प्रखंड समन्वयक मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, रोजगार सेवक राजुरंजन रवि, बीएफटी शुभलाल राम, शशि कुमार एवं सीसी मिथलेश कुमार शामिल हैं। ये सभी अधिकारी मौके पर तैनात रहकर भीड़ नियंत्रण, नियमों के पालन और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पनघटवा डैम क्षेत्र में भी सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। यहां कनीय अभियंता लव कुमार, रोजगार सेवक रविंद्र कुमार, गुलजार अंसारी और सीसी संतोष राम को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इनकी जिम्मेदारी डैम परिसर में आवागमन की निगरानी, जल क्षेत्र के पास सुरक्षा मानकों का पालन और किसी भी दुर्घटना की आशंका पर तुरंत हस्तक्षेप करना है।

# पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने किये कड़े इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** वर्ष के समापन और नववर्ष 2026 के स्वागत के साथ-साथ मकर संक्रांति (01 जनवरी से 15 जनवरी तक) के अवसर पर गढ़वा जिले में प्रमुख पर्यटन, वनभोज और पिकनिक स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की तैयारियां सुनिश्चित की हैं। जिले के प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थलों जैसे- अनराज डैम, चिरका, पनघटवा, खजूरी डैम, सुखलदरी, गुरुसिंधु, सतबहिनी फॉल, सोन नदी, कोयल नदी सहित अन्य प्रमुख वनभोज स्थल, हर वर्ष काफी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से भर जाते हैं। जनवरी माह में कुछ स्थलों पर मेले का आयोजन भी होता है, जिससे भीड़ में और अधिक वृद्धि हो जाती है। जिला प्रशासन ने यह भी नोट किया है कि कुछ असामाजिक तत्व इन स्थलों पर शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन करते हैं, जिससे छेड़खानी, मारपीट और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

इसके अलावा, जलाशयों की गहराई के बारे में जानकारी न होने और अत्यधिक उत्साह के कारण पिछले वर्षों में कई डूबने की घटनाएं भी हुई हैं। इन संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया है। उपायुक्त और जिला दण्डाधिकारी दिनेश यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने और लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिया है। विशेष रूप से बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को एक जनवरी से पहले अपनी-अपनी क्षेत्रों में चिन्हित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, चौकीदार और स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की जाएगी, खासकर जलाशयों और नदी-घाटों के पास। इसके अलावा 15 जनवरी (मकर संक्रांति) तक के अवधि के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा/बंशीधर नगर/रंका अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आदेश जारी करेंगे और वरीय अधिकारी नियमित रूप से स्थिति की निगरानी करेंगे। डीसी ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में जिले के सभी प्रमुख वनभोज स्थलों और जलाशयों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी नागरिकों और पर्यटकों से अपील करता है कि वे इस उत्सव के अवसर पर जिम्मेदारी और संयम के साथ आनंद लें। मादक पदार्थों के सेवन से बचें और जलाशयों में स्नान करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें। प्रशासन द्वारा जारी सभी सुरक्षा निदेशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में निकटतम प्रशासनिक या पुलिस पदाधिकारी से तुरंत संपर्क करें।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, सात घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे के ग्राम भलुही में जमीनी एवं मकान विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कुल सात लोग घायल हो गए। मारपीट के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया। रेफरल अस्पताल मझिआंव में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में भलुही गांव निवासी दशरथ चौधरी के 47 वर्षीय पुत्र उदय चौधरी, स्वर्गीय महेश चौधरी के 62 वर्षीय पुत्र अमेरिका चौधरी तथा उनके दो पुत्र 30 वर्षीय अशोक चौधरी एवं 28 वर्षीय मनोज चौधरी शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से स्वर्गीय महेश चौधरी के 60 वर्षीय पुत्र शंभू चौधरी तथा उनके दो पुत्र 35 वर्षीय ओमप्रकाश चौधरी एवं 30 वर्षीय अनिल चौधरी घायल हुए हैं। डॉ विशाल कुमार मिश्रा ने बताया कि उदय चौधरी, अशोक चौधरी, मनोज चौधरी एवं अनिल चौधरी गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि शंभू चौधरी, अमेरिका चौधरी एवं ओमप्रकाश चौधरी को मामूली चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल चारों लोगों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो के निर्देश पर एएसआई रणवीर प्रसाद अस्पताल पहुंचे और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का एंजुरी काटा। इसके बाद सभी गंभीर घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। घायल उदय एवं मनोज ने बताया कि उनके चाचा शंभू चौधरी के साथ पिछले लगभग पांच वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि शंभू चौधरी द्वारा खेत की जोत-कोड़ पर रोक लगा दी गई थी और जबरन घर का निर्माण किया जा रहा था। इस संबंध में थाना में शिकायत भी की गई थी, जहां से मना किए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी था। मना करने पर शंभू चौधरी और उनके पुत्रों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

## सीआरपीएफ 172 बटालियन में सेवानिवृत्त जवानों को दी गयी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन के कैंप परिसर में बुधवार को विदाई समारोह आयोजित की गई। मौके पर तीन सेवानिवृत्त सीआरपीएफ कर्मियों निरीक्षक (जीडी) ध्रुव मांझी, अश्विनी कुमार व सिपाही जगदीश चंद्र को उनके असाधारण सेवा के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट अजय कुमार वर्मा ने सेवानिवृत्त जवानों को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कमांडेंट ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान देश की आंतरिक सुरक्षा के रीढ़ हैं। इन जवानों ने अपने कर्तव्यों के दौरान कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। इन्होंने देश की सेवा में निरंतर निष्ठा और साहस दिखाया है। कमांडेंट ने सेवानिवृत जवानां की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ये जवान जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में सेवा देने के बावजूद इन जवानों ने अपने कर्तव्यों में पूरी निष्ठा, साहस और उच्चतम स्तर के अनुशासन का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति एक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरूआत है। कमांडेंट ने जवानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने अनुभवों को समाज में साझा करें और एक नई पीढ़ी को प्रेरित करें। मौके पर अधिकारियों और जवानों ने सेवानिवृत्त जवानों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

## अभाविप का 26वां प्रांत अधिवेशन संपन्न, संगठन के भविष्य को लेकर साझा की योजनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** स्टेषन रोड स्थित श्री रामलला मंदिर परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश का 26वां प्रांत अधिवेशन 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से करीब 1000 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रांत अधिवेशन में भाग लेने के लिए गढ़वा पहुंचे कार्यकर्ताओं का गढ़वा जंक्शन पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, नारों और संगठनात्मक गीतों के साथ कार्यकताओं ने अतिथियों का अभिनंदन किया। पूरे शहर में अधिवेशन को लेकर विशेष उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रांत अधिवेशन विद्यार्थी परिषद का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक मंच है, जहां संगठन की दिशा, दशा और आगामी कार्य योजनाओं पर विचार किया जाता है। इसी अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री ने पदभार ग्रहण किया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। वहीं अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शरण शाही, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रो दिनेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय मंत्री कमलेश सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन के दौरान कला एवं संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। इसके साथ ही विश्व गुरु भारत के लिए शिक्षा एवं अभाविप की भूमिका विषय पर वैचारिक सत्र आयोजित हुआ। राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति, परिसीमन, भ्रष्टाचार व अव्यवस्था जैसे विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अधिवेशन को और आकर्षक बना दिया। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने बताया कि गढ़वा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों के लिए रामलला मंदिर परिसर में अधिवेशन को एक नगर के रूप में विकसित किया। इस अधिवेशन नगर का नाम 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए मेराल प्रखंड के वीर सपूत शहीद रामप्रीत ठाकुर के नाम पर रखा गया, जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा। अभाविप झारखंड प्रांत का यह 26वां अधिवेशन युवा चेतना, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों का जीवंत संगम साबित हुआ। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि अधिवेशन से प्राप्त मार्गदर्शन को जिले के प्रत्येक कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में अभाविप का संगठन लगातार सशक्त हो रहा है और छात्रहित, राष्ट्रहित व शिक्षा हित के लिए संगठन निरंतर कार्य करता रहेगा।

### डीसी ने पंचायत सचिव को किया निलंबित

**गढ़वा।** डीसी दिनेश यादव ने सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता के एक मामले में कड़ा कदम उठाया है। 27 दिसंबर को प्रखण्ड कार्यालय भंडरिया के निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव परमा राम को कार्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया गया। निरीक्षण के क्रम में यह सामने आया कि संबंधित पंचायत सचिव विगत आठ दिनों से लगातार कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि वे अपने पदस्थापित प्रखण्ड भंडरिया में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज न कर अन्य स्थानों से उपस्थिति बना रहे थे, जो सरकारी सेवा नियमों का गंभीर उल्लंघन है। इस मामले में डीसी द्वारा 29 दिसंबर को स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। 30 दिसंबर को पंचायत सचिव परमा राम द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाए जाने पर डीसी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान पंचायत सचिव का मुख्यालय प्रखण्ड कार्यालय केतार निर्धारित किया गया है।

### कनीय सचिवालय सहायक पद पर वेद प्रकाश की नियुक्ति

**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम के पुत्र वेद प्रकाश ने जेएसएससी और सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कनीय सचिवालय सहायक पद पर नियुक्ति प्राप्त कर अपने गांव और प्रखण्ड का नाम रोशन किया है। 30 दिसम्बर को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों वेद प्रकाश को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। वेद प्रकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि यह सफलता कठिन परिश्रम, संघर्ष और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे अहम मोड़ है और यह उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है। ज्ञात हो कि वेद प्रकाश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कांडी प्रखण्ड के हाई स्कूल गरदाहा से पूरी की।

## सेवानिवृत्त एसआई रामरेखा तिवारी को भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता





**गढ़वा।** गढ़वा थाना परिसर में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत सबइंस्पेक्टर रामरेखा तिवारी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, एएसपी राहुल देव बड़ाईक, एसडीपीओ नीरज कुमार, डीएसपी सुधा, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील तिवारी आदि ने सेवानिवृत एसआई श्री तिवारी को शॉल ओढ़ाकर, बुके देकर एवं उपहार देकर विदाई दिया। इस मौके पर थाना परिसर में वृहत समारोह आयोजित कर पुराने साल की विदाई एवं नए साल का स्वागत भी किया गया। मौके पर एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि नौकरी में सेवानिवृति का क्षण तो आता ही है। लोगां को नौकरी से सेवानिवृति के बाद सेवा का दायरा और बढ़ जाता है। सेवानिवृति के बाद लोगां को अपने घर, परिवार, समाज एवं देष का सेवा करने का अवसर मिलता है। एसडीओ ने तिवारी के सुखमय जीवन की कामना की। एएसपी राहुल देव बड़ाईक ने कहा कि तिवारी का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। उन्हांने कहा कि इनके बेदाग सेवानिवृति इनकी इमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को दषार्ता है। एसडीपीओ नीरज कुमार ने कहा कि सेवानिवृति जीवन का एक पड़ाव है सेवानिवृति के बाद व्यक्ति को अपने परिवार एवं समाज के लिए कुछ नया करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि तिवारी का कार्यकाल पूरी तरह से बेदाग रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ सफी आलम, पुलिस इंस्पेक्टर बृज कुमार, अभिमन्यु सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेमीफाइनल में जवाहर नवोदय और शांति निवास की शानदार जीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय और शांति निवास स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने संत पॉल एकेडमी को 21 रन से हराया। जवाहर नवोदय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 83 रन बनाये। शशिकरण और अमित ने 13-13 रन बनाकर टीम को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। संत पॉल एकेडमी की ओर से उत्कर्ष ने तीन और ऋषभ ने दो विकेट लिये। संत पॉल एकेडमी की टीम जब जवाबी पारी खेलने उतरी, तो वे केवल 63 रन ही बना पाई। उत्कर्ष ने सर्वाधिक 13 रन बनाये, लेकिन जवाहर नवोदय विद्यालय की शानदार गेंदबाजी ने संत पॉल की टीम को 20 रन से कम पर रोक दिया। जवाहर नवोदय की ओर से शशिकरण ने चार और अभिषेक ने तीन विकेट लिये। दूसरे सेमीफाइनल में शांति निवास ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को 9 विकेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जेपीएस सेंट्रल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शांति निवास के गेंदबाज पंकज और आदित्य के सामने उनका बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह ढ़ह गया। जेपीएस की टीम सिर्फ 47 रन पर सिमट गई। पंकज ने चार और आदित्य ने दो विकेट लिये। 48 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शांति निवास की टीम ने पप्पू (26 रन) और विवेक (13 रन) की बेहतरीन पारियों के साथ एक विकेट खोकर जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। परमेश्वरी प्लेयर ऑफ द डे का पुरस्कार जवाहर नवोदय के शशिकरण और शांति निवास के पंकज को सेवानिवृत शिक्षक बलराम तिवारी, सह सचिव प्रिंस सोनी, रोहन तिवारी और शिक्षक सिकंदर खान द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल में हार जीत का हिस्सा है, लेकिन हार से सीखना और उसे सुधारकर आगे बढ़ना ही असली जीत है। हारने वाली टीम को अपनी गलतियों को समझने और अगले साल बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी। मौके पर उपाध्यक्ष चंद्र भूषण सिन्हा, प्रिंस सोनी, मनीष उपाध्याय, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, रोहन तिवारी, मनोज तिवारी, आकाश कुमार, मनीष पाठक, नमन कुमार, गौरव दुबे, नैतिक, मोहसिन अंसारी, दुर्गेश दुबे व कई लोग उपस्थित थे।


**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506, e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Letter. No.: JEPC/ QU/40/122/2025/6609 Date: 30/12/2025

e-Procurement Notice

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) for **Selection of agency for conducting English language training and set up of English language labs in selected Government Schools in Jharkhand.** Bidders can download bid documents from GeM Portal from 31.12.2025 onwards. Last date for receipt of bids through GeM Portal is 19.01.2026. The pre-bid meeting will be held on 06.01.2026. Tender document can be seen in the website https://gem.gov.in/ only. Interested bidder can submit their bid through the portal https://gem.gov.in/.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR.NO.369765 Jharkhand Education Project Council(25-26):D

**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506, e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Letter. No.: JEPC/ QU/40/121/2025/6608 Date: 30/12/2025

e-Procurement Notice

Jharkhand Education Project Council invites Request for Proposal (RFP) for **Selection of Agency for Implementation of Science & Maths Circle activities /Exposure visit within and outside the state/Career Guidance and counselling under PM-SHRI and Science Exhibition /Quiz Competition / Exposure visit outside the state /School Mentoring by HEI (Secondary) under Rashtriya Aviskar Abhiyan (RAA) under Samagra Shiksha Abhiyan.** Bidders can download bid documents from GeM Portal from 31.12.2025 onwards. Last date for receipt of bids through GeM Portal is 19.01.2026. The pre-bid meeting will be held on 06.01.2026. Tender document can be seen in the website https://gem.gov.in/ only. Interested bidder can submit their bid through the portal https://gem.gov.in/.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR 369762 Jharkhand Education Project Council(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–59/2025–26

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 09.01.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 10.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 10.01.2026 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः –1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair of G.S.R. Morabadi having capacity 3 Lakh Gallon RCC sump and other mis work at Morabadi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi | 23,91,403.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 2. | Repairing of Roof Through water proof treatment plaster & painting work of Outer wall and Boundary wall, pipe line, Drain and changing off PVC Tank at D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 15,95,122.00 | 32,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 3 | PCC Work and drainage work in front of Pahari mandir pump house, construction of different size sluice valve chamber and Others Miscellaneous Wprk at Ratu Road Water Tower Campus under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 7,81,104.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 4 | Renovation of W.T.P. Laboratory with Provision for Bathroom Renovation, Septic Tank, and Drain Construction under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 16,26,495.00 | 33,000.00 | 5000.00 | 1 माह |
| 5 | Renovation of Chlorinator Room and Filter Bed Building at W.T.P., Gonda, Ranchi under D. W. & S. Divi sion, Gonda, Ranchi. | 23,65,153.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 1 माह |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.369810 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

# नव वर्ष की चुनौती

नव वर्ष 2026 में राजनीतिक हल्को में सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल की चुनाव की होगी। पीएम मोदी चुनाव प्रचार आंरभ कर चुके हैं। बिहार में भाजपा की बड़ी जीत से मोदी और एनडीए का मनोबल बढ़ा हुआ है। साथ ही हुमायूं कबीर जैसे नेता बाबरी मस्जिद बनवाने की शुरूआत कर परोक्ष रूप से ध्रुवीकरण में भाजपा की मदद कर रहे हैं। बचा हुआ काम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत पूरा करने की कोशिश में लग गये है। श्री भागवत ने कोलकाता में कहा कि यदि सभी हिंदू एकजुट होकर खड़े हो जाएं, तो प. बंगाल की स्थिति को बदलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उनका यह बयान चुनावी पृष्ठभूमि तैयार करने की तरह देखा जा रहा है। अगर संसद कभी संविधान में संशोधन करके वह शब्द जोड़ने का फैसला करती है, तो करें या न करें, ठीक है। हम हिंदू हैं, यही सत्य है। संघ बिहार चुनाव हो या बंगाल देश भर में भाजपा की रीढ़ है। यह किसी से छिपा नहीं है कि भाजपा संघ की राजनीति ईकाई है। यह भी स्वीकार करना होगा कि भाजपा शासित सरकारों को विकास के साथ ही राष्ट्रवाद बढ़ाने की जबावदेही होती है। लेकिन आर्थिक मसलों पर राजनीति नहीं चल सकती। देश की आर्थिक हालत का मूल्यांकन सिर्फ जीडीपी से नहीं हो सकता। आज भी देश में 90 प्रतिशत कामगार 30 हजार रुपये से कम वेतनमान पर काम करने को मजबूत हैं। श्रम कानून लागू किये गये हैं लेकिन इसके क्रियान्वयन पर शक की पूरी गुंजाईश है क्योंकि पहले भी कानून कोने में सिसकता रहा और पूंजीपतियों ने जैसे भी चाहा मजदूरों का शोषण किया है। गिग ईकोनॉमी से देश को बचाना 2026 की सबसे बड़ी चुनौती है और इसे समाप्त करके ही भारत एक विकसित देश बन सकता है। आर्थिक चुनौतियों पर राजनीति संभव नहीं है उससे जीते बिना सामने हार ही होगी।




**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला :** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुम्भ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )


*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# नव वर्ष का उमंग स्वास्थ्य, सावधानी के संग

**नववर्ष** अर्थात वर्ष का पहला दिन पहली जनवरी को संसार के अधिकांश लोग अपने नए वर्ष अर्थात साल की शुरूआत करते हैं। विश्व भर में अनेक पचांग अर्थात कई कैलेंडर हैं और प्रत्येक कैलेंडर का नववर्ष अलग-अलग होता है। अकेले भारत में ही लगभग पचास पंचांग अर्थात कैलेंडर हैं और इनमें से अनेक का नववर्ष अलग- अलग दिनों पर होता है। ग्रेगोरियन पंचांग अर्थात कैलेंडर के आधार पर नववर्ष प्रथम जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत रोमन कैलेंडर से हुई है। पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष एक मार्च से प्रारम्भ होता है। प्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने 47 ईसा पूर्व में इस कैलेंडर में परिवर्तन किया और इसमें जुलाई माह जोड़ा। इसके बाद उसके भतीजे के नाम के आधार पर इसमें अगस्त माह जोड़ा गया। वर्तमान में प्रचलित कैलेंडर को पोप ग्रेगोरी अष्टम ने 1582 में तैयार करते हुए इसमें लीप ईयर का प्रावधान किया था। ईसाइयों का एक अन्य पंथ ईस्टर्न आर्थोडॉक्स चर्च तथा इसके अनुयायी ग्रेगोरियन कैलेंडर को मान्यता न देकर पारंपरिक रोमन कैलेंडर को ही मानते हैं। इस कैलेंडर के अनुसार नववर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस कैलेंडर की मान्यता के अनुसार जॉर्जिया, रूस, यरूशलम, सर्बिया आदि में 14 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है।



प्राचीन काल से ही पंचांगों अर्थात कैलैंडरों के मामले में भारत अत्यंत समृद्ध रहा है। वर्तमान में देश में विक्रम संवत, शक संवत, हिजरी संवत, फसली संवत, बांग्ला संवत, बौद्ध संवत, जैन संवत, खालसा संवत, तमिल संवत, मलयालम संवत, तेलुगु संवत आदि अनेक संवत प्रचलित हैं। इनमें से हर एक के अपने अलग-अलगनववर्ष होते हैं, परन्तु देश में सर्वाधिक प्रचलित संवत विक्रम और शक संवत है। उल्लेखनीय है कि विक्रम संवत गुप्त सम्राट विक्रमादित्य ने उज्जयनी में शकों को पराजित करने की याद में शुरू किया था। यह संवत 58 ईसा पूर्व शुरू हुआ था। विक्रम संवत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है, जो लगभग मार्च-अप्रैल के करीब पड़ता है और शक संवत का प्रारंभ कार्तिक से जो अक्तूबर-नवंबर के आस- पास आता है। अंग्रेजी नव वर्ष के सबसे करीब हम लोग जो त्योहार मनाते हैं वह लोहड़ी, भोगली बिहू, पोंगल, गुड़ी पड़वा या मकर संक्रांति मान सकते हैं।



-अशोक प्रबुद्ध

> विश्व भर में अनेक पचांग अर्थात कई कैलेंडर हैं अकेले भारत में ही लगभग पचास पंचांग अर्थात कैलेंडर हैं और इनमें से अनेक का नववर्ष अलग- अलग दिनों पर होता है।ग्रेगोरियन पंचांग अर्थात कैलेंडर के आधार पर नववर्ष प्रथम जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत रोमन कैलेंडर से हुई है। पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष एक मार्च से प्रारम्भ होता है। प्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने 47 ईसा पूर्व में इस कैलेंडर में परिवर्तन किया और इसमें जुलाई माह जोड़ा।

भारतीय पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार जिस दिन सृष्टि का चक्र प्रथम बार विधाता ने प्रवर्तित किया, उस दिन चैत्र शुक्ल प्रथमा रविवार था। चैत्र के महीने के शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि अर्थात प्रतिपद या प्रतिपदा को सृष्टि का आरंभ हुआ था। इसीलिए भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रारम्भ होता है। इस दिन ग्रह और नक्षत्र में परिवर्तन होता है और भारतीय महीने की शुरूआत इसी दिन से होती है ।इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था और भगवान विष्णु का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। वासन्तीय नवरात्र की प्रारम्भ भी इसी दिन से होती है।प्रतिपदा से ही चैत्र नवरात्र प्रारम्भ होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन उत्तर भारत के अतिरिक्त गुड़ी पड़वा और उगादी के रूप में भारत के विभिन्न हिस्सों में नववर्ष मनाया जाता है। सिंधी लोग इसी दिन चेटी चंद्र के रूप में नववर्ष मनाते हैं। शक सवंत को शालीवाहन शक संवत के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसे शक सम्राट कनिष्क ने 78 ईस्वी में शुरू किया था। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने इसी शक संवत में मामूली फेरबदल करते हुए इसे राष्ट्रीय संवत के रूप में अपना लिया। राष्ट्रीय संवत का नव वर्ष 22 मार्च को होता है जबकि लीप ईयर में यह 21 मार्च होता है। चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को विक्रमीय संवत की दृष्टि से नववर्ष मनाया जाता है। ब्रज में इस दिन नीम की पती और मिश्री खाने की परम्परा है । सात ग्रहों के नाम पर सप्ताह के दिनों के नाम संस्कृत भाषा में अभिहित किये जाने की भांति ही प्राचीन भारतीय पंचांग अर्थात कैलेंडर संस्कृत में ही निर्मित किया गया था। यहां से वह मिश्र को गया। प्राचीन भारतीय पंचांग में वर्ष के बारह महीनों के नाम बारह राशि चिह्नों के नाम पर रखे गए थे, अर्थात प्रत्येक नक्षत्र में सूर्य की स्थिति -मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या आदि इसी प्रकार से, महीनों के नामों की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार, महीनों के नाम संस्कृत के शब्दों के अनुरूप हैं। उल्लेखनीय है कि दशअंबर दिसंबर है, दश का अर्थ संस्कृत में दस होता है, अंबर का अर्थ है आकाश, दशंबर का तात्पर्य दसवें आकाश से है। नवअंबर नवंबर है, जिसका तात्पर्य है नौंवा आसमान। अक्तूबर अष्टमबर है, तात्पर्य आठवें आसमान से है। सितंबर का तात्पर्य सातवें आसमान से है। देखिए, यदि सिर्फ एक ही शब्द ऐसा हो तो इसे संयोग माना जा सकता है परंतु यदि सभी नाम इसी प्रकार से मिलते हैं तो यह संयोगवश नहीं हो सकता। शष्ठ का अर्थ होता है छठवाँ, अर्थात, अगस्त यह आठवां महीना नहीं है, अगस्त छठा महीना है (यदि आप मार्च से शुरू करते हैं)। यदि आप फरवरी में आते हैं, तो हम अक्सर कहते हैं कि साल का अंत खत्म होता है। फरवरी माह का आखिरी महीना है, बारहवाँ महीना। मार्च नए साल का पहला महीना है। इस्लामिक पंचांग अर्थात कैलेंडर को हिजरी साल के नाम से जाना जाता है और इसका नववर्ष मोहर्रम माह के प्रथम दिन होता है। हिजरी कैलेंडर कर्बला की लड़ाई के पहले ही निर्धारित कर लिया गया था। इस कैलेंडर में चंद्रमा की घटती - बढ़ती चाल के अनुसार दिनों का संयोजन नहीं किया गया है। लिहाजा इसके महीने हर साल करीब 10 दिन पीछे खिसकते रहते हैं।

भारत के पड़ोसी देश चीन का भी अपना एक अलग कैलेंडर है। प्रायः सभी प्राचीन सभ्यताओं के अनुसार चीन का कैलेंडर भी चंद्रमा गणना पर आधारित है। इसका नया साल 21 जनवरी से 21 फरवरी के मध्य आता है। चीनी वर्ष के नाम 12 जानवरों के नाम पर रखे गए हैं। चीनी ज्योतिष में लोगों की राशियां भी 12 जानवरों के नाम पर होती हैं। चीनी मान्यतानुसार यदि किसी की बंदर राशि है और नया वर्ष भी बंदर आ रहा हो तो वह साल उस व्यक्ति के लिए विशेष तौर पर भाग्यशाली माना जाता है। अब एक जनवरी को नववर्ष के जश्न के रुप में मनाया जाता है।

## खास बात

### अंकुश लगे

राजनीतिक अधोपतन को दशार्ता दलबदल सत्तारूढ़ पक्ष-विपक्ष की स्वार्थी राजनीति का खुलासा करने वाला रहा। आमजन अपने वोट का उपयोग पूरी निष्ठा-निष्पक्षता से योग्य उम्मीदवार को विश्वसनीय पार्टी-दल की अहमियत समझकर करता है। विजयी उम्मीदवार आर्थिक लोलुपतावश दल बदलने की ताक में विश्वासघाती कदम उठाता है। दलबदलू उम्मीदवारों को किसी भी पार्टी में प्रवेश न देकर निष्कासित करने का कानून प्रावधान निश्चित किया जाना चाहिए।

**-अनिल कौशिक, सरायकेला**

### विरोध की तार्किकता

किसान आंदोलन को मोदी विरोधियों ने हाईजैक कर लिया है। वहीं संगीन आरोप में गिरफ्तार उमर खालिद और शरजील इमाम के पोस्टर लगाकर उनकी रिहाई की मांग की जा रही है। दूसरी ओर आंदोलन में शामिल महिलाओं द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहे जा रहे हैं। क्या देश के सच्चे किसान इस तरह की हरकतें कर सकते हैं? केंद्र सरकार को ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।

**- राम मूरत राही, रांची**

### संवेदनशील हो व्यवहार

आज देश का किसान अपनी बात सुनाने के लिए आंदोलन करने पर मजबूर है। मान भी लिया जाये कि किसान भ्रमित है, क्या सरकार के प्रयास जनतांत्रिक मूल्यों पर खरे उतरते हैं? किसान छोटा हो या बड़ा, अशोभनीय उपमाओं का हकदार तो कतई नहीं है।

**एमके मिश्रा, रांची, झारखंड**

### नेतृत्व का संकट

**जिसे** आजादी के बाद चौधरी चरणसिंह ने समझा था कि देश के लिए विकास का जो मॉडल तैयार हुआ है वह सामाजिक-आर्थिक रुप से गलत था। **- रवि, रांची**

# नये साल में वाहन उद्योग में बेहतर उम्मीद, 2025 में रिकार्ड बिक्री



**अन्नू अंबालिका**

उद्योग साल 2025 को रिकॉर्ड बिक्री के साथ करेगा विदा, कुल बिक्री 2.8 करोड़ के पार हो गया।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार, आयकर स्लैब में बदलाव और नीतिगत दर में चार कटौतियों के कारण संभव हुई है।

वाहन क्षेत्र साल 2025 को शानदार बिक्री के साथ अलविदा करने के लिए तैयार है। साल की शुरूआत में बिक्री में सुस्ती से उबरते हुए 31 दिसंबर तक कुल बिक्री 2.8 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद है। वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, रविवार तक वाहनों की कुल बिक्री 2.79 करोड़ तक पहुंच गई थी। मौजूदा दैनिक औसत बिक्री 77,000 से अधिक वाहनों के साथ उद्योग इस साल 2.82 करोड़ से अधिक बिक्री की ओर अग्रसर है। यह जबरदस्त इजाफा है। महामारी से पहले 2018 में 2.54 करोड़ वाहनों की बिक्री के बाद 2024 में ही उससे अ?धिक बिक्री हो पाई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार, आयकर स्लैब में बदलाव और नीतिगत दर में चार कटौतियों के कारण संभव हुई है।

वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ वाहन डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, ह्यजीएसटी सुधार लागू होने यानी 22 सितंबर तक उद्योग के लिए यह एक सुस्त वर्ष था जहां वृद्धि दर एक अंक में थी।ह्व

फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने

## आर्थिक

कहा, मगर जीएसटी सुधार के साथ ही ?स्थिति बदलने लगी और दर कटौतियों के कारण कम ब्याज दरों पर रकम की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। आयकर स्लैब में बदलाव से मध्यवर्ग को काफी राहत मिली। इन सब उपायों के कारण ग्राहकों के पास अतिरिक्त रकम आई और लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी। इस प्रकार यह वाहन क्षेत्र के लिए सबसे अच्छा वर्ष रहा।

उद्योग ने अक्टूबर में 40 लाख वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की और उसके बाद नवंबर में 33 लाख वाहनों की बिक्री हुई। दिसंबर में रविवार तक 17.9 लाख वाहनों की बिक्री हो चुकी थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया, तिपहिया, यात्री एवं वा?णि?ज्यिक वाहन सहित उद्योग की कुल बिक्री अगस्त तक 1.05 करोड़ वाहनों की रही जो एक साल पहले की समान अव?धि के मुकाबले महज 2.9 फीसदी अधिक है। फरवरी और मार्च जैसे महीनों में बिक्री नकारात्मक रही। खबरों से संकेत मिलता है कि जीएसटी 2.0 सुधार के कारण सभी श्रे?णियों की कीमतों में 5 से 13 फीसदी की कटौती हुई।

गिरिधर ने कहा, ह्यमैंने अपने करियर के पिछले तीन दशक के दौरान कीमतों में इतनी भारी कटौती नहीं देखी। मूल उपकरण निमार्ता (ओईएम) भी मांग में वृद्धि के बावजूद छूट को अगस्त तक जारी रखे रहे। इससे ग्राहकों की दिलचस्पी को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि यात्री वाहन श्रेणी में प्रवेश स्तर के मॉडल अब एसयूवी से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे अब पिछले कुछ वर्षों के रुझान को तोड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण मांग भी बढ़ने लगी है। उद्योग ने यह भी बताया है कि मॉनसून और फसलों की अच्छी कीमतों से भी बिक्री को पटरी पर लौटने में मदद मिली।

इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) श्रीकुमार कृष्णमूर्ति ने कहा, ह्यत्योहारी सीजन ने दमदार खपत आधार को मजबूत किया और उसे अच्छे मॉनसून, फसलों की अच्छी कीमत के कारण अनुकूल ग्रामीण धारणा, जीएसटी सुधार के सकारात्मक प्रभाव और ब्याज दर में कटौती का समर्थन मिला।ह्व कृष्णमूर्ति ने कहा कि स्थिर आ?र्थिक गतिविधि के बीच आगामी वर्ष में मांग स्थिर रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ह्यआपूर्ति श्रृंखला से संबंधित बाधाएं, वैश्विक मांग में नरमी और अमेरिकी टैरिफ जैसे कारकों पर नजर रखने की जरूरत होगी।

# 2026 में भारत के वस्त्र उद्योग को मिलेगी नयी रफ्तार, अब वैश्विक बाजार में दौड़ने को तैयार

**अजय**

**वस्त्र** और परिधान के क्षेत्र में भारत की लंबी गिरावट का कारण कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति या कमजोर कारखाने नहीं थे, बल्कि खराब नीतियां थीं। बता रहे हैं अजय वस्त्र और परिधान के क्षेत्र में भारत की लंबी गिरावट का कारण कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति या कमजोर कारखाने नहीं थे, बल्कि खराब नीतियां थीं। कई वर्षों तक अपने ही सिंथेटिक उद्योग को नुकसान पहुंचाने के बाद, आखिरकार देश उन बाधाओं को दूर कर रहा है जिन्होंने इसे पीछे रखा था। नीति में सुधार शुरू हो गया है ऐसे में अब क्रियान्वयन, उद्योग का दायरा और गति सबसे महत्त्वपूर्ण हैं। अब बदलाव शुरू हो सकता है।

पिछले साल चीन ने 113 अरब डॉलर के परिधानों का निर्यात किया, बांग्लादेश ने 51 अरब डॉलर और वियतनाम ने 39 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि भारत, कपड़ा के क्षेत्र में अपनी समृद्ध विरासत के बावजूद केवल 17 अरब डॉलर का निर्यात कर पाया। कपड़ा क्षेत्र में भारत क्यों है कमजोरः भारत ने उस सिंथेटिक कपड़ा क्रांति पर ध्यान नहीं दिया जो वैश्विक परिधान व्यापार के 70 प्रतिशत हिस्से को चलाती है। सिंथेटिक कपड़ों के दम पर स्पोर्ट्सवियर, विंटरवियर, एथलीजर और फास्ट फैशन को ताकत मिलती है जिन श्रेणियों का अमेरिका, यूरोप और पूर्वी एशिया में दबदबा है। वियतनाम और बांग्लादेश ने इस मांग को पूरा करने के लिए सुगम, कम लागत वाली सिंथेटिक कपड़ों की आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाईं। भारत कपास से चिपका रहा और यही नहीं उसने शुल्क, एंटी-डंपिंग कदमों और व्यापक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के माध्यम से सिंथेटिक कपड़ों को काफी महंगा बना दिया, जिससे आयात प्रतिबंधित हो गया और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सर्दियों के कपड़ों (विंटरवियर) के क्षेत्र से तेजी से बाहर हो गए। इसका सीधा असर कारखाने में दिखाई देता है। भारत के अधिकांश कारखाने कपास वाले वसंत और गर्मियों के सीजन के दौरान ही पूरी क्षमता से चलते हैं और शरद ऋतु तथा सर्दियों में यहां निष्क्रियता बनी रहती हैं, जब सिंथेटिक कपड़ों के बलबूते वैश्विक ऑर्डर मिलता है। तो इन कारखानों पर लागत तो साल भर रहती है, लेकिन राजस्व नहीं। आधुनिक परिधान के विकास इंजन सिंथेटिक कपड़ों को अनदेखा करके, भारत ने अपने वस्त्र उद्योग को एक तरह से पंगु बना दिया है जिससे उत्पादन सीमित हो गया, मजदूरी घट गई और उस क्षेत्र में बाजार हिस्सेदारी खो गई जहां भविष्य टिका हुआ है। अच्छी खबर यह है कि अब ऐसी स्थिति नहीं है।

### चार सुधार

## उम्मीद

हाल के नीतिगत बदलावों ने उन चार प्रमुख बाधाओं को दूर कर दिया है जिन्होंने भारत को सिंथेटिक परिधानों में अप्रतिस्पर्धी बना दिया था। पहला, सरकार ने पॉलिएस्टर और विस्कोस फाइबर व यार्न जैसे 20 से अधिक सिंथेटिक कच्चे माल पर क्यूसीओ वापस ले लिया है, जिससे वैश्विक कच्चे माल तक पहुंच हासिल हो गई है। कच्चे माल की कीमतें पहले से ही गिर रही हैं, जिससे निमार्ताओं को प्रतिस्पर्धा करने का वास्तविक मौका मिल रहा है।

दूसरा, श्रम सुधारों ने औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत श्रमिक सीमा को 100 से बढ़ाकर 300 कर दिया है, जबकि तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य अब काम के समय में लचीलापन बरतने की अनुमति देते हैं।इससे कारखानों के लिए साल भर कर्मचारियों को काम पर रखना, विस्तार करना और चलाना आसान हो जाता है।

तीसरा, भारत मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से अमेरिकी टैरिफ से हुए नुकसान को कम कर रहा है। भारतीय परिधानों को ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) में 8-12 फीसदी और अमेरिका में 22 फीसदी तक शुल्क का सामना करना पड़ता था जबकि वियतनाम और बांग्लादेश शून्य शुल्क का भुगतान करते थे। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता पूरा होने और यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ बातचीत आगे बढ़ने के साथ, हाल ही में अमेरिका की तरफ से व्यापार के मोर्चे पर उठाए गए कदमों के बावजूद टैरिफ समानता करीब है। अंत में, सरकार ने वस्तुओं और सेवाओं की कर विसंगतियों को ठीक कर दिया है, जिसमें तैयार परिधानों की तुलना में रेशे और धागे पर अधिक दरों पर कर लगाया जाता था। इससे नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है और कारखानों को पूरी तरह से संचालित करने का मौका मिलता है।

भारत को अब क्या करना चाहिएः सबसे महत्त्वपूर्ण विकृतियों के दूर हो जाने के बाद, भारत को अब उस दूसरे स्तर की चुनौती को दूर करना चाहिए जो इस क्षेत्र को पीछे खींच रहा है। सबसे पहले, फाइबर और धागे के कम मूल्य वाले निर्यात को प्रोत्साहित करना बंद करें। वर्तमान छूटें वास्तव में इन्हें घरेलू स्तर की तुलना में विदेश में बेचना सस्ता बनाती हैं, जिससे भारतीय परिधान निमार्ताओं को किफायती कच्चे माल की कमी हो जाती है। भारत को कच्चे माल नहीं, तैयार परिधान को बढ़ावा देना चाहिए।

दूसरा, भारत की वस्त्र श्रृंखला यानी बुने हुए कपड़े और इसके प्रसंस्करण की सबसे कमजोर कड़ी को ठीक करें। भारत बहुत अधिक धागे का निर्यात करता है लेकिन इसके पास वैश्विक कपड़ा बाजार का केवल 6 फीसदी हिस्सा है क्योंकि इसकी बुनाई और प्रसंस्करण इकाइयां छोटी, पुरानी और असंगठित हैं। धागे की ताकत को कपड़े के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता की भूमिका में बदलने के लिए भारत को बड़े, आधुनिक, एकीकृत बुनाई और प्रसंस्करण पार्क बनाने चाहिए। चीन ने इसी तरह कपड़े के क्षेत्र में अपनी ताकत बनाई है।

तीसरा, निर्यात के नियमों को सुधारें। अभी जो नियम है, उसके हिसाब से अगर कोई निर्यातक बाहर से कपड़ा मंगाता है, तो उसे यह हिसाब देना होता है कि उस कपड़े से उसने कौन सा परिधान बनाया। बड़ी-बड़ी कंपनियों में सैकड़ों तरह के कपड़े और डिजाइन बनते हैं, इसलिए ये हिसाब रखना लगभग नामुमकिन है। इसकी जगह, भारत को बांग्लादेश की तरह नियम बनाना चाहिए। बांग्लादेश में कंपनियों को उनके निर्यात के मूल्य के हिसाब से कुछ फीसदी तक कच्चा माल आयात करने की छूट मिल जाती है। आखिर में, सीमा शुल्क के नियमों को आसान बनाया जाए ताकि बटन, जिप और लेबल जैसी छोटी-मोटी चीजों को बिना आयात शुल्क के मंगाया जा सके। इसके लिए सिर्फ घोषणा करनी हो और जोखिम के हिसाब से जांच हो। अभी के नियम में तो कम कीमत वाली चीजों के लिए भी बहुत जानकारी देनी पड़ती है।

# हजारीबाग सेंट्रल जेल से तीन कैदी फरार

## पांच लेयर सुरक्षा तोड़कर भागे तीन सजायाफ्ता कैदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिस जेल को झारखंड की सबसे सुरक्षित और अभेद्य कारा व्यवस्था का प्रतीक माना जाता है, उसी लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा, हजारीबाग से तीन कैदियों की मध्यरात्रि फरारी ने पूरे प्रशासनिक तंत्र की नींद उड़ा दी है। पांच लेयर सुरक्षा, सशस्त्र पहरे और सीसीटीवी निगरानी के दावों के बीच कैदियों का यूं भाग निकलना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि जेल प्रबंधन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरार तीनों कैदी धनबाद जिले के निवासी हैं। घटना रात करीब एक से दो बजे के बीच की बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों कैदी शौचालय जाने के



बहाने बैरक से बाहर निकले और सुनियोजित तरीके से फरारी को अंजाम दिया। उन्होंने शौचालय की खिड़की को रास्ता बनाया और चार नंबर गुमटी के पास से टेंट हाउस में उपयोग होने वाले कपड़े के टुकड़ों को जोड़कर रस्सी तैयार की। इसी रस्सी के सहारे कैदियों ने जेल की ऊंची दीवार पार कर ली।

घटना स्थल पर अब भी कपड़े से बनी रस्सी लटकी मिली है, जो जेल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है। जेल अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने फरारी की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन, जिला पुलिस और प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। इसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और हजारीबाग पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। इस फरारी ने जेल की अंदरूनी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कागजों में भले ही जेल में एक जेलर और आठ सहायक कारा पाल के पद स्वीकृत हों, लेकिन हकीकत यह है कि वर्तमान में एक भी नियमित कारा पाल या सहायक कारा पाल पदस्थापित नहीं है। आरोप है कि वर्तमान जेल अधीक्षक ने अपने चहेते कर्मियों को इन पदों पर तैनात कर विभाग को गुमराह किया है, जिसके कारण यहां बार-बार बड़ी घटनाएं घट रही हैं। गौरतलब है कि यह जेल खूंखार अपराधियों, नक्सलियों और हाई-प्रोफाइल विचाराधीन कैदियों के लिए जानी जाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल आईजी स्वयं हजारीबाग पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच की। सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ सुरक्षा में चूक है या फिर इसके पीछे अंदरूनी मिलीभगत की गहरी साजिश? जवाब जो भी हो, लेकिन इस सनसनीखेज फरारी ने झारखंड की जेल व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गहरा सवालिया निशान जरूर लगा दिया है।

# धनवार गांव में दिसंबर महीने का राशन गबन

### बरही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने की जन वितरण दुकान की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बरही के धनवार गांव के राशन लेने वाले लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर आंगन महिला मंडल के अध्यक्ष पर दिसंबर माह का राशन गबन कर लेने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के आवेदन पर बुधवार 31 दिसंबर को बीएसओ संजय कुमार यादव ने आंगन महिला मंडल के धनवार स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच की और ग्रामीणों के आरोप को सही पाया। जांच के दौरान जन वितरण प्रणाली के दुकान और उससे से जुड़े लाभुकों से पुछताछ की जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। जांच के बाद बीएसओ ने डीएसओ हजारीबाग को रिपोर्ट भेज दी है और कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आंगन महिला मंडल अनुज्ञप्ति संख्या 02/09 की अध्यक्ष अकीना खातून महिला मंडल की अन्य सदस्यों को छोड़कर मनमाने ढंग से गड़बड़ी कर दिसंबर माह का अनाज लाभुकों को नहीं दिया। लाभुकों को दिग्भ्रमित कर उनका फिंगर प्रिंट ई पोश मशीन में ले लिया और राशन वितरण नहीं किया।

आंगन महिला मंडल की अध्यक्ष अकीना खातून ने ज्यादा लाभ कमाने के लिए राशन को खुले बाजार में बेच दिया। अकीना खातून ने जनवरी का राशन भी उठाव कर लिया है। बीएसओ संजय यादव ने अनियमितता पाए जाने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से तत्काल प्रभाव से अनुज्ञप्ति को निलंबित करने की अनुशंसा की है। आंगन महिला मंडल की सचिव खैरुन निशा, कोषाध्यक्ष आमना खातून, सदस्य समीना खातून, अमीना खातून, जुलैखा खातून, मुनिया खातून, समीना खातून और रसीदा खातून ने अध्यक्ष अमीना खातून को अध्यक्ष पद से अविलंब बर्खास्त करने की मांग की है।

# रामगढ़ जिले में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : रोशन चौधरी

## भुरकुंडा में विजय ज्वेलर्स के संचालक से मिले विधायक

खबर मन्त्र संवाददता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित विजय ज्वेलर्स में हुई करोड़ों की डकैती की घटना को लेकर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को विधायक स्वयं भुरकुंडा पहुंचे और ज्वेलरी शोरूम के प्रोपराइटर किशोरी वर्मा एवं डकैती के समय मौजूद उनके पुत्र विजय वर्मा से पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर ही विधायक रोशन लाल चौधरी ने रामगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार से फोन पर बातचीत कर दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान एसपी अजय कुमार ने विधायक को भरोसा दिलाया कि पुलिस मामले के उद्भेदन में जुटी है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया



जाएगा। 20 दिसंबर की शाम को हुई इस बड़ी डकैती की घटना पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए विधायक श्री चौधरी ने कहा कि रामगढ़ जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उसी रात उन्होंने एसपी से बातचीत की थी और भाजपा का प्रतिनिधि मंडल भी विजय ज्वेलर्स दुकान पर पहुंचा था। विधायक ने कहा कि रामगढ़ जिला राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह जिला है, ऐसे में पुलिस प्रशासन के लिए यह घटना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रखने के लिए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी बेहद जरूरी है। मौके पर भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सह मुखिया अजय पासवान, सूरज शर्मा, विनोद सिंह, योगेश दांगी, राजेश सोनी, मिंटू सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फ्लैट स्टील उत्पादों पर ड्यूटी का नवीन जिंदल ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** फ्लैट स्टील उत्पादों पर सरकार द्वारा सेफगार्ड ड्यूटी लगाए जाने का इंडियन स्टील एसोसिएशन ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने इसे घरेलू स्टील बाजार को स्थिर रखने की दिशा में एक सोच-समझकर लिया गया संतुलित कदम बताया।

नवीन जिन्दल ने कहा कि सेफगार्ड ड्यूटी का उद्देश्य देश में स्टील की निरंतर और भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करना है, ताकि उपभोक्ताओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी इसका सकारात्मक असर पड़े। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर स्टील उद्योग कमजोर मांग और अतिरिक्त उत्पादन की समस्या से जूझ रहा है, जबकि भारत का स्टील सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा



है। उन्होंने बताया कि भारत में स्टील क्षेत्र की यह प्रगति बढ़ती घरेलू मांग और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के लक्ष्य को साकार करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहे निरंतर निवेश का परिणाम है। लेकिन इसी बढ़ती मांग को देखते हुए चीन, जापान, कोरिया और वियतनाम जैसे देशों से सस्ते स्टील को भारतीय बाजार में खपाने की कोशिशें की जा रही हैं, जिससे घरेलू उद्योग, नए निवेश और रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ता है। श्री जिंदल ने स्पष्ट किया कि सेफगार्ड ड्यूटी ऐसे अनुचित दबावों को रोकने में सहायक होगी। इससे घरेलू स्टील उद्योग को संरक्षण मिलेगा, बाजार में संतुलन बना रहेगा और स्टील वैल्यू चेन मजबूत होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मौजूदा वैश्विक आपूर्ति असंतुलन को देखते हुए सरकार भविष्य में भी घरेलू स्टील क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास के लिए आवश्यक व्यापारिक उपायों पर विचार करती रहेगी।

## एसडीओ व एसडीपीओ ने पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण

**बरही।** बरही एसडीओ जोहन टुडू एवं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बुधवार को ज्वाहर घाट और चमेली झरना का निरीक्षण किया। नववर्ष पर यहां पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं। एसडीओ ने सबसे पहले पिकनिक स्पॉट का जायजा लिया, इसके अलावा पिकनिक के दौरान होने वाली प्रत्येक गतिविधि, स्नान घाटों पर पानी की गहरी तथा सैलानियों के डूबने की आशंका आदि का आकलन किया। साथ ही इस दौरान उन्होंने कहा कि नववर्ष पर पिकनिक के दौरान विधि - व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पिकनिक स्थलों पर गश्त लगाती रहेगी, इसके बाद सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि पिकनिक मनाने वालों से शराब पीकर बाइक नहीं चलाने, पिकनिक के दौरान गहराई वाली पानी में नहीं उतरने तथा शाम ढलने के पूर्व ही घर लौट जाने की अपील की है।

## जेएलकेएम ने मनाया शहादत दिवस

**विष्णुगढ़** । खरकी पंचायत के बलकमक्का शहीद स्थल में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई द्वारा झारखंड अलग राज्य, जल-जंगल,जमीन की रक्षा तथा बहुजनों के खिलाफ हो रहे शोषण, अन्याय और दमन के विरुद्ध चले ऐतिहासिक आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले झारखंड आंदोलनकारी शहीद साधु महतो, साईनाथ महतो, शनीचर महतो, सोहर महतो,मोहर महतो, केवल महतो एवं बोधराम महतो की समाधि स्थल में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शहादत दिवस मनाया गया।। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो शामिल हुए। डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो द्वारा वीर शहीदों के परिवारजनों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने शहीदों को याद कर नमन करते हुए कहा कि जिनके खून से आज झारखंड अलग राज्य बना, सैकड़ों शहीद हुए ,हजारों जेल गए लेकिन बहुत दुख की बात है कि पूर्ण बहुमत की झारखंड सरकार शहीदों को शहीद का दर्जा न देकर अनदेखा कर रही है।बल्कि आभास तक नहीं कर रही है। आंदोलनकारी ,शहीदों के परिवारों को स्वास्थ्य, रोजगार ,हाल चाल, दैनिक स्थिति कैसी है ,उनके वंशज में कोई बचा भी है या नहीं सूद तक नहीं ले रही है । झारखंड सरकार को निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री को केवल अपने परिवार वालों को चिंता है, बाकी झारखंड सरकार झारखंड की जनता ,झारखंड आंदोलनकारियों , वीर शहीदों को नजर अंदाज कर झारखंड सरकार केवल और मलाई खाने का काम कर रही है। झारखंड सरकार झारखंड की जनता को बेहतर शिक्षा , स्वास्थ्य, रोजगार प्रखंड स्तर पर उपलब्ध करवाएं। आंदोलनकारियों , वीर शहीदो को का दर्जा दें उनके परिवारजनों में स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा,रोजगार, पेंशन उपलब्ध करवाएं।

# बुझ जाएं एक फूंक से हम वो आसां चिराग नहीं...

## भुरकुंडा में ठाकुर रघुपति सिंह चौहान की मनी जयंती

### डॉ गजाधर महतो प्रभाकर की दो पुस्तक लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुझ जाएं एक फूंक से हम वो आसां चिराग नहीं!! जलते रहेंगे सबों के दिलों में युगों युगों तक! मिट जाएं आसानी से हम वो शमा नहीं!! ये पंक्तियां कोयलांचल को यह जता रही हैं कि कवि ठाकुर रघुपति सिंह चौहान व्यथित आज भी कविता और साहित्यों में जीवित हैं, अमिट हैं। झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद की ओर से भुरकुंडा पंचायत भवन में बुधवार को ठाकुर रघुपति सिंह चौहान व्यथित की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम कवि जी के चित्र पर अतिथियों व आमजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर क्षेत्र के साहित्यकार और समाजसेवियों ने कवि व्यथित जी साहित्यिक जीवन पर चर्चा की। इस अवसर पर परिषद के महासचिव डॉ गजाधर महतो प्रभाकर की दो खोरठा पुस्तक पुटूस फूल और खोरठा आलेख का अतिथियों ने लोकार्पण किया। मौके डॉ. प्रभाकर ने कहा कि कवि जी के छत्रछाया में कोयलांचल में साहित्यिक गतिविधियों में तेजी आई और इस क्षेत्र से दर्जनों कवि, साहित्यकार आगे बढ़ें और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इस अवसर पर कई अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि कवि जी की जयंती भव्य रूप में आयोजित किए जाने की जरूरत है। मौके पर कई कवियों ने



कहा कि कवि व्यथित जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन साहित्य साधन, साहित्य सेवा में समर्पित किया। आज हमें उनके साहित्यिक जीवन से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को तेज करने की जरूरत है। कहा गया कि कवि जी लगातार नए लिखने पढ़ने वालों की खोज किया करते थें ताकि उन्हें प्रोत्साहित कर मंच प्रदान किया जाए। अतिथियों ने कहा कि सही मायने में कोयलांचल के साहित्यिक पुरोधा थें कवि व्यथित जी। अतिथियों ने स्व. ठाकुर रघुपति सिंह ह्यव्यथितह्न जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्होंने कोयलांचल में साहित्यिक संस्था स्थापित कर साहित्यिक गतिविधि का अलख जगाया एवं नवोदित कवियों को प्रखर मार्गदर्शन किया। उन्होंने व्यथित जी के जीवन से जुड़े कई बातों की चर्चा की। कहा कि व्यथित जीवन भर काव्य गोष्ठी के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किये। उनकी यादें हमसबों के दिलों में हमेशा राज करेगी।

मौके पर क्षेत्र के कवियों व साहित्यकारों ने मैं तो एक ख्वाब हूं, तुमसे बिछड़ जाऊंगा, जब भी खोलोगे पलकें तो बिखर जाऊंगा सहित अपनी अन्य कविताओं से कवि जी को काव्यांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नीलोत्पल रमेश और संचालन सरोज झा झारखंडी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार सिंह ने की। मौके पर चमनलाल, गिरधारी गोप, एम. ए. अंसारी, विजयंत कुमार, मुखिया अजय पासवान, महेश्वर साहू, प्रवीण शर्मा, योगेन्द्र पाठक, पप्पू सिंह, रमाकांत दुबे, डॉ अशरफ अली, अनिल सिंह, बबीता सिंह, मंजीत रंजन, दीनबंधु सिंह, प्रेमनाथ साहू, बलिराम सिंह, गौतम मुखर्जी, अमरेश सिंह, राजीव उरांव, विनय तिवारी, संजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बिजय कुमार, छोटू सिंह, सुनील कुमार सिंह, महाबीर, रामकुमार सिंह, सचिन रंजन, पवन मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मिलोनी क्लब में वॉलीबॉल प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित मिलोनी क्लब में आयोजित एकदिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता मंगलवार की देर रात्रि संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया एवं समापन में खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल कटहारा मैच पोचरा एवं पतरातू की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें विजयी होते हुए पोचरा एवं पतरातू की टीम फाइनल में पहुंचीं। फाइनल मैच में पहले हीं दो राउंड में पोचरा की टीम विजयी रही और प्रतियोगिता की विजेता बनी। पतरातू की टीम रनर रही। विजेता टीम को विनर ट्राफी और नकद 18 हजार रुपए और उपविजेता टीम को रनर ट्राफी और नकद 12 हजार की राशि देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि युवाओं को खेल की प्रति जागरूक देख कर मन प्रसन्न होता है। बॉलीबॉल जैसे खेल को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे हमेशा खेल को बढ़ावा देने के लिए तन्मयता के साथ खड़े हैं। पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट रूप से आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, ट्रेड यूनियन के प्रभुदयाल सिंह, भारतीय नौजवान सेना के अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा, चिप हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय राजेश गुप्ता, संजय पांडेय, राधेश्याम, निवास ठाकुर, राणाप्रताप सिंह, रामअवतार पांडेय आदि उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के आयुष सिंह, प्रकाश यादव, आदर्श सिसोदिया, पिंटू कुमार, आर्यन राज, राज घोष, लक्की कुमार, सचिन भगत, आलोक कुमार, रितेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। विजेता पोचरा की टीम में केडी (कप्तान), छोटी, काला, सुबोध, कृष्णा, साहिल, बीड़ी, पेडकू, राजन और उपविजेता पतरातू की टीम में राजकुमार (कप्तान), आमोन, विपुल, प्रवीण, आशुतोष, रोहित, चुन्नीलाल, सक्षम, रोहित आदि खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया। मौके पर भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### दो दिवसीय कैंप में कई कराटेकार चयनित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कराटे कैंप में बुधवार को वर्ष 2025 की बेस्ट कराटेकार के रूप में केवल लड़कियों का चयन किया गया। यह चयन भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल में चल रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। जहां कोच सेंसाई कंचन दास के मार्गदर्शन में छात्राओं ने पूरे वर्ष विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। कोच कंचन दास ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से जुड़ी इन छात्राओं ने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित बेस्ट कराटेकारों में आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, सिमरन टोप्पो, चित्रलेखा कुमारी, खुशी कुमारी, मयूरी थापा, परी थापा, भूमि करमाली, मानवी गुप्ता एवं अनन्या कुमारी शामिल हैं। इन सभी ने अपने प्रखंड, जिले और माता–पिता का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कोच कंचन दास ने जानकारी दी कि संस्था के टेक्निकल डायरेक्टर जी थापा एवं सितोरियू कराटे के सचिव राकेश कुमार एक्का के मार्गदर्शन में दिसंबर 2025 में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता (जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स परिसर) में 10 वर्षीय बालक शिवांश राज और रेयांश राज (निवासी लाडी, जमशेदपुर) ने कांस्य पदक जीतकर प्रखंड, जिला और राज्य का गौरव बढ़ाया है। संस्था की ओर से दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी गई। कोच कंचन दास ने सभी चयनित कराटेकारों, उनके अभिभावकों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### केरेडारी में पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

**केरेडारी।** सिकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने बुधवार को पतरा कलां मुख्य चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन जांच अभियान के दौरान दर्जनों दोपहिया वाहनों के कागजात हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के जांच की गई! इस दौरान लगभग डेढ़ दर्जन दोपहिया वाहन चालकों के ट्रैफिक नियम का अनुपालन नहीं करने के आरोप में चालान के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया। इस संदर्भ में ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने बताया कि वर्ष के अंतिम दिन केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क के पतरा कलां चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पी कर वाहन चलाने वालों बगैर हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के अपडेट कागजात नहीं रखने वालों को चिह्नित कर चालान के लिए भेजा गया है। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों से आग्रह किया गया कि शराब पी कर वाहन ना चलाएं और वाहन चलाने के दौरान हमेशा हेलमेट का उपयोग करें। आप सुरक्षित रहेंगे तभी आपका परिवार सुरक्षित रहेगा! हमेशा ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करें।

### अलपिटो पंचायत में कंबल वितरित

विष्णुगढ़ । अलपिटो पंचायत के अन्तर्गत ग्राम हेठली बोदरा राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में गाँव के कमजोर व वृद्धजनों को सरकार के द्वारा प्रदत्त पंचायत प्रतिनिधियों ने मिलकर कड़ाके की ठंड में कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में पंचायत के प्रभारी मुखिया विनोद रजक पुर्वि पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक पंचायत सचिव देवनन्दन प्रसाद पंचायत सहायक उमेश यादव वार्ड सदस्य गुल्लीसिंह प्रतिनिधि उपेन्दर पाठक कालेश्वर पासवान भुवनेश्वर यादव पप्पू सिंह मिलकर सामूहिक रूप से गाँव के गरीब कमजोर व ठंड से परेशान जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया ।

### जुबिली महाविद्यालय में विदाई समारोह



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली महाविद्यालय में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गयस। महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. बालकृष्ण को शासी निकाय द्वारा बुधवार को महाविद्यालय का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति वर्तमान प्राचार्य डॉ. ए.के. एस झा के सेवा निवृत्त होने के पश्चात की गई। नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. ए.के. एस झा के सम्मान में महाविद्यालय प्रांगण में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एके एस झा ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए समस्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं नव नियुक्त प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण ने महाविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास के लिए सभी के सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी पांडे ने किया। समारोह में प्रो. राजेश कुमार, प्रो. आलोक कुमार, प्रो टी. के. झा, प्रो. बी. रविदास, प्रो. अरुण सिंह, प्रो. मिथिलेश कुमार, प्रो. एके मिश्रा, प्रो. एसएस कुमारी, राम प्रवेश, संध्या सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# राज्य सरकार लूट खसोट की योजनाओं को दे रही प्राथमिकता : डॉ. नीरा यादव

- कोडरमा विधायक ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर अपनी एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव के प्रयासों का प्रतिफल है कि कोडरमा से सटे फुलवरिया गांव में पहली बार बिजली पहुंची। कई ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिली तो पेयजल और नागरिक सुविधा के अन्य कार्यों को गति मिली है। बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक डॉ. नीरा यादव ने तीसरी बार विधायक बनने के एक साल पूरा होने पर मीडिया के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को रखा। वहीं उन्होंने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी जनहित के कई मामलों को रखा। इनमें जेटेट की परीक्षा आयोजित करने, डोमचांच के वार्ड 5 को नगर पंचायत से हटाने और जेएसएमडीसी में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के नियमितीकरण का मामला शामिल है। इसके साथ ही हाउस अरेस्ट कर ऑनलाइन ठगी के मामले को भी उन्होंने प्रमुखता से उठाया। वहीं उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि. के शेष 6 कर्मियों को न्यायालय के आदेश के बाद भी आज तक नियमतिकरण का लाभ नहीं दिया गया। उन्होंने सरकार से शेष 6 कर्मियों को नियमतिकरण का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही विधायक ने सरकार से जेटेट की परीक्षा जल्द कराने की भी मांग की। वहीं उन्होंने कोडरमा के सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी सुरेश प्रसाद गुप्ता से 51 लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला भी प्रमुखता से रखा। वहीं उन्होंने कहा कि डोमचांच के वार्ड 5 में कोई नागरिक सुविधा नहीं मिलती है पर होल्डिंग टैक्स से लेकर अन्य टैक्स की मांग की जा रही है। वहां के लोगों ने नगर पंचायत से हटाकर ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग की है, जिसे विधानसभा के सत्र में रखा गया। विधायक ने यह भी कहा कि विधानसभा का सत्र भी छोटा रखा गया, वहीं सवाल रखने और जवाब देने की प्रक्रिया भी जटिल कर दी गयी ताकि, विपक्ष जनहित के मामले या सवाल कम या नहीं रख सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समस्याओं के प्रति ना तो गंभीर है और ना ही समाधान चाहती है। अभी पूरे झारखंड में सिर्फ लूट खसोट हावी है और लूट खसोट की योजनाओं को ही प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार विकास का कोई काम नहीं करना चाहती है और ना ही कोई विजन है, बावजूद वे कोडरमा के विकास को लेकर कृतसंकल्पित हैं। नए साल में कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज चालू होगा, तो वहीं मेडिकल कॉलेज निर्माण को और गति मिलेगी। इन प्रमुख योजनाओं की शुरूआत तब हुई थी जब राज्य में भाजपा की सरकार थी।

वहीं जिला मुख्यालय कोडरमा में हॉल्ट निर्माण का वे प्रयास करेंगी, जिसकी मांग कई सालों से लोग कर रहे हैं। इसके साथ ही सतगावां, मरकच्चो में बने हुए भवन में डिग्री कॉलेज चालू कराने, डोमचांच स्थित महिला महाविद्यालय भवन में पढ़ाई शुरू कराने का पूरा प्रयास होगा। नए साल में झुमरीतिलैया के गुमो में पार्क और खेल मैदान की सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी। वहीं उन्होंने बताया कि इलाके में विकास को लेकर रोड मैप तैयार किया है और इसी अनुरूप लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, बीरेंद्र सिंह, विजय यादव, दिनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, विजय सिंह, चंद्रशेखर जोशी, सुनील कुमार पंडित, सुजीत मेहता, सुरेन्द्र यादव, नवीन चैधरी, हरि पंडित, राजकुमार यादव, राजेश सिंह राजू समेत अन्य लोग मौजूद थे। विकास योजनाओं के नाम पर सिर्फ लूट

जिले में खासकर कोडरमा और डोमचांच नगर पंचायत में विकास योजनाओं में हो रही लूट खसोट पर विधायक ने तीखी प्रतिक्रिया जताई। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोडरमा और डोमचांच नगर पंचायत में कुल 4 करोड़ 75 लाख से अधिक की राशि सिर्फ हाईमास्ट लाइट लगाने में खर्च की जा रही है। इसकी जानकारी निविदा निकाले जाने के बाद मिली है। कोडरमा और डोमचांच में 41-41 हाईमास्ट लाइट लगाए जाने हैं। इन दोनों नगर पंचायत में जरूरी योजनाओं की जगह इतनी बड़ी राशि को हाईमास्ट लाइट के नाम पर खर्च करना राशि की लूट खसोट को दशार्ता है। वह भी तब जब हाल ही में इन दोनों जगहों पर बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लगाए गए हैं। इसके पहले भी कोडरमा और डोमचांच में कंक्रीट चेयर, रंबल स्ट्रीप और पार्क के नाम पर करोड़ों की राशि की लूट हुई है।

कृषि यंत्रों के वितरण में भी बड़े पैमाने पर अनियमितता की जानकारी मिली है। इसपर भी सवाल उठाए गये हैं। कोडरमा में थाना के बगल से कृष्णा केयर तक ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा सड़क निर्माण में तीन दिनों में कालीकरण कार्य बड़ी गड़बड़ी दर्शाता है, इसको भी संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी की योजनाओं की भी जिले में स्थिति ऐसी ही है। छात्र-छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य परीक्षा की तैयारी के नाम पर हरियाणा की एजेंसी को एक करोड़ 86 लाख की राशि की योजना दी गई। इसमें बताया गया कि कुल 11 बच्चे ही इंजीनियरिंग की परीक्षा में सफल हुए हैं। विधि व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि अपहरण और हत्या के कई मामलों का पुलिस उद्भेदन नहीं कर पायी है।

## झारखंड आंदोलनकारियों की मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन होगा और तेज : रामचंद्र राणा

- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित
- रांची में विशाल सभा का आयोजन 3 जनवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित लिपदा शिव मंदिर के समीप धर्मशाला में 31 दिसंबर (बुधवार) को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामचंद्र राणा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष जय कुमार महतो ने किया। बैठक में संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारियों की विभिन्न लंबित मांगों, मान-सम्मान, पेंशन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष रामचंद्र राणा ने जानकारी दी कि 3 जनवरी 2026 (शनिवार) को जयपाल सिंह स्टेडियम, रांची में एक विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा में चतरा जिला सहित राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों से झारखंड आंदोलनकारी शामिल होंगे।

जिला अध्यक्ष रामचंद्र राणा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा नहीं करती है, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी सुखसागर राणा, जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी राजु वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष अनिल दांगी, जिला सचिव सिकंदर राम, जिला संयोजक बैजनाथ दांगी, जिला उप संयोजक शत्रुघ्न सिंह, रोहन प्रजापति, जिला मुख्यालय प्रभारी प्रभु दयाल पासवान सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कई महीनों से बंद है, बीओआई हीरोडीह शाखा का एटीएम




**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह स्थित बीओआई शाखा के बगल में स्थापित बीओआई का एटीएम महिनों से बंद है। एटीएम बंद होने से स्थानीय लोगों और छोटे मोटे बाजार से खरीदिरी करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। बता दें कि प्रखंड के हीरोडीह स्थित बीओआई शाखा के बगल में एटीएम ब्रांच स्थापित की गई है, परंतु पिछले दो महीनों से एटीएम बंद होने के कारण छोटे-मोटे खाता धारी लोग अपने रोजमर्रा का समान भी नहीं खरीद पा रहे हैं। वहीं एसबीआई के एटीएम भी लगातार बंद पाया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बीओआई का एटीएम बंद रहने के कारण हमलोगों को रोजमर्रा समाग्रीयों की खरीदारी करने में काफी परेशानी हो रही है।

## मासूम सैफ अली को मिले न्याय : जानकी यादव

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड इरगोबाद से बीते 13 दिसम्बर से लापता 3 वर्षीय मासूम सैफ अली की नृशंस हत्या की खबर ने दिल दहला दिया है। वहीं मंगलवार को मासूम का सिर धड का कंकाल मिलने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूचना पाकर पूर्व विधायक सह राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने बुधवार को लापता सैफ के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और कहा कि जरुरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से बात कर समस्या का समाधान किया जायेगा। बता दें कि लापता होने की सूचना के बाद से श्री यादव ने लगातार एसपी अनुदीप सिंह एवं वरीय अधिकारियों से संपर्क कर मासूम बच्चे का सकुशल बारामदी का मांग किया था। श्री यादव ने एसपी से बात कर एसआईटी टीम गठित कर शरीर के अवशेष भाग की खोजबीन कर उसकी फोरेंसिक जांच कर बच्चे का शिनाख्त करने पर जोर दिया। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है एवं जिले के विभिन्न थानाध्यक्ष और भारी संख्या में पुलिस जवानों को खोजबीन के लिए लगाया गया है।

## खबर एक नजर में

### हाथियों ने पगार पंचायत के केवटा में जमकर मचाया उत्पात, पांच घरों को ध्वस्त कर फसलों को रौंदा



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का कहर बदस्तूर जारी है। हाथियों के झुंड ने मंगलवार की रात पगार पंचायत के केवटा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने पांच घरों को ध्वस्त किया व कई किसानों की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया है। हाथियों ने गांव के रति भुइयां, रोहित भुइयां, बाजो भुइयां, अंशा भुइयां और माहेश्वरी देवी का घर ध्वस्त कर चावल, धान, गेहूं आदि खाकर बर्बाद कर दिया। वहीं खपिया के सुनील साहू व केवटा के कुणाल सिंह सहित कई किसानों के आलू, टमाटर, मटर, गेहूं राई आदि फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया है। किसानों ने बताया कि हाथियों का झुंड रात दो बजे अचानक आ धमका और जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। किसी तरह जान बचाकर घर से सभी लोग निकले और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी लोग एकजुट हुए और ढोल, पटाखा और मशाल के सहारे रात भर जगराता कर झुंड को जंगलो की ओर खदेड़ा गया। लोगों ने बताया कि झुंड में चार से पांच हाथी शामिल हैं। दिनभर जंगल मे विचरण करने के बाद शाम ढलते ही गांव में घुस जाते है और उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग हाथियों को भगाने में कोई पहल नही कर रहा है। जिसके कारण हमलोगों काफी क्षति हो रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा देने और अविलम्ब हाथियों को दूसरे जिले के जंगल में खदेड़ने की मांग की है।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष कमेंद्र कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज के हिरिंग गांव निवासी युवा नेता कमेंद्र कुमार सिंह को कांग्रेस पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर बुधवार को हंटरगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जमकर जश्न मनाया। पार्टी कार्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा, जहां कार्यकर्ताओं ने पटाखों और मिठाइयों के वितरण के साथ आतिशबाजी कर खुशी का इजहार करते हुए जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर के बाहर भी राहगीरों और लोगों को मिठाई बांटी। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष कमेंद्र कुमार सिंह ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू और जिला अध्यक्ष चंद्रदेव गोप का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का जुड़ाव इस पार्टी की तरफ हमेशा से रहा है। श्री सिंह ने आगे कहा कि सभी धर्म, सभी वर्ग को एक सूत्र में बांधने का काम करेंगे, मैं जात की राजनीति नहीं जमात की राजनीति करूंगा। पार्टी की मजबूती को लेकर युवाओं के बीच गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाते हुए ज्यादा से ज्यादा यूथ को जोड़ने का काम करूंगा। मौके पर उपस्थित ओबीसी जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल कुमार केसरी, मनोज सिंह, प्रदीप गुप्ता, मदन मुरारी शर्मा, संतोष सिंह, विकास सिंह, रामदेव सिंह, कुंदा के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष पृथ्वी गंझू, सरफुद्दीन मंसूरी के अलावा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान श्री सिंह ने भी सभी बड़े बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### हंटरगंज के रघुवेंद्र के प्रशाखा पदाधिकारी बनने पर प्रखंडवासियों में हर्ष का माहौल




**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत झीकटिया गांव निवासी कामख्या नारायण सिंह के पुत्र रघुवेंद्र कुमार झारखंड संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में सफल होकर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्हें रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। रघुवेंद्र कुमार के पिता होमगार्ड के जवान हैं वहीं मां गृहणी। रघुवेंद्र बीपीएससी का परीक्षा पास कर शिक्षक की नौकरी हासिल की।वह वर्तमान में बिहार के गया जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजुरिया में कार्यरत थे।उन्होंने शिक्षक बनने के बाद भी और अच्छा करने की तलाश जारी रखी और मेहनत करने लगे। इसी मेहनत का नतीजा हुआ कि सचिवालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का पद पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में उनका चयन हो गया।सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता, भाई और परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से कोई भी सपना पूरा हो सकता है।इस मौके पर रघुवेंद्र के भाई भूपेंद्र कुमार उर्फ बीपी सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाईयां दी।

### अंचल ऑपरेटर के निधन पर शोक सभा आयोजित



**पत्थलगाड़ा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अंचल ऑपरेटर ग्राम बरवाडीह निवासी प्रदीप कुमार के आकस्मिक निधन पर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सह अंचल अधिकारी ऊदल राम सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं मिलनसार कर्मचारी थे। वे अपने कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते थे। उनके कार्य व्यवहार और सहयोगी स्वभाव के कारण वे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके असमय निधन से कार्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई करना कठिन है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप कुमार ने अपने कार्यों से कार्यालय की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका अचानक इस तरह से चला जाना हम सभी के लिए गहरा आघात है। शोक व्यक्त करते हुए सभी ने कहा कि वे अपने पीछे एक ऐसी रिक्तता छोड़ गए हैं, जिसे भर पाना संभव नहीं होगा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### गिद्धौर थाना में थाना दिवस पर एक मामला निष्पादित



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जमीन विवाद का एक मामला किरकिरा गांव के सकीना खातून (शमीम मियां) बनाम बारीक अंसारी के बीच आया। सीओ ने दोनों पक्षों की कागजात की जांच की। इस दौरान सीओ ने बताया कि आपसी बंटवारा का विवाद है। पंचायत में निपटारा करने की बात कही। मौके पर सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीएसई कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय एवं प्रखंड संसाधन केन्द्र कोडरमा में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगरनाथ प्रसाद के अलावा विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी विदाई दी गयी। वहीं डीईओ अविनाश राम एवं डीएसई अजय कुमार ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रुप में जगरनाथ प्रसाद का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों में सुरेंद्र कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमनडीह, जितेंद्र कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखरडीहा सतगावां, महेंद्र विश्वकर्मा प्राथमिक विद्यालय मडुआटांड मरकच्चो, प्रकाश पंडित मध्य विद्यालय नइटांड जयनगर सभी को शॉल ओढ़ाकर व बुके, मोमेंटो और किताब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यालय कर्मी अनिल कुमार, दिनेश गोप, परीक्षित कुमार साहू, बीपीओ उपेंद्र कुमार, जुलिता मिंज, बबीता कुमारी, विजय बर्णवाल, राधा सिंह, अशोक कुमार बर्णवाल, प्रभुदेव कुमार, बीआरपी मिथलेश कुमार साव, सीआरपी अमित कुमार, निरंजन कुमार, अभिषेक मंडल, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एमडीएम ऑपरेटर छोटन साव, रिसोर्स शिक्षक आदि मौजूद थे।

## जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है : उपायुक्त

- जिला समन्वय समिति की बैठक में की गयी वर्ष 2025 की उपलब्धियों की समीक्षा
- उत्कृष्ट कार्यों के लिए पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा वर्ष 2025 में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों और पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत मद से अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया गया है, जिससे अब जिले में ही जटिल से जटिल शल्य चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसके अतिरिक्त अनुमंडलीय अस्पताल डोमचांच में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी, 20 बेड का आईसीयू तथा प्रखंड स्तर पर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण पूर्ण किया गया है। टीबी उन्मूलन की दिशा में सभी बिरहोर टोलों में मोबाइल एक्स-रे के माध्यम से विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किये जा रहे हैं।

वहीं डीइओ अविनाश राम ने शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए आवासीय पठन-पाठन कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल टेस्ट सहित अन्य शैक्षणिक पहलों का उल्लेख किया। वहीं डीएसडब्लूओ रेखा रानी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जा रही समावेशी शिक्षा, पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं तथा किसी भी समस्या का समाधान आपसी समन्वय से त्वरित रूप से किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त के अलावे डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी रवि जैन, एसी पूनम कुजूर, डीएसई अजय कुमार द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बैठक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे।

## 50 जवानों की उपस्थिति में सैफ अली का और अवशेष ढूंढने में जुटी है पुलिस

- 18 दिनों बाद सैफ का संदिग्ध खोपड़ी इरगोबाद अक्तो नदी से मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इगोबाद गांव से एक किलोमीटर दूरी अक्तो नदी के समीप अवशेष (माथा) के खोपड़ी बरामद होने के बाद पुलिस प्रशासन ने दूसरे दिन बुधवार को सैफ अली का और अवशेष को ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर जयनगर थाना प्रभारी के अलावे डोमचांच, मरकच्चो, तिलैया तथा ढाब थाना प्रभारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में पुलिस जवान की मौजूदगी में नदी के किनारे दोनों ओर लगभग 1-1 किलोमीटर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से नदी के किनारे झाड़ियां, बालू सहित अन्य क्षेत्रों को खोद-खोद कर सैफ अली का और अवशेष को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। सर्च अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर सुजीत कुमार कर रहे थे। वहीं सर्च अभियान में सैफ अली का बरामद अवशेष (माथा) के खोपड़ी स्थल से 1 किलोमीटर पूर्वी तथा एक किलोमीटर पश्चिम नदी क्षेत्र में पूरी तरह लगभग 50 जवानों को तैनात कर सर्च अभियान चलाया, मगर शाम 4 बजे तक पुलिस प्रशासन को सैफ अली का और अवशेष ढूंढे पर नहीं मिल पाया है। वहीं थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि सर्च अभियान भी चालू है। एसपी के निर्देश पर टीम गठित कर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी के अलावा टेक्निकल सेल पूरे स्थल पर सर्च अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन हर पहलू पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। शीघ्र मामले का उद्भेदन कर दोषी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया जाएगा। मौके पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी सुमन कुमार, मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी सहित कई पुलिस पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

### बरामद अवशेष के साथ खोपड़ी के बारे में लोगों में विभिन्न तरह की हो रही चर्चा

थाना क्षेत्र के ईरगोबाद स्थित अक्तो नदी से मंगलवार को पुलिस द्वारा बरामद एक अवशेष के साथ खोपड़ी के बारे में क्षेत्र के लोगों में विभिन्न तरह की चर्चा हो रही है। लोगों का मानना है कि जिस अवशेष (खोपड़ी) को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है, वह ईरगोबाद से लापता बच्चे सैफ अली का नहीं लग रहा है। उक्त अवशेष खोपड़ी देखने पर किन्ही बड़े व्यक्ति की खोपड़ी बताया जा रहा है। वहीं खोपड़ी में लगे दांत भी किन्हीं बच्चे का नहीं, बड़े व्यक्ति के दांत जैसा दिख रहा है। हालांकि लापता सैफ अली के पिता शमशेर आलम तथा मां रजिया खातून अवशेष बरामद स्थल पर पहुंच कर टी-शर्ट से ही अपने पुत्र सैफ अली की पहचान बता रहे हैं। अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह अवशेष खोपड़ी सैफ अली का है। हालांकि पुलिस बरामद खोपड़ी के अलावे अवशेष को डीएनए टेस्ट में भेजने की बात बता रहे हैं, अब तक पुलिस ने भी स्पष्ट नहीं किया है कि उक्त अवशेष व खोपड़ी सैफ अली का है या नहीं। लोगों का मानना है कि घटना को अंजाम देने वाले किन्ही अपराधियों द्वारा साक्ष्य छुपाने को लेकर साजिश के तहत पुलिस को दिगभ्रमित करने को लेकर इस तरह का खोपड़ी रखकर पुलिस को उलझाने तथा मामले को शांत कराने का प्रयास किसी तरह की साजिश बताया जा रहा है। यहां अभी जल्दबाजी होगी कि यह खोपड़ी का अवशेष किसका है सैफ या किसी और का पुलिस भी डीएनए टेस्ट के बाद ही कुछ बताने की बात कह रही है। ऐसे यह मामला संदिग्ध हालात में देखा जा रहा है।

## गरीबी और सिस्टम की मार : पूर्ण विकलांग युवक को न पेंशन, न इलाज

- आधार के अभाव में सरकारी सहायता से वंचित विकलांग युवक गंभीर संकट में गुजार रहा जीवन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सिंघानी निवासी 18 वर्षीय पीयूष कुमार, पिता विजय दांगी, पूर्ण रूप से विकलांग है। अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति और सरकारी सहायता के अभाव में उसका जीवन गंभीर संकट से गुजर रहा है। इलाज के अभाव में उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, लेकिन अब तक उसे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। परिवार की माली हालत इतनी दयनीय है कि दैनिक जरूरतों की पूर्ति भी कठिन हो गई है। पीयूष कुमार के पिता विजय दांगी स्वयं अस्वस्थ रहने के कारण नियमित मजदूरी करने में असमर्थ हैं। वहीं, उसकी मां किसी तरह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि मंईयां सम्मान पेंशन योजना के तहत मिली राशि से कुछ दिन पहले अपने पति का इलाज कराया, लेकिन आय इतनी कम है कि बेटे पीयूष के इलाज और आवश्यक देखभाल का खर्च उठा पाना उनके लिए संभव नहीं है। सरकारी योजनाएं इस परिवार के लिए जीवनरेखा साबित हो सकती थीं, लेकिन विभागीय उदासीनता और दस्तावेजों की कमी के कारण पीयूष कुमार आज तक सरकारी सहायता से वंचित है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अब तक उसका आधार कार्ड नहीं बन पाया है। आधार कार्ड के अभाव में उसे विकलांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य सहायता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। परिजनों द्वारा कई बार प्रज्ञा केंद्र जाकर आधार कार्ड बनवाने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार तकनीकी कारण बताकर आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया। प्रज्ञा केंद्र संचालकों का कहना है कि आधार बनवाने के लिए पीयूष कुमार को जिला मुख्यालय ले जाना पड़ेगा, जो परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अब तक संभव नहीं हो सका है। इसी कारण वर्षों बाद भी उसका आधार कार्ड नहीं बन पाया है। आधार कार्ड नहीं होने से न केवल पेंशन अटकी हुई है, बल्कि आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का लाभ भी उसे नहीं मिल पा रहा है। इससे पीयूष कुमार की स्थिति और अधिक दयनीय होती जा रही है।

स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे परिवार में गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ध्यान दे और आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए पीयूष कुमार को दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन और समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, तो उसके जीवन में बड़ा सुधार संभव है। अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें, ताकि एक जरूरतमंद पूर्ण विकलांग युवक को उसका अधिकार मिले और वह सम्मानपूर्वक जीवन जी सके।

# संस्थागत श्रेणी में एक्सएलआरआई और शौकिया वर्ग में मंजू भामरा ओवर ऑल चैंपियन

■ गोपाल मैदान में 35वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का भव्य समापन

■ 40 हजार से अधिक दर्शकों ने बढ़ाया आयोजन का गौरव

■ दर्शकों के लिए नववर्ष के दिन भी खुली रहेगी प्रदर्शनी



पुष्प प्रदर्शनी के विजेतागण अतिथियों के साथ समापन समारोह में।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित 35वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 दिसंबर 2025 को गोपाल मैदान में हुआ, जो 1 जनवरी 2026 की रात 9 बजे तक चली। चार दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में 40 हजार से अधिक दर्शकों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे यह प्रदर्शनी अब तक की सबसे सफल पुष्प प्रदर्शनों में शामिल हो गई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के परिचालन उपाध्यक्ष चैतन्य भानु तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जेमिपोल की प्रबंध निदेशक श्रीमती स्वस्तिका बसु उपस्थित रहीं। अतिथियों ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बागवानी संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

प्रदर्शनी में फूलों, फलों और सब्जियों की विभिन्न श्रेणियों में आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शौकिया वर्ग में 54 प्रतिभागियों ने 10 वर्गों और 104 श्रेणियों में भाग लिया, जबकि संस्थागत वर्ग में 20 प्रतिभागियों ने 9 वर्गों और 104 श्रेणियों में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। कोलकाता, चाईबासा, राउरकेला, खड़गपुर, भुवनेश्वर और बकुआरा से आमंत्रित 8 प्रतिष्ठित निर्णायकों ने 28 दिसंबर को निर्णयन कार्य संपन्न किया।

**अगले वर्ष की वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 24 से 27 दिसंबर तक :** हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर ने घोषणा की कि 36 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 24 से 27 दिसंबर 2026 तक गोपाल मैदान में आयोजित की जाएगी। बीते तीन दशकों से संस्था बागवानी और पर्यावरणीय सततता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

**विशेष उपाधियां:**
- ■ किंग ऑफ द शो (अमच्योर): चंदन दलाल (गुलाब झ्र प्रजाति: ग्रेट स्कॉट)
- ■ क्वीन ऑफ द शो (अमच्योर): एस. बी. मंडल (गुलदाउदी : प्रजाति: सानू)
- ■ किंग ऑफ द शो (संस्थागत): एक्सएलआरआई (गुलाब : प्रजाति: मोहना)
- ■ क्वीन ऑफ द शो (संस्थागत): डीबीएमएस बोर्ड ऑफ ट्रस्ट (गुलदाउदी : प्रजाति: कोका सानू रेड)

**प्रदर्शनी (हैंगर) : संस्थागत वर्ग पुरस्कार**
- ■ विशेष पुरस्कार: टाटा स्टील, ओक्यूएम, नोआमुंडी
- ■ प्रथम पुरस्कार: टाटा स्टील कलिंगानगर
- ■ द्वितीय पुरस्कार: नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड, जाजपुर

**प्रदर्शनी (हैंगर) : शौकिया वर्ग**
- ■ प्रथम पुरस्कार: शशांक शेखर
- ■ द्वितीय पुरस्कार: विनय आहूजा

**नर्सरी स्टॉल पुरस्कार**
- ■ प्रथम पुरस्कार: मां तारिणी नर्सरी
- ■ द्वितीय पुरस्कार: प्रमीला नर्सरी

**संपूर्ण चैंपियन**
- ■ शौकिया वर्ग की चैंपियन : मंजू भामरा
- ■ संस्थागत वर्ग की चैंपियन एक्सएलआरआई

**अमच्योर श्रेणी में विजेता:**
- ■ गुलदाउदी : मंजू भामरा
- ■ डहेलिया: एस. बी. मंडल
- ■ गमले में पौधे (पॉटेड प्लांट्स): मंजू भामरा
- ■ बोनसाई: बी. के. खेतांग
- ■ गमले में फल और सबजियां: एस. बी. मंडल
- ■ गुलाब: अभिजीत सिन्हा
- ■ मौसमी पौधे (सीजनल्स): मंजू भामरा
- ■ कट फूल: मंजू भामरा

**संस्थागत श्रेणी में विजेता:**
- ■ गुलदाउदी : विग इंग्लिश स्कूल
- ■ डहेलिया: एक्सएलआरआई
- ■ गमले में पौधे (पॉटेड प्लांट्स): एक्सएलआरआई
- ■ बोनसाई: स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स लिमिटेड
- ■ गमले में फल और सबजियां: डीबीएमएस बोर्ड ऑफ ट्रस्ट
- ■ गुलाब: स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स लिमिटेड
- ■ मौसमी पौधे (सीजनल्स): एक्सएलआरआई
- ■ कट फूल: एनएमएल बर्मनिनेस

# वाजपेई जी के आदर्शों पर चलना ही देश को महान बनायेगा : अर्जुन मुंडा

■ पोटका विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन को पूर्व सीएम ने किया संबोधित

■ अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, विकास और राष्ट्रीय स्वाभिमान के नए मानदंड स्थापित किये : मीरा मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा के हल्दीपोखर स्थित त्रिपाठी भवन में भाजपा द्वारा आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का भाषण मुख्य आकर्षण रहा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और कृतित्व को याद करते हुए कहा, अटल जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतंत्र और सुशासन का अद्वितीय उदाहरण रहा। उनके आदर्शों पर चलना ही देश को महान बनाएगा।



सम्मेलन में बोलते पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा। मंच पर श्रीमती मीरा मुंडा व अन्य नेता।

सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, सर्वसमावेशी विकास योजनाएँ, ग्राम सड़क योजना और सुशासन की मजबूत नींव अटल जी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण हैं। उन्होंने यह भी कहा, अटल जी ने कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखी।

प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने अटल जी की सिद्धांतप्रियता की सराहना की और बताया कि उनकी विरासत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुशलता से आगे बढ़ाई जा रही है। भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह ने कहा कि अटल जी संगठन के वैचारिक स्तंभ रहे और उनके विचार आज भी पार्टी की राजनीति का मार्गदर्शन करते हैं।

पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, विकास और राष्ट्रीय स्वाभिमान के नए मानदंड स्थापित किए। सम्मेलन में स्वागत संबोधन जिला महामंत्री अनिल मोदी ने, मंच संचालन जिला मंत्री मनोज राम ने और धन्यवाद ज्ञापन पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप डे ने किया। वरिष्ठ नेता, पूर्व डिप्टी मेयर, जिला परिषद सदस्य और युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### खाद्य सुरक्षा विभाग से नरेश सेवानिवृत, विदाई

**जमशेदपुर।** एसीएमओ कार्यालय अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम में अनुसेवी पद पर कार्यरत नरेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके दीर्घकालिक सेवाकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री कुमार ने निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर सेवानिवृत्ति उपरांत सुखद, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दी गयीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सहकर्मियों ने उनके अनुभव से प्रेरणा लेने और संपर्क बनाये रखने की बात कही और भविष्य के लिए कामना।

### 2026 में अधिवक्ताओं को मिलेंगे कई लाभ : राजेश शुक्ल

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि वर्ष 2025 अधिवक्ताओं के लिए अनेक चुनौतियों भरा रहा। लेकिन भारत के विधि और न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया है कि 2026 में मार्च से पहले पूरे देश और झारखंड में अधिवक्ताओं एवं उनके परिवारों को सामूहिक बीमा योजना में शामिल किया जायेगा और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट भी लागू कर दिया जायेगा।

### चलें छंद की ओर में कई बहुरंगी भाव: सुरेंद्र मिश्र

**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती के तत्वावधान में स्थानीय निवार्णा रेड होटल में कवि राकेश कुमार द्वारा संपादित सात रचनाकारों अनुपमा तिवारी, रीना प्रेम दूबे, सत्येंद्र चौबे, रमेश सिंह, अनुज कुमार पाठक, नीरज पाठक व राकेश कुमार के दोहों से सुसज्जित साझा संकलन 'चलें छंद की ओर' का भव्य लोकार्पण हुआ। छंद शास्त्री श्रीधर द्विवेदी की अध्यक्षता व विद्या वैभव के सफल संचालन में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिक्षाविद शंभूनाथ पांडेय, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, डॉ सुशील पांडेय, डॉ आरके रंजन, लेखक सुरेंद्र मिश्र, काष्ठ कलाकार प्रेम भसीन, युवा नेता व शिक्षाविद अविनाश देव, अमृत कौर रहेंगे।

### 44वीं जूनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में पलामू से गुंजन चयनित

**मेदिनीनगर।** कर्नाटक खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 31 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक कर्नाटक , मंगलौर के वाजपेई ग्राउंड में 44 वीं जूनियर नेशनल खो खो प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है। झारखंड राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पलामू के +2 राजकीय कृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के खिलाड़ी गुंजन कुमारी पिता मनोज राम का चयन झारखंड टीम में किया गया है जो 30 दिसंबर को झारखंड टीम के सभी खिलाड़ियों रांची से मंगलौर के लिए रवाना हुए। मालूम हो कि गुंजन कुमारी डाल्टनगंज में रॉयल स्पोर्ट्स एकैडमी में प्रशिक्षक (एन आई एस) कोच प्रीति कुमारी और निरंजन कुमार के द्वारा प्राप्त करती है।

# खरसावां के शहीदों को आज श्रद्धांजलि देंगे सीएम हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर/ खरसावां।** शहीद दिवस के अवसर पर 01 जनवरी 2026 को शहीद स्थल, खरसावां में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जिला आगमन कार्यक्रम को लेकर आरसीडी गेस्ट हाउस में संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त, सरायकेला खरसावां नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार लूणायत ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बलों को कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल अनुपालन, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपात कालीन तैयारियां और विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी प्रातः 6 बजे तक अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहेंग।

# श्री श्री चंद्र मौलेश्वर कचहरी बाबा मंदिर की वर्षगांठ पर भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यहां पुराना कोर्ट स्थित श्री श्री चंद्र मौलेश्वर कचहरी बाबा मंदिर में बाबा का स्थापना उत्सव इस वर्ष भी भव्य एवं धूमधाम से मनाया गया। 31 दिसंबर की सुबह मंदिर प्रांगण से सैकड़ों माताओं-बहनों ने कलश यात्रा निकाली। श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी तट से जल भरकर मंदिर लौटे और विधिवत बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। बैंड-बाजे और घुड़सवार जुलूस के साथ निकली शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील कुमार



पांडेय ने बताया कि इसके बाद पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। दोपहर से महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। पूरे परिसर में हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, समाजसेवी अविनाश सिंह राजा, मानगो भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद राय सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। नीरज सिंह ने कहा कि वर्ष 1990 में खुदाई के दौरान बाबा का प्राकट्य हुआ था और तभी से यहां वर्षगांठ मनाई जा रही है। अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति 1 जनवरी को होगी।

# धर्म व मर्यादा के पालन के लिए युवाओं को संस्कार की आवश्यकता है: आचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से कथावाचक आचार्य पंडित कुमार स्वामी जी महाराज ने भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कृष्ण जन्म का प्रसंग



आरंभ हुआ, पंडाल में श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... भजनों पर झूम उठे।

आचार्य ने कहा कि धर्म और मर्यादा के पालन हेतु आज की युवा पीढ़ी को भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के चरित्र से संस्कार ग्रहण करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और आसुरी शक्तियों का वर्चस्व बढ़ा, तब परमात्मा ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की। कंस के अत्याचारों से पीड़ित धरती की पुकार पर भगवान कृष्ण ने देवकी के अष्टम् पुत्र के रूप में जन्म लेकर अधर्म का नाश किया।

रामकथा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनना तभी सार्थक है।

# आईडीटीआर में भावुक माहौल में महेंद्र सिंह भूई को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आईडीटीआर में 30 वर्षों तक सेवाएं देने वाले महेन्द्र सिंह भूई के सेवानिवृत्त होने पर संस्थान परिसर में भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीनियर इंजीनियर सह जीएम इंचार्ज वाई.के. कांत ने उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। एचओडी लॉन्ग टर्म ट्रेनिंग राम बाबू वर्मा ने श्री भूई को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए उनके सहयोगी स्वभाव की सराहना की। अपने संबोधन में श्री भूई ने संस्थान से जुड़ी यादें साझा कीं और सभी से ईमानदारी से कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर उन्हें शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमीत सिंह ने किया।

# चार को भव्य तरीके से निकलेगी डहरे टुसु परब 2026 की शोभा यात्रा

■ बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा शोभा यात्रा के लिए गाइडलाइन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी 4 जनवरी 2026 को जमशेदपुर में डहरे टुसु परब 2026 का भव्य आयोजन डिमना से साकची (आमबागान) तक शोभायात्रा के रूप में किया जायेगा। यह पर्व बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मंच ने प्रेस रिलीज के माध्यम से आयोजन की नियमावली जारी करते हुए सभी सहभागियों से अनुशासन और



पारंपरिक शुचिता बनाए रखने का अनुरोध किया है।

यह पर्व लोक प्रकृति धान (डिनी) आधारित टुसु परंपरा को संरक्षित और प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति ने कहा कि किसी भी प्रकार की मूर्ति पूजा, धार्मिक, जातीय या राजनीतिक प्रचार की अनुमति नहीं होगी।

### मुख्य नियम और दिशा-निर्देश

- ■ शोभायात्रा में महिलाएं पीली साड़ी और पुरुष पीला गमछा पहनेंगे।
- ■ सभी झंडे केवल पीले रंग के होंगे।
- ■ मुख्य बैनर केवल बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का रहेगा, इसे महिलाएं सबसे आगे लेकर चलेंगी।
- ■ गीत और नृत्य केवल लोक और टुसु गीत होंगे, अश्लील, अपमानजनक या भड़काऊ सामग्री निषिद्ध।
- ■ प्रत्येक दल को एक दल&प्रमुख नामित करना होगा, जो आयोजन समिति से समन्वय बनाए रखे।
- ■ शराब, नशा और तंबाकू का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित।
- ■ बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता।
- ■ प्रशासन, पुलिस और आयोजन समिति के निर्देशों का पालन अनिवार्य।
- ■ आयोजन स्थल और यात्रा मार्ग को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी।
- ■ फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग में महिलाओं और बच्चों की गरिमा का विशेष ध्यान।
- ■ सोशल मीडिया पर केवल सकारात्मक और मर्यादित सामग्री साझा की जायेगी।

## एक नजर में

### क्रियायोगी शिवेंदु की स्मृति में 101 यूनिट रक्तदान




**जमशेदपुर।** क्रियायोगी श्री शिवेंदु लाहिड़ी की मंगल स्मृति में सत्यलोक क्रियायोग परिवार, जमशेदपुर ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन में प्रातः नौ से सायं पांच बजे तक चले शिविर में युवकों एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 101 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रक्त संग्रह का कार्य एमजीएम अस्पताल की टीम ने किया तथा संपूर्ण रक्त एमजीएम ब्लड बैंक को सौंपा गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सेवाश्रम संघ कुष्ठाश्रम के रोगियों को भोजन, वस्त्र एवं नगद सहायता दी गयी। अपराह्न में गुरु श्री उज्ज्वल लाहिड़ी ने ऑनलाइन जुड़कर मार्गदर्शन दिया। इसमें अनिरुद्ध त्रिपाठी अशेष, मनोज कुमार, अखिलेश मिश्रा, उपेंद्र कुमार, राकेश शाही की अहम भूमिका रही।

### घाटशिला में आज से निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ




**जमशेदपुर।** घाटशिला में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गयी है। नव निर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र सोरेन की पहल पर आरडीएस फाउंडेशन ने स्थानीय बच्चों के लिए जेपीएससी, आईआईटी एवं आईएएस जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है। यह कार्यक्रम 1 जनवरी 2026 को धरमबहाल पंचायत के माटीकला में पूर्व विधायक सह स्कूली शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन की जयंती पर शुरू होगा। इसी दिन पांवड़ा पंचायत अंतर्गत फुलडुंगरी स्थित झामुमो संपर्क कार्यालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं स्व. रामदास सोरेन की प्रतिमाओं का भव्य अनावरण भी किया जायेगा। यह पहल युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित करने के साथ स्व. रामदास सोरेन के शिक्षा-समर्पित विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि मानी जा रही है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू, वरिष्ठ नेता जगदीश भकत, रूपेश सोरेन, सागर पानी एवं अंकुर कवाड़ी पहुंचे।

### डीसी ऑफिस से साबू देवी सेवानिवृत, दी विदाई



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी ऑफिस में अनुसेवी पद पर कार्यरत साबू देवी बुधवार को सेवानिवृत हो गयीं। अस्वस्थता के कारण वह समाहरणालय सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल नहीं हो सकीं। डीसी ने अपने अफसरों को उनके आवास भेज उन्हें सम्मानित करवाया, और उपहार प्रदान किया गया। साथ ही साबू देवी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गयी।

### झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का वनभोज संपन्न



**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का वनभोज दलमा व्यू प्वाइंट मरीन ड्राइव में आयोजित किया गया। संघ की अध्यक्ष डॉ. कविता परमार एवं मंजू सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इसमें साकची, टेल्को, बागबेड़ा, सीतारामडेरा, बिष्टुपुर, कदमा, आदित्यपुर, सितगोड़ा, सुंदरनगर और गोविंदपुर इकाई की क्षत्राणियों ने भाग लिया। मनोरंजन हेतु म्यूजिकल चेयर, पासिंग बॉल एवं होजी जैसे खेल आयोजित किये गये, जिनका संचालन प्रीति, शिवानी, अर्चना और रीता ने किया। प्रत्येक खेल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। परिचय सत्र के बाद समाज को सशक्त बनाने पर सकारात्मक चर्चा हुई। लगभग ढाई सौ महिलाएं उपस्थित थीं।

### रंकिनी मंदिर में श्रीकांत देव ने बांटे भोजन व कंबल



**जादूगोड़ा।** रंकिनी मंदिर परिसर में 2025 के समापन एवं धर्मपत्नी पूनम देव की जयंती पर समाजसेवी श्रीकांत देव ने जरूरतमंदों के बीच भोजन पैकेट और कंबल बांटे। भीषण ठंड को देख कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत दिखी। इस दौरान श्रीकांत देव ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

### जुगसलाई में कांग्रेस की लिट्टी पार्टी में जुटे दिग्गज नेता, इंदु देवी प्रत्याशी घोषित



**जमशेदपुर।** जुगसलाई में डॉ. अजय कुमार फैंस क्लब एवं मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष अभिजीत सिंह द्वारा लिट्टी पार्टी सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार उपस्थित रहे, जिन्हें शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में जुगसलाई नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए इंदु देवी के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें उम्मीदवार घोषित किया। साथ ही संकल्प लिया गया कि चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पूरी मजबूती से जुटेंगे। समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह सहित धर्मेंद्र सोनकर, प्रिंस सिंह, विजय यादव, अंबुज पांडे, देविका सिंह, जोबा खान, फिरोज खान, महेंद्र मिश्रा, राकेश साहू, बबलू झा, गीता सिंह, अपर्णा गुहा, रजनी बंसल समेत कई दिग्गज नेता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने आम जन से की नववर्ष घर में मनाने की अपील



**चैनपुर पलामू।** थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में आम नागरिकों से अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग घर पर ही नया साल व पिकनिक मनायें। अगर कहीं पिकनिक मनाने बाहर जा भी रहे हैं तो ठंड से बचने का पर्याप्त साधन साथ ले जायें। अपने बच्चे का ध्यान रखें। ज्यादा ऊंचाई वाला स्थान पर नहीं जायें। सेल्फी लेने के लिए जोखिम भरा काम नहीं करें।

### पत्रकार को पितृशोक, लोगों ने जताया दुख



**विश्रामपुर (पलामू)।** पत्रकार जयकांत शुक्ला के पिता जगदीश शुक्ला (75) का निधन बुधवार को हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। उन्होंने डंडीला खुर्द स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। वे सेवानिवृत रेलकर्मी थे। दाह संस्कार गांव के मुक्तिधाम पर कर दिया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र सत्यम ने दी। शोक जताने वालों में पलामू सांसद बीडी राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, अभिमन्यु सिंह, विजय रविदास, संतोष चौबे, अनुज पांडेय शामिल है।

### शांति व्यवस्था की, तो कार्रवाई : लालजी



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर नये वर्ष में पुलिस चौकस व गंभीर है। इसे लेकर सदर थाना प्रभारी लालजी ने क्षेत्रवासियों से शांति पूर्ण ढंग से नया वर्ष मनाने की अपील की है। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर सफर करें। वहीं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग हर हाल में करें। अपने वाहन का कागजात साथ लेकर चलें। पुलिस के निर्देश का पालन नहीं करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### मोहम्मदगंज के अश्लेश्वर बने श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, परिवार में खुशी



**मोहम्मदगंज।** जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में चयनित स्थानीय स्टेशन रोड निवासी अशलेश्वर कुमार को रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, श्रम नियोजन व प्रशिक्षण विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव व अन्य की उपस्थिति में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया। इनकी नियुक्ति पर परिवार में खुशी का माहौल है। अशलेश्वर ने इस सफलता का श्रेय माता रेणु देवी, पिता शंभू प्रसाद, अनुज अभिषेक और अक्षय के प्रोत्साहन और सहयोग को दिया।

### झगरूआ के युवक की गुजरात में मौत



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड 12 के झगरूआ गांव के एक युवक की मौत गुजरात में हो गयी। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। झगरूआ के जयराम यादव का पुत्र संजय (25) 15 दिन पहले मजदूरी करने गुजरात गया था। उसने एक कंपनी में दो दिन काम भी किया, लेकिन इसी बीच तबीयत खराब हो गयी। छुट्टी लेकर इलाज करवाया। इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गयी। बुधवार को उसका शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में हाहाकार मच गया।

### ड्रंक एवं ड्राइव को लेकर चला अभियान



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना पुलिस ने नव वर्ष को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान क्राईम ड्रंक एवं ड्राइव पर पुलिस ने सख्ती बरती। थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने बताया कि नये वर्ष को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिससे कोई घटना नहीं घटे। नव वर्ष के लेकर कल विशेष चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। थाना प्रभारी ने लोगों से नये वर्ष पर क्षेत्र में शांति बनाये रखने की अपील की।

### चैनपुर के महान क्लब ने गाजे-बाजे और घोड़े के साथ निकाला भव्य जुलूस



**चैनपुर पलामू।** नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर चैनपुर के महान क्लब ने भव्य जुलूस गाजे बाजे घोड़े एवं झांकी के साथ निकाला। कार्यक्रम चैनपुर बाजार स्थित महाबीर मंदिर से भव्य जुलूस व झांकी निकाली गयी। इस दौरान हजारों लोग हाथों में भगवा झंडा लेकर जय श्रीराम, हर हर महादेव के नारों के साथ पूरे चैनपुर बाजार क्षेत्र भ्रमण करते हुए चैनपुर सूर्य मंदिर के पास पहुंचे। मौके पर मनोज सिंह, अमित कुमार, राजू सोनी, पिंकू तिवारी समेत महान क्लब पूजा कमेटी के लोग शामिल थे।

### भाजपा मेदिनीनगर के पूर्व अध्यक्ष ने किया भोजन वितरण



**मेदिनीनगर।** भाजपा मेदिनीनगर के पूर्व अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू ने अपने पूज्य पिता स्व अरुण प्रकाश सिन्हा के 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपनी बड़ी बेटी आराध्या सिन्हा के साथ गरीबों के बीच भोजन वितरण किया। आने वाले सालों में पिताजी के नाम पर इससे भी बेहतर गरीबों के लिए व्यवस्था किया जायेगा। आज पिताजी इस दुनिया में नहीं है पर उनका आशीर्वाद हमारे पूरे परिवार पर सदैव बना रहता है।

### पलामू के 18 प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की नयी पदस्थापना

**मेदिनीनगर।** जिले के 21 प्रखंडों में से 18 में नवनियुक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की पदस्थापना कर दी गयी है। यह पदस्थापना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से जारी आदेश के आलोक में हुई है। संबंधित प्रखंडों में पदस्थापित अधिकारी शीघ्र कार्यभार ग्रहण करेंगे। पाटन में सोनू कुमार, हुसैनाबाद में आनंद अभिषेक, विश्रामपुर में प्रभाकर कुमार देव, लेस्लीगंज नारायण महतो, पांकी मनीष कुमार आदि हैं।

---

बाबा महत्वाना धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगा भव्य मेला

# ग्रामीण संस्कृति की वास्तविक पहचान है भव्य मेला : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था की प्रतीक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन बुधवार को भव्य मेला लगा। जिसका उद्घाटन जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने किया। मेला में स्थानीय के अलावा दूर-दूर के लोग भी आये थे। कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी पड़ी। लोग सुबह से ही महत्वना धाम पहुंचने लगे थे। बाबा की पूजा अर्चना का दौर दिन भर चला। आयोजन कमेटी ने भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने किया। श्री सिंह ने कहा कि नप बाबा महत्वाना धाम के सुंदरीकरण सहित कई सुविधा उपलब्ध करायेंगे। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमे बिरासत में मिली है। संजय बैठा ने कहा कि बाबा महत्वाना धाम को पर्यटनस्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

# दबंगों की खैर नहीं व्यवसायी के साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं : डॉ मेहता

- सांसद प्रतिनिधि के द्वारा चौक पर गाली गलौज और धमकी देने के मामले की जानकारी लेने पहुंचे विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता



मामले की जानकारी लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पांकी विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के शहीद भगत सिंह चौक स्थित रविवार की शाम सांसद प्रतिनिधि प्रिंस सिंह ने धमकी व शहीद भगत सिंह चौक पर अभद्र गाली गलौज मामले को लेकर जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने मिथलेश पांडे के घर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। साथ ही प्रशासन से कार्रवाई की मांग की गयी। इस दौरान दूरभाष के माध्यम से चतरा सांसद कालीचरण सिंह से अवगत करायें, साथ ही प्रतिनिधि से हटाने की मांग की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के व्यवसायियों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्हें हर हाल में सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। पलामू एसपी रीष्मा रमेसन से दूरभाष के माध्यम से ऐसे दबंगों पर कार्रवाई की मांग की बात कही।

---

पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

# श्रद्धेय वाजपेई जी ने अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन पाटन प्रखंड के कुंड़वा मोड़ स्थित आरपीएम मैरेज हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विशिष्ट अतिथि पलामू के पुर्व सांसद मनोज कुमार, पलामू जिला भाजपा पार्टी के अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व विधायक पुष्पा देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन पाटन प्रखंड के भाजपा पार्टी के मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा पार्टी के किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, पड़वा मंडल अध्यक्ष वशिष्ठ सिंह, धीरेंद्र उपाध्याय, जितेंद्र सोनी, उमेश सिंह, गुड्डु सिंह, जैनेन्द्र यादव, पारस सिंह, गुड्डु उपाध्याय, गौतम सिंह, राजु सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय, बबल प्रसाद, श्रीकांत तिवारी, अर्जुन तिवारी, सत्यनारायण दुबे, बगेंद्र दुबे, विशेष पासवान, संतोष कुमार यादव, सुजाता सिंह, निलम देवी, अशोक तिवारी सहित भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेई ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित किया था। स्व वाजपेई ने देश के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया था। उनका सोच था गांव खुशहाल रहे, किसानों का विकास हो तभी देश का विकास होगा। उन्होने अपने कार्यकाल में कई जनोपयोगी योजना चलाया था। उन्होने भाजपा के कार्यकताओं व मंडल अध्यक्ष को अधिक से अधिक नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी पढ़ाई के बाद अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित किया था। आज देश उनकी जयंती पर उनके किये गये कार्यो को याद कर रही है।

# हिन्दू धर्म के प्रति समर्पित संगठन रक्षा के साथ कई कार्य करती है : विधायक

- ग्राम पदमा में हिन्दू एकता मंच के बैनर तले सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम बुधनडीह में कुछ ही दिन पहले धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया था। इसी को देखते हुए मनातू प्रखंड के हिन्दुओं ने ग्राम पदमा में हिन्दू एकता मंच के बैनर तले सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। इस दौरान हिन्दू एकता मंच के लोगों ने विधायक डॉ. मेहता को फूल माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। मौके पर विधायक डॉ.मेहता ने कहा कि धर्म के प्रति समर्पित संगठन धर्म की रक्षा के साथ साथ अनेक अच्छे कार्य करती हैं। हमें अपने धर्म के प्रति गर्व होना चाहिए और धर्म की प्रगति के बारे में सोचना चाहिए। अपने धर्म के रीती रीवाज को हमें भूलना नहीं चाहिए। यही तो हमारा मुल हैं। हम आज जो हैं। वो धर्म से ही सिख रहे हैं। शिक्षा संस्कार भी धर्म से ग्रहण किया जा सकता हैं। इसके लिए संगठनों का योगदान होता हैं। इसलिए हिन्दू एकता संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बधाई के पात्र हैं। वे इस संगठन के माध्यम से धार्मिक कार्यो को बढ़ावा दे रहे हैं। हिन्दू धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म हैं। जो अनंत काल से चला आ रहा है। धर्म के प्रति समर्पण होकर कार्य करना जरूरी है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में समाजसेवी रामदास साहू, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव, सांसद प्रतिनिधि विगू साहू, समाजसेवी कमेश यादव, विरेंद्र कुमार, अमरेश रंजन जी, लक्षण यादव, सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं हिंदु सनातन धर्म के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत में कंबल वितरण के दौरान वंचित 50 जरूरतमंदों के बीच निजी खर्च से उपमुखिया पप्पू प्रजापति और पंसस प्रतिनिधि विश्वनाथ चौधरी उर्फ मुन्ना ने कंबल बांटा। ज्ञात हो कि प्रखंड कार्यालय से इस पंचायत को 120 कंबल आवंटित किये गये थे। जिनका वितरण पंचायत सचिवालय में किया गया। जहां इससे अतिरिक्त जरूरतमंद पहुंच गये थे। जो निराश होकर नहीं लौटे लगे थे। तब उपमुखिया और पंसस प्रतिनिधि बाजार से खरीदकर 30 विधवा, 5 दिव्यांग और 25 असहाय को कंबल वितरण कर पूण्य का कार्य किया।

# 1910 अभ्यर्थियों को सीजीएल नियुक्ति पत्र देकर सरकार ने बनाया रिकार्ड : चंदन प्रकाश सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार ने 1910 युवाओं को सीजीएल का नियुक्ति पत्र देकर रिकॉर्ड कायम किया है, जो काम झारखंड गठन के बाद भाजपा की सरकार आज तक नहीं कर पायी थी सह काम हेमंत सोरेन की सरकार ने कर दिखाया। सरकार ने यह साबित कर दिया कि समाज के हरेक तबके के लोगों को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता है। एक और जहां भाजपा और उसके सिंडिकेट झारखंड सरकार के पैर खींचने में लगे हैं। वहीं हेमंत सोरेन ने यह ठान लिया है कि झारखंड के हर एक युवाओं को रोजगार देकर स्वावलंबन बनाना है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता पलामू चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कही। श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार के उपलब्धियां से भाजपा और उसके सहयोगी दल घबरा गए हैं। भाजपा द्वारा बेहतर करने से रोकने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपने जा रहे हैं। उनके इशारे पर युवा लोग भ्रमित होकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं जिन्हें तैयारी करना चाहिए वे सड़कों पर है। इस कारण युवा रोजगार और नौकरी से वंचित हो जा रहे हैं।

# देवरी ओपी पुलिस ने चलाया संघन एंटी क्राइम व ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

- नव वर्ष को लेकर दिखी प्रशासन की विशेष सतर्कता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चला। देवरी-जपला मुख्य सड़क सहित विभिन्न स्थानों पर एंटी क्राइम चेकिंग के साथ-साथ मुख्य रूप से ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त जांच की गयी। इय दौरान वाहनों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों व हेलमेट की जांच की गयी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ब्रेथ एनालाइजर मशीन का इस्तेमाल किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि ड्रंक एंड ड्राइव सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। शराब पीकर वाहन चलाना कानूनन अपराध है और इससे आम लोगों की जान को गंभीर खतरा होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित रखना है।

### ससुराल आये युवक ने लगायी फांसी, मौत

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के बरांव पंचायत के चढ़वा टोला निवासी भिखारी चौधरी के घर ससुराल आये युवक ने पत्नी से विवाद के बाद मंगलवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र के हसनदाग निवासी रामसुंदर चौधरी (25) है। सूचना के बाद चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की बात सामने आ रही है। मृतक के पिता बलराम चौधरी के अनुसार राम सुंदर चौधरी प्रेम प्रसंग में दशहरा के समय चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव चढ़नवा टोला के भिखारी चौधरी की पुत्री रानी के साथ की थी। ससुराल के लोग इसके खिलाफ थे। शादी के बाद से लड़की मायके में थी। मंगलवार को रामसुंदर पत्नी को लेने बरांव गया था। रात 8 .30 बजे तक उससे बातचीत हुई थी। सुबह 7 .30 बजे रानी की मां ने सूचना दी कि उसने फांसी लगा ली।

# सतबरवा प्रखंड के करमा विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य करमा के छात्र-छात्राओं को बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को रांची जिला के ओरमांझी स्थित बिरसा जूलोजिकल पार्क का भ्रमण कराया गया जहां कई प्रकार के जंगली जानवर व पशु पक्षियों को बच्चों ने नजदीक से देखा। धवाडीह पंचायत के क्षेत्रीय मुखिया रिंकी यादव ने बताया कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करने से उनके अंदर पढ़ाई के साथ- साथ पर्यावरण और जंगली जीव जंतुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा बढ़ती है। नये-नये चीजों के बारे में जानने तथा पहचाने अवसर मिलता है।

### गेट ग्रिल दुकान में सेंधमारी कर एक लाख का सामान चुराया

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 सतगावां मोड़ स्थित लोहा गेट ग्रिल दुकान में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का पिछला दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बड़ा कटर मशीन, लोहा का बटखारा, एल्युमिनियम व स्टील समेत करीब एक लाख रुपये मूल्य का सामान चुरा लिया। संचालक अफरोज अंसारी ने बताया कि यह दुकान उनके बहनोई स्वर्गीय जसीमुद्दीन अंसारी उर्फ नवाब की थी।

# कतरी के ग्रामीणों ने चंदा कर मिट्टी मोरम से सड़क की मरम्मत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कसवाखाड़ पंचायत के कतरी गाव आज भी विकास कार्य से कोसो दूर है। इस गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बन पाया है। सड़क न होने से लोगों को आवागमन करने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण करने को लेकर जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारी को भी अवगत कराया, लेकिन आज तक किसी ने भी इस सड़क को सुध लेने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद गांव के ही उप मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक बैठक की गयी।

### साल के अंत में मासूम ने लगाया पुरस्कार का छक्का



**मेदिनीनगर।** बिहार के डालमियानगर में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने छह पुरस्कार जीतकर साल की शानदार अंत की। 17 राज्य स्तरीय दलों के बीच हुए प्रतियोगिता ने मासूम आर्ट ग्रुप को तीसरा सर्वश्रेष्ठ नाटक का पुरस्कार मिला। मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संस्था द्वारा प्रस्तुत नाटक हमारे राम को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रथम पुरस्कार उत्तरप्रदेश व द्वितीय पुरस्कार दिल्ली को मिला। चौथे स्थान पर पश्चिम बंगाल की टीम रही। सोमवार की देर रात हुए पुरस्कार वितरण समारोह में मासूम के नाम कुल छह पुरस्कार आये। नाटक को तृतीय पुरस्कार मिला।

# पांकी के सगालिम में पहली बार की गयी है स्ट्रॉबेरी की खेती : रंजन दुबे

**शिवशंकर पासवान**



स्ट्रॉबेरी की खेती दिखाता कृषक और जायजा लेते अन्य।

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के सगालिम पंचायत के सगालिम गांव में उद्यान विभाग पलामू की ओर से प्रखंड उद्यान मित्र रंजन दुबे ने अपने बल पर प्रखंड में पहली बार स्ट्रॉबेरी की खेती की शुरूआत कर अलग पहचान बनायी है। यह खेती पंचायत के किसान परमेंद्र प्रजापति व धर्मेंद्र प्रजापति ने अपने खेत में डेढ़ एकड़ में उद्यान विकास योजना के तहत स्ट्रॉबेरी की खेती की शुरुआत की है। उनकी कड़ी मेहनत और लगन का फल भी देखने को मिलने लगा है और वह इस खेती से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के दिशा आगे बढ़ रहे हैं। उनका फल अब कोलकाता वाराणसी मेदिनीनगर जैसे बड़े शहरों में भेजे जा रहे हैं। दोनों किसानों का मेहनत काफी रंग लाया है। यह स्ट्रॉबेरी की खेती अपने पंचायत और प्रखंडों में एक अलग पहचान बना रही है इस खेती को देखने के लिए आये दिन आसपास के किसान लगातार उसे देखने खेतों तक जा रहे हैं। प्रखंड उद्यान मित्र रंजन दुबे ने कहा कि प्रखंड के और किसान सरकार की योजनाओं का लाभ लें और अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनायें। इस खेती की जानकार लगातार देखरेख जैसे समय पर खाद, दवा, कीड़ा मकोड़ा रोकथाम, खेतों में निरीक्षण विवेक दुबे के द्वारा समय-समय पर की जाती है।

# क्षेत्र की जनता की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता है : बिनको उरांव

- चियांकी मुखिया ने गरीबों व जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल
- जरूरत पड़ने पर आगे भी कंबल वितरण करेंगे



कंबल बांटते चियांकी मुखिया बिनको उरांव, उप मुखिया व पंचायत सचिव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम चियांकी स्थित पंचायत सचिवालय में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच चियांकी पंचायत की मुखिया बिनको उरांव ने सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये दो सौ कंबल का वितरण किया। उन्होंने कुछ कंबल निजी खर्च कर भी वितरण किया। कंबल पाकर गरीब व जरूरतमंद लोग काफी खुश थे। मौके पर उप मुखिया सबीता देवी, पंचायत सचिव कंचन कुमारी, वार्ड सदस्य सुनैना देवी, प्रमिला देवी, शारदा देवी, सुमन देवी, स्वयं सेवक बृज बिहारी सिंह समेत कई लोग शामिल थे। मौके पर चियांकी मुखिया बिनको उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों के लिए कंबल उपलब्ध कराया गया। इस कंबल को गरीबों के बीच वितरण किया जा रहा है। सरकार गरीबों व जरूरतमंदों के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ी पूजा है। गरीबों की सेवा करना पुनित कार्य है। उन्होंने कहा कि कंबल मिलने से गरीबों को ठंड से निजात मिलेगा। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अन्य जरूरतमंदों को भी घर जाकर कंबल प्रदान किया जायेगा। उन्होंने लोगों से ठंड में अलाव जलाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि चियांकी पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं।

# बैंक कर्मियों ने दी हड़ताल की चेतावनी




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर बोकारो जिले के बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में हुंकार भरी। चास-बोकारो के सैकड़ों बैंक कर्मियों ने सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के समक्ष एकत्र होकर विशाल प्रदर्शन किया। आश्वासन के बाद भी निर्णय न होने से नाराजगी प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इंडियन बैंक एसोसिएशन और वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा निदेशालय द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक पांच दिवसीय कार्यदिवस की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। उनका तर्क है कि पांच दिवसीय बैंकिंग लागू होने से न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता में सुधार होगा बल्कि ग्राहक सेवा भी अधिक गुणवत्तापूर्ण और बेहतर हो सकेगी। महिला सदस्यों की रही सक्रिय भागीदारी देशव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में महिला बैंक कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि इसी मांग को लेकर बीते 23 दिसंबर को देश के सभी राज्यों की राजधानियों में भी प्रदर्शन किया गया था लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। जनवरी के तीसरे सप्ताह में पूर्ण हड़ताल की चेतावनी सभा को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के जिला संयोजक सिद्धेश नारायण दास ने भारत सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि पांच दिवसीय कार्यदिवस की मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जनवरी के तीसरे सप्ताह में सभी बैंक कर्मी पूर्ण हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान राघव सिंह मिथिलेश कुमार राजीव सिंह राजेश श्रीवास्तव विभाष झा पंकज कुमार अवधेश प्रसाद नीरज तिवारी राजकुमार प्रसाद अरुण कुमार कृष्णा तिवारी और उर्मिला कुमारी सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बोकारो में 77वें गणतंत्र दिवस पर सतरंगी झांकियां और प्रभात फेरी बिखेरेंगी देशभक्ति का रंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष से वीडियो संवाद के माध्यम से जिले के तमाम आला अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए सभी अधिकारियों को उनके विशिष्ट दायित्व सौंपे और समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बीएसएल के उप निदेशक को आपसी समन्वय स्थापित कर युद्ध स्तर पर तैयारी करने को कहा गया है। 25 जनवरी की पूर्व संध्या पर शिबू सोरेन स्मृति भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की परेड के बाद विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। मुख्य समारोह सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा। मैदान की घास कटाई सफाई शहीद स्मारक की रंगाई-पुताई बैरिकेडिंग आदि कार्यों के निरीक्षण के लिए प्रभारी प्रवर एवं नजारत उप समाहर्ता को संयुक्त रूप से प्राधिकृत किया गया है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मियों मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में डीडीसी शताब्दी मजूमदार एसी मो मुमताज अंसारी एपीआरओ अविनाश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सेक्टर-9 में एक ही परिवार के तीन व्यक्ति की मौत



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 9 बी के एक आवास के आउट हाउस में एक परिवार के तीन सदस्यों की लाश मिली। बांका जिले के निवासी कुंदन कुमार तिवारी एवं उनकी पत्नी का शव फांसी पर लटका हुआ मिला तो उनके 2 वर्षीय बच्चे का शव कमरे में मिला। सुचना मिलते ही हरला पुलिस जिले के डीएसपी आलोक रंजन उक्त मामले की तहकीकात में सक्रिय हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कर्ज के बोझ से दबे हुए कुंदन कुमार तिवारी ने पहले अपने बच्चे को मारा और उसके बाद पत्नी सहित खुद फांसी पर लटक गए। स्पष्ट रूप से अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पुलिस की कानूनी कार्रवाई एवं खोज के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बोकारो हाफ मैराथन 1 फरवरी को, तैयारियों में जुटा बीएसएल प्रबंधन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के तत्वाधान में 01 फरवरी को सेल-बोकारो हाफ मैराथन दौड़ के चौथे संस्करण का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर प्रबंधन ने विशेष उत्साह दिखाया है। मुख्य पुरस्कार राशि 25 हजार रुपए- अन्य श्रेणियों में 7 हजार-9 हजार और 12 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रतियोगिता में 13 से 40 साल 40 से 60 साल और 60 साल से अधिक उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। पिछले वर्ष इस मैराथन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश के 12 राज्यों से करीब 5 हजार धावकों ने शिरकत की थी जबकि इस वर्ष यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट- बोकारो मैराथन डॉट कॉम पर जाकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा साझा करने के लिए आयोजित पत्रकार वार्ता में बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम-टीए कुन्दन कुमार जीएम एके अविनाश संचार प्रमुख मणिकांत धान एजीएम सुभाष रजक और वरीय प्रबंधक-जन-सम्पर्क अभिनव शंकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो कूलिंग पौंड से मिला लापता ठेका कर्मी का शव

**बोकारो।** सेक्टर-4जी निवासी और बीएसएल के ठेका कर्मी उमाशंकर पांडेय की रहस्यमयी गुमशुदगी का दुखद अंत हुआ। सोमवार दोपहर 3 बजे घर से ड्यूटी के लिए निकले उमाशंकर पांडेय जब वापस नहीं लौटे और उनकी स्कूटी कूलिंग पौंड के पास लावारिस हालत में मिली तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। पौंड में डूबने की आशंका को देखते हुए हरला पुलिस ने सक्रियता दिखाई। पुलिस ने तत्काल खेतको से गोताखोरों की टीम को बुलाया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने पौंड की गहराई से उमाशंकर पांडेय का शव बाहर निकाला। परिजनों की मौजूदगी में शव का मुआयना करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार परिजनों ने फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का कोई स्पष्ट खुलासा नहीं किया है। हरला थाना में अस्वाभाविक मृत्यु केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### फुसरो : आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का हुआ वितरण



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 11 स्थित कारीपानी नवधा चौक आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 182 में निवर्तमान पार्षद सरयू कुमार चौहान एवं सेविका सरिता रानी ने संयुक्त रूप से छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। बच्चों को 2-2 स्वेटर दिया गया।

### बोकारो : जैन मिलन ने बांटे कंबल और बिस्कुट के पैकेट



**बोकारो।** जैन मिलन के सदस्यों ने 53 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और बिस्कुट के पैकेट वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अक्षर शंकर द्वारा किया गया। इस पुनीत कार्य में उद्योगपति बांके सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची इबादत है। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ परिंदा सिंह ने कंबल सेवा को करुणा और सामाजिक दायित्व का प्रतीक बताया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद और सचिव आलोक जैन ने इस अभियान में सहयोग देने वाले उद्योगपति बांके सिंह और उनके पुत्र रवि सिंह का आभार जताया। मौके पर सुभाष जैन बिनोद चोपड़ा नरेंद्र सिंह और चंदन बांठिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### चिन्मय विद्यालय के हेडमास्टर व क्रीड़ा विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त




**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के दो अनुभवी शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के हेडमास्टर गोपाल चंद्र मुंशी और फिजिकल एजुकेशन विभाग के एचओडी हरिहर पांडे ने अपनी लंबी और गौरवशाली सेवा के बाद अवकाश ग्रहण किया। इस भावुक क्षण पर रेजिडेंट आचार्य स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा और उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस क्रम में पांडे और मुंशी के साथ विद्यालय में बिताए अपने अनुभव संजीव सिंह राहुल रॉय पंकज मिश्रा और एसएन झा ने भी साझा किए।

# बेरमो : सीसीएल ने सीएसआर के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट को किया रवाना

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सार्थक सीएसआर पहलों के लिए प्रतिबद्ध-हर्ष नाथ मिश्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने बुधवार को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत झारखंड के दूरस्थ एवं वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) एम्बुलेंस को रवाना किया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट को सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने वरिष्ठ अधिकारियों, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों एवं सीसीएल कर्मियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल राज्य के खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों को समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति सीसीएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बताते चलें कि यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें स्तन कैंसर जांच, एक्स-रे एवं आरटी-पीसीआर के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) की जांच, तथा डायबिटीज जांच, सीबीसी, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुपिंग जैसी आवश्यक लैब जांच सुविधाएं शामिल हैं। यह यूनिट केबीपी परियोजना क्षेत्र के आसपास के गांवों में कार्य करेगी, जिसमें बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड एवं रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड शामिल हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से किया जा रहा है। यह परियोजना 24 महीनों तक संचालित होगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट सप्ताह में छह दिन कार्य करेगी तथा लगभग 20 गांवों को कवर करेगी, जहां प्रत्येक गांव में महीने में एक बार सेवा प्रदान की जाएगी। परियोजना अवधि के दौरान इससे लगभग 37,000 लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। इस पहल का उद्देश्य रोगों की समय पर पहचान, पहचाने गए मामलों का त्वरित रेफरल एवं फॉलो-अप, ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सार्थक सीएसआर पहलों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अंतिम छोर तक रहने वाले लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बोकारो में ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस सह मिलन समारोह 13 को

**बोकारो।** संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद सह संपूर्ण ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 13 जनवरी को गरगा डैम स्थित प्राकृतिक वनभोज स्थल पर मिलन समारोह सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के केंद्रीय महामंत्री डॉ अशोक कुमार पांडेय एवं प्रदेश अध्यक्ष हरे राम पांडेय ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि यह आयोजन समाज की एकता संगठनात्मक मजबूती और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समारोह में दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी कई पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है जिससे कार्यक्रम का स्वरूप और भी व्यापक एवं प्रभावशाली होगा। समारोह के दौरान संगठन की उपलब्धियों भावी योजनाओं और समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### भारतीय मजदूर संघ ने अपने पदाधिकारी को सेवानिवृत के उपलक्ष्य पर किया सम्मानित



**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र द्वारा बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय सचिव सुबीर मुखर्जी, एएडीओसीएम अमलो परियोजना सचिव अजय कुमार सिंह तथा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष शाहनवाज खान को क्षेत्रीय संगठन द्वारा सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर सम्मानित किया गया। मौके पर संगठन की ओर से अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ कार्यसमिति सह पेंशन सेल सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ संगठन मंत्री बोकारो जिला संत सिंह क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह अध्यक्ष हीरालाल रविदास मंत्री कुलदीप कल्याणी सचिव राजेश पासवान सम्मान समारोह में उपस्थित रहे वही मिश्रा ने कहा कि आज हमारे तीन पदाधिकारी सेवानिवृत हुए हैं और हम भगवान से कामना करते हैं इनका भविष्य उज्जवल हो अपने कार्यकाल में इन्होंने संगठन को एक नई ऊंचाई में ईमानदारी पूर्वक पहचाने का कार्य किया। मौके प्रतोष कुमार रॉय, राजु केवट, विभोर राज, राहुल यादव, सुजाता मुखर्जी, प्रेमलता देवी, सुमति कुमारी,सीमा कुमारी, नीरा देवी, इंडिया देवी, लकी वाला देवी, लाचो देवी सूती देवी, गुनिया कुमारी, यशोदा कुमारी, लक्ष्मी, अनिता देवी, किरण देवी, देवकी देवी आदि उपस्थित रहे।

### फुसरो नप के वार्ड संख्या 10 मे 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**बेरमो।** फुसरो नप के वार्ड संख्या 10 मे समाजसेवी ललन मल्लाह और निवर्तमान पार्षद अजय जयसवाल के द्वारा शारदा कॉलोनी ढोरी, फुसरो मे 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। समाजसेवी ललन ने कहा कि नप के द्वारा कंबल उपलब्ध करायी गयी है। जिसे विकलांग, वृद्ध, असहाय व अन्य दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा सामाजिक कार्य होता है। इस दौरान कंबल प्राप्त कर बुजुर्ग महिलाओं, विंकालगो, पुरुषों और जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन्होंने नप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। मौके पर राजस्व निरिक्षक रमेश महतो, सिंकदर साव, तूफान दिगार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता में सिमडेगा ने जीते 10 स्वर्ण पदक



**बोकारो।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में सिमडेगा जिले ने 10 स्वर्ण 5 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप की ओर कदम बढ़ाए। वहीं रांची जिला 9 स्वर्ण के साथ दूसरे और पश्चिम सिंहभूम 5 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा। नावाडीह के बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता धनंजय सिंह-महामंत्री वनवासी कल्याण केंद्र और विशिष्ट अतिथि रंजीत वर्णवाल-संघचालक आरएसएस बोकारो महानगर रिझु कश्यप बीणा गुप्ता और आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक गुप्ता व सचिव अनिल कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 100मी और लॉन्ग जंप में रांची के आलोक नाथ कच्छप 200मी में सिमडेगा के छत्र सिंह 400मी में गढ़वा के सुजीत कुमार सिंह 800मी में पश्चिम सिंहभूम के सुधीर सोरेन 1500मी में रांची के प्रकाश मुंडा शॉटपुट में अंकित कुजूर गुलेल में सिवा लोहरा और तीरंदाजी में मंगल मरांडी ने स्वर्ण जीता। फुटबॉल में सरायकेला की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग के 100मी में मोनिता सिंह 200मी में दीपिका कुमार 400मी में उर्मिला करकेटा 1500मी में पश्चिम सिंहभूम की रानी मरांडी और लॉन्ग जंप में सिमडेगा की मीनाक्षी कुमारी ने सोना जीता। शॉटपुट में बाहलेन समद ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### गोड्डा : शातिर चोर गिरफ्तार



**गोड्डा।** जिला के मेहरमा थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर चोरी पर अंकुश लगाने एवं चोरी की घटनाओं का उद्भेदन हेतु एसपी गोड्डा के निर्देशानुसार मानवीय एवं तकनीकी अनुसंधान के द्वारा मेहरमा थाना अन्तर्गत चोरी की घटित विभिन्न घटनाओं में सलिप्त व्यक्ति मो असगर के पास अपने घर में चोरी गई समानों को रखने की सूचना मिला है। तत्पश्वात पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा मो० असगर से आवश्यक पूछताछ किया गया तब इनके द्वारा बताया गया कि वे अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर झारखंड राज्य के गोड्डा जिल्ला के मेहरमा थाना अन्तर्गत दुकान, स्कूल एवं पंचायत भवन से समानों की चोरी करते है जिसे बिहार राज्य के भागलपुर जिला के क्षेत्र में ले जाकर बेचते थे और कुछ समान अपने जरुरत के लिए रख लेते थे। इनके द्वारा बताया गया कि ये लोग ग्रुप बनाकर अपने पास एक टाटा सुमो वाहन का उपयोग कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। इनके निशानदेही के आधार पर विभिन्न कांड में चोरी गयी विभिन्न समानों, कांड में उपयोग में लाया गया वाहन एवं कांड कारित करने हेतु उपयोग में लाया गया समान को बरामद किया गया। तत्पश्वात उक्त अभियुक्त विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मो असगर, उम्र-40 वर्ष करीब पिता-मो जमाल साठ-मिजागांव थाना ईशीपुर बाराहाट जिला भागलपुर। इससे बरामद सामानों की एक लंबी फेहरिस्त है जिसमें एक सिल्बर रंग का एक टाटा सुमो वाहन और छोटे छोटे कई सामान हैं जो चोरी के हैं। छापामारी दल में शामिल पुअनि सौरभ कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी, मेहरमा थाना, सत्यदीप, मेहरमा थाना, राजकिशोर शर्मा, मेहरमा थाना के साथ सनमुख राम और रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

# बोकारो डीसी ने जनता दरबार में सुनी शिकायत, किया समाधान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जनता की समस्याओं को सुनना और उन पर निष्पक्षता से कार्रवाई करना ही प्रशासन की मूल जिम्मेदारी है। यह उद्गार डीसी अजय नाथ झा ने समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का वह सशक्त माध्यम है जिससे सरकारी तंत्र के प्रति लोगों का विश्वास गहरा होता है। आज के जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने कुल 37 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद पेंशन योजना पारिवारिक झगड़े रोजगार की मांग सामाजिक सुरक्षा आवास आवंटन राशन कार्ड में गड़बड़ी और अवैध अतिक्रमण जैसे मुद्दे शामिल थे। डीसी ने प्रत्येक फरियादी की बातों को संवेदनशीलता के साथ सुना और कई जटिल मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उन्होंने एक पखवाड़े के भीतर निष्पादन की रिपोर्ट मांगी। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार एसी मो मुमताज अंसारी एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# बरलंगा से कसमार पथ में सफर टेढ़ी खीर, वन विभाग को लेकर फंसा है पेंच

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** बरलंगा से कसमार भाया नेमरा स्टेट हाइवे का निर्माण का कार्य वन भूमि को छोड़कर शेष स्थानों पर पूर्ण हो चुका है लेकिन इस नवनिर्मित पथ में सफर करना अभी भी टेढ़ी खीर होगी। क्योंकि चौड़ा हेठबरगा एवं उपरबरगा मौजा के बीच अंतर्गत वन भूमि निर्माण कार्य में पेंच फंसा हुआ है। जिसके कारण वन क्षेत्र में पथ निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि इस परियोजना के तहत पथ निर्माण विभाग द्वारा लगभग 40 एकड़ वन भूमि अधिग्रहण के क्षतिपूरक के तहत पथ निर्माण विभाग द्वारा 86 एकड़ भूमि का हस्तांतरण वन विभाग को करने एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण कार्य के लिए कुल 8 करोड़ 43 लाख रुपए का भुगतान वन विभाग को पिछले 26 नवंबर 2025 को ही कर दिया है। इसके साथ ही प्रावधान के तहत पहला स्टेज का कार्य पुर्ण चूका है। लेकिन दूसरे स्टेज के तहत उक्त हस्तांतरित भूमि का मामला भू राजस्व एवं निबंधन विभाग झारखंड सरकार के पास प्रक्रियाधीन है। दरअसल बोकारो जिले के कसमार प्रखंड चौक से चौड़ा गांव तक तथा रामगढ़ जिले के गोला-बरंगला चौक से रौरौ तक तो हाइवे निर्माण पूर्ण हो गया है। लेकिन दोनों जिलों के बीच स्थित जंगल पहाड़ का फोरेस्ट लैंड क्लिरियंस में हो रही देरी के कारण कार्य प्रारंभ नहीं पा रहा है। जैसे ही भू राजस्व विभाग भूमि का निबंधन कर वन विभाग को हस्तांतरण कर देगी संबंधित कंस्ट्रशन कंपनी पथ निर्माण कार्य शुरू कर देगी। इसके बदले पथ निर्माण विभाग को 86 एकड़ जमीन हस्तांतरित कर 10 गुणा की संख्या पौधरोपण करना होगा। इसके लिए पथ निर्माण विभाग द्वारा बोकारो जिले जरीडीह प्रखंड के अंतर्गत गायछंदा मौजा में 15 एकड़ जमीन एवं रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड अंतर्गत चामरोम मौजा में 71 एकड़ यानि कुल 86 एकड़ भूमि चिन्हित कर 25 जून 2025 को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार को सौंपकर उक्त भूमि पर 10 गुणा क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए झारखंड सरकार वन विभाग को 8 करोड़ 43 लाख 61 हजार 148 रुपये का भुगतान भी कर चुकी है। परियोजना तहत रामगढ़ वन प्रमंडल अंतर्गत उपर बरगा एवं हेठ बरगा मौजा में - 4657 तथा बोकारो वन प्रमंडल अंतर्गत चौड़ा मौजा में 878 यानि कुल 5535 पेड़ कटेंगे। जिसमें मुख्य रूप से सखुआ भेलवा बेहरा केंद पियार आदि पेड़ शामिल हैं। 10 गुणा यानि लगभग 55 हजार 350 वृक्षारोपण करना पड़ेगा।

# गोड्डा के सुंदरपहाड़ी प्रखंड में स्थित दामाकोल जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय उपहार

**नव वर्ष के मौके पर पर्यटक भ्रमण कर प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठा सकते हैं**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** गोड्डा जिला के सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत दामाकोल जलप्रपात जिला मुख्यालय से लगभग 20-25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। नव वर्ष के अवसर पर जिलेवासी सड़क मार्ग से यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। दामाकोल जलप्रपात प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत केंद्र है। जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़ियों, जंगलों और जलप्रपातों के लिए जाना जाता है। इन्हीं में से एक प्रमुख और आकर्षक पर्यटन स्थल है जो प्रकृति प्रेमियों एवं पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यह जलप्रपात चारों ओर से हरियाली, घने जंगलों और पहाड़ी संरचनाओं से घिरा हुआ है। ऊंचाई से गिरता हुआ जल प्रवाह एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। वर्षा ऋतु में इसका सौंदर्य अपने चरम पर होता है। नव वर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय एवं आसपास के जिलों से पर्यटक यहां भ्रमण हेतु पहुंचते हैं। प्रशासन द्वारा दामाकोल जलप्रपात को एक विकसित पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके। जिला प्रशासन के द्वारा पर्यटकों से अपील की जाती है कि वे जलप्रपात क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखें, प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान न पहुंचाएं।

# नव वर्ष पर बेरमो अनुमंडल के पर्यटन स्थलों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम : डीएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** नव वर्ष के अवसर पर बेरमो अनुमंडल के प्रमुख पर्यटन एवं पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से तेनुघाट डैम, ललपनिया, बेरमो, चंद्रपुरा सहित अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सह एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वयं तेनुघाट डैम समेत अन्य पर्यटन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीपीओ सिंह ने बताया कि नव वर्ष पर हजारों की संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने इन स्थलों पर पहुंचते हैं, ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण बनाए रखना है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों, मनचलों और तेज रफ्तार बाइक चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिकनिक स्थलों पर एल्को-मीटर से जांच की जाएगी और नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन जब्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से नव वर्ष का आनंद लें।

स्पीड न्यूज

## गया में दम घुटने से तीन लोगों की मौत

**गया ।** बिहार के गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सोना एक परिवार को भारी पड़ गया। रात को दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना जिले के वजीरगंज थाना अंतर्गत कुर्किहार स्थित गांव की है, जहां एक कमरे में सोए तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में दो मासूम बच्चे और एक महिला शामिल है। बताया जाता है कि ठंड से बचने के लिए गांगो मांझी की पत्नी मीना देवी (60) ने नाती सुजीत कुमार (3) और नातिन अंशु कुमारी (5) के साथ घर के एक कमरे में मंगलवार को अंगीठी जलाकर सो गयी थी।

## सुपुर्द-ए-खाक हुईं खालिदा जिया

ढाका। बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया को संसद भवन के साउथ प्लाजा में नमाज-ए-जनाजा के बाद सुपुर्द-ए-खाक किया गया। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के पास दफन किया गया। बेगम खालिदा जिया को ढाका के शेर-ए-बांग्ला नगर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उन्हें नमाज-ए-जनाजा के बाद शाम करीब 4:30 बजे दफनाया गया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य, सरकारी अधिकारी, विदेशी मेहमान, डिप्लोमैट, और बीएनपी-नॉमिनेटेड नेता मौजूद थे। खालिदा जिया के जाने से बांग्लादेश की राजनीति में एक युग का अंत हो गया है। सुपुर्द-ए-खाक में सिर्फ कुछ खास लोगों को ही आने-जाने की इजाजत थी और इस दौरान शेर-ए-बांग्ला नगर के जिया उद्यान में लोगों की आवाजाही भी सीमित रही ।जिया पांच बार मेंबर ऑफ पार्लियामेंट रहीं, तीन बार प्रधानमंत्री और दो बार विपक्ष की नेता की जिम्मेदारी निभाई।

## दिल्ली में दस करोड़ की हेरोइन बरामद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग अभियानों में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई में इस्तेमाल एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

## पूर्व प्रधान की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बेहटा गोकुल क्षेत्र में घर में अकेली रह रही पूर्व प्रधान की वृद्ध पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बुजुर्ग की हत्या इलेक्ट्रिक प्रेस वाले तार से की गई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि हत्यारा लूट की नियत से घर में दाखिल हुआ और फिर वृद्ध महिला के देखने या जागने पर कत्ल की वारदात को अंजाम दिया गया। वृद्ध महिला का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं।

## यूपी पुलिस में होगी 32679 पदों पर भर्ती

**लखनऊ।** साल का आखिरी दिन 31 दिसम्बर उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि, आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 32 हजार 679 पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को विज्ञप्ति जारी की गई है। अभ्यर्थी 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# बिहार में कई मंत्री करोड़पति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### संपत्ति का ब्यौरा जारी

- उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास राइफल, रिवाल्वर और 200 ग्राम सोना।
- ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की पत्नी 22 करोड़ से अधिक की मालकिन
- विजय सिन्हा के पास खेती से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भूखंड



**पटना।** बिहार के गृह मंत्री सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के घोषित संपत्ति विवरण के अनुसार उनके पास एनपी बोर की एक रायफल और एक रिवाल्वर है। इन दोनों आग्नेयास्त्र की कीमत करीब छह लाख रुपये है। इसके अलावा डिप्टी सीएम सम्राट के पास कृषि और गैर कृषि योग्य भूमि के अलावा आइएएस कॉलोनी में 1450 वर्गफीट का एक आवासीय-कामर्शियल फ्लैट भी है, जिसे उन्होंने वर्ष 2012 में खरीदा था। सम्राट चौधरी के पास करीब दो सौ ग्राम सोना भी है जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

जबकि पत्नी के पास दो सौ ग्राम सोने के अलावा पांच सौ ग्राम चांदी भी है। नकद के रूप में गृह मंत्री के पास 1.35 लाख रुपये और पत्नी कुमारी ममता के पास 35 हजार रुपये हैं।

उप मुख्यमंत्री सह भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास कृषि से अधिक गैर कृषि क्षेत्र की जमीन है। लखीसराय के सिंघाचक चानन में 66 डिसमिल और मरांची टाल में 12 कट्ठा खेती की जमीन है जबकि पुने में तीन प्लॉट है। इसका रकबा 12 हजार वर्गफीट से अधिक है। गैर कृषि क्षेत्र में बाढ़ में कई प्लाट हैं। पटना के पुनाईचक में साढ़े चार कट्ठा जमीन है। सिन्हा के पास पटना और लखीसराय में कुल 10 आवासीय परिसर हैं। इनमें से कुछ व्यावसायिक परिसर भी हैं। परिवार के पास कुल कृषि योग्य जमीन में उनकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विभिन्न बैंकों का करीब 40 लाख रुपये का लोन भी है। सिन्हा के पास रिवाल्वर और राइफल भी है, जिसकी कीमत 77 हजार रुपये है। सिन्हा के पास 90 ग्राम और उनकी पत्नी सुशीला देवी के पास 450 ग्राम के स्वर्ण आभूषण हैं, जो इन्हें शादी और दूसरे अवसरों पर उन्हें उपहार में मिले हैं।

**श्रवण कुमार के पास सात एकड़ से अधिक कृषि भूमि :** ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार गोविंदपुर में करीब 7.70 एकड़ कृषि योग्य भूमि के मालिक हैं। नकद के रूप में श्रवण कुमार के पास 71900 रुपये है। बैंक जमा मामले में श्रवण कुमार की बनिस्पत उनकी पत्नी मंजू कुमारी के पास ज्यादा पैसा है। मंत्री सोने के भी शौकीन है। इनके पास तीन 10 हजार रुपये मूल्य की घड़ियां हैं। पहले से सौ ग्राम सोना पास था इसके बाद उन्होंने 2019 में और 50 ग्राम सोना खरीदा है। इसके अलावा मंत्री के ने एक रिवाल्वर और एक रायफल भी रखी हुई है। मंत्री के ऊपर तीन लाख रुपये का कार लोन भी है।

**करोड़पति हैं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय :** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के पास नकद के रूप में 59 हजार रुपये ही है। हालांकि पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में मंत्री ने 18.83 लाख रुपये हैं। जबकि स्टेट बैंक व अन्य वित्तीय संस्थान में उनका निवेश करीब 1.01 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा मंत्री पांडेय के पास 240 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत करीब 7.80 लाख रुपये है। वर्ष 2003 में एक रायफल खरीदी थी। उसकी कीमत करीब 52 हजार रुपये है। मंत्री पांडेय के पास कोई कृषि योग्य भूमि नहीं है।


**उद्योग मंत्री भी करोड़पति :** प्रदेश के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल भी करोड़ पति मंत्री हैं। दिलीप जायसवाल ने अपने संपत्ति के ब्योरे में जानकारी दी है कि उनके पास नकद के रूप में 3.11 लाख रुपये हैं। इसके अलावा उन्होंने बैंक और वित्तीय संस्थानों में एक करोड़ 68 हजार रुपये हैं। अन्य वित्तीय संस्थानों में मंत्री जायसवाल ने 28.73 लाख रुपये का निवेश भी किया है। मंत्री के पास 11 लाख रुपये के जेवरात हैं जबकि पत्नी के पास 22 लाख रुपये के जेवरात हैं।

**पत्नी से गरीब हैं ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी :** प्रदेश सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की पत्नी नीता चौधरी अपने पत्नी से ज्यादा अमीर हैं। नकद के रूप में तो मंत्री चौधरी जरूर पत्नी से अमीर है परंतु जमा मामले में काफी पीछे हैं। चौधरी के बैंक में 53.86 लाख रुपये ही हैं परंतु उनकी पत्नी नीता चौधरी के बैंक एकाउंट में 22.54 करोड़ रुपये से अधिक जमा हैं। बैंक, डिबेंचर और शेयर में मंत्री ने 9.90 लाख रुपये का निवेश किया है तो पत्नी ने 2.25 लाख रुपये का। मंत्री चौधरी के पास दो सौ ग्राम सोना और स्टोन भी है। जबकि पत्नी के पास आठ सौ ग्राम सोना और स्टोन है।

# साल के अंतिम दिन झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 545 अंक चढ़ा

## निवेशकों ने कमाये 3.98 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी**



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र यानी बुधवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। इस दौरान बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के अंत में सेंसेक्स 545.52 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,220.60 और निफ्टी 190.75 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,129.60 पर था। बाजार के ज्यादा सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.66 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 1.77 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज 1.61 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.56 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया 1.50 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 1.47 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। मुख्य सूचकांक में केवल निफ्टी आईटी ही -0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 475.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 471.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.98 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, ट्रेंट, पावर ग्रिड, बीईएल, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचयूएल, एसबीआई, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स थे। टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई।

# कर्तव्य पथ पर इस साल दिखेंगे सेना के मूक योद्धा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### 26 जनवरी को परेड में कुत्ते, ऊंट और जांस्कर पोनी लेंगे हिस्सा

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस 2026 पर इस बार कर्तव्य पथ पर एक खस और भावनात्मक दृश्य देखने को मिलेगा। भारतीय सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत दिखाएंगे, बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। इस विशेष दस्ते में चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) देखने को मिलेंगे। वहीं भारतीय नस्ल के 10 सेना के कुत्ते और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य कुत्ते शामिल होंगे। वहीं दो बैक्ट्रियन ऊँट, और जांस्कर पोनी भी परेड दस्ते का हिस्सा होंगे। सेना के मुताबिक इस परेड का सबसे भावुक हिस्सा होंगे भारतीय सेना के कुत्ते। इन्हें प्यार से ह्यमूक योद्धाह्न भी कहा जाता है। इन कुत्तों को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स केंद्र में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। क